


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़



11 केंद्र और राज्य टीम इंडिया की...

देश में कोरोना संक्रमण के 17336... 12



वर्ष : 10 | अंक : 41 | पटना, शनिवार, 25 जून 2022 | ज्येष्ठ, द्वादशी , विक्रम संवत 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03 .00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 41.0°C

न्यूनतम तापमान 30.0°C

मौसम विभाग के अनुसार आज भी गर्मी अपना पूरा असर दिखाएगी, साथ ही लू भी चल सकती हैं।

**पोल**

**परमेश्वरन अय्यर का नीति आयोग का नया सीईओ बनाना क्या सही हैं ?**

| | |
|---|---|
| हां | 80% |
| नहीं | 10% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

सोना 52,415

चांदी 60,000

सेंसेक्स 52,727

निफ्टी 15,699

# राष्ट्रपति चुनाव के लिए द्रौपदी मुर्मू ने किया नामांकन, पीएम मोदी बने प्रस्तावक

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की राष्ट्रपति चुनाव में उम्मीदवार श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा अनेक वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में संसद भवन जाकर नामांकन पत्र दायर किया। श्रीमती मुर्मू ठीक साढे बारह बजे संसद भवन में राज्यसभा महासचिव के कार्यालय पहुंची और चार सेट में राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दायर किया। इस मौके पर उनके साथ श्री मोदी के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, संसदीय कार्य मंत्री और अनेक केंद्रीय मंत्री तथा राजग के घटक दलों के नेता भी मौजूद थे। बीजू जनता दल और वाईएसआर कांग्रेस तथा कई अन्य दलों के नेता भी श्रीमती मुर्मू के नामांकन के समय उपस्थित थे। प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री सिंह और भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्यों के नाम पहले सेट में प्रस्तावक के तौर पर दर्ज हैं। नामांकन पत्र दायर करने से पहले संसद भवन स्थित पुस्तकालय भवन में पहुंची श्रीमती मुर्मू के साथ अन्य नेताओं ने नामांकन पत्र से संबंधित दस्तावेजी औपचारिकताओं को पूरा किया। यहां से सभी प्रस्तावक श्री मोदी के नेतृत्व में श्रीमती मुर्मू के साथ राज्यसभा महासचिव के कार्यालय के लिए रवाना हुए। संसद भवन परिसर पहुंचते ही श्रीमती मुर्मू ने वहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। चुनाव जीतने पर मुर्मू देश की पहली आदिवासी और दूसरी महिला राष्ट्रपति होंगी। राष्ट्रपति पद के लिए मतदान 18 जुलाई को होगा। वर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का कार्यकाल 24 जुलाई को समाप्त हो रहा है।



### सोनिया, ममता व पवार से मांगा समर्थन

- भाजपा नीति राजग की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी और एनसीपी प्रमुख शरद पवार से बात की है। बताया जा रहा है कि इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव में उनकी उम्मीदवारी के लिए विपक्षी नेताओं से समर्थन मांगा। हालांकि, इस बीच यह चर्चा हो शुरू हो गई है कि क्या द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति पद के लिए निर्विरोध ही चुन ली जाएंगी।

# महाराष्ट्र में सत्ता का संग्राम

## मैंने सीएम हाउस छोड़ा है, मुख्यमंत्री का पद नहीं : उद्धव ठाकरे

**सियासी घमासान**

- कुर्ला विधायक के ऑफिस में तोड़फोड़, शिंदे की तस्वीर पर कालिख पोती
- उद्धव समर्थकों ने शिंदे के खिलाफ जमकर नारेबाजी की साथ ही उन्हें गद्दार बताया
- सियासी संग्राम के बीच शिवसेना के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरने को तैयार

**मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र की सियासी लड़ाई आर-पार के मूड में आ गई है। मातोश्री में एक मीटिंग के दौरान शिवसेना प्रमुख उद्धव ने कहा कि ठाकरे का नाम लिए बिना ये लोग नहीं रह सकते हैं। कभी शिवसेना के लिए मरने की बात कहते थे, अब पार्टी तोड़ना चाहते हैं। मैंने सीएम हाउस छोड़ा है, मुख्यमंत्री का पद नहीं। वहीं गुवाहाटी से मुंबई के लिए निकले बागी नेता एकनाथ शिंदे शहर में 3 घंटे घूमने के बाद वापस होटल लौट आए हैं। महाराष्ट्र में सत्ता का संग्राम अब हिंसक रूप लेने लगा है। शुक्रवार को कुर्ला में शिवसेना के बागी विधायक मंगेश कुंडालकर के दफ्तर पर कुछ लोगों ने हमला किया है। उन्होंने मेन गेट पर तोड़फोड़ की है। उनके पोस्टर और नेम प्लेट तोड़े गए हैं। अहमदनगर में भी बागी विधायकों के नेता एकनाथ शिंदे की तस्वीर पर कालिख पोती गई है। यहां उद्धव समर्थकों ने शिंदे के खिलाफ जमकर नारेबाजी की साथ ही उन्हें गद्दार बताया। साकीनाका इलाके में भी बागी विधायक दिलीप लांडे के पोस्टर फाड़े गए हैं। लांडे गुरुवार को ही गुवाहाटी पहुंचे थे और शिंदे को अपना समर्थन दिया था। बागी विधायकों के समर्थकों का आरोप है कि तोड़फोड़ करने वाले ये लोग उद्धव ठाकरे के लोग हैं। तोड़फोड़ की घटना के बाद महाराष्ट्र पुलिस ने पूरे राज्य में हाई अलर्ट जारी किया है।



उद्धव सरकार अल्पमत में है। हमारे विधायकों को डराने की कोशिश की जा रही है। हमें कोई डरा नहीं सकता है। हमारे पास शिवसेना के 39 और निर्दलीय 14 विधायक हैं।

– **एकनाथ शिंदे**



कांग्रेस धोखा देती तो इतना बुरा नहीं लगता; हमारे ही लोगों ने साथ छोड़ दिया है। उद्धव जी ने कहा जो जा रहा है, जाने दो।

**आदित्य ठाकरे**

**उद्धव ने बुलाई कार्यकारिणी की बैठक**

मातोश्री में सीएम उद्धव ठाकरे और राकांपा प्रमुख शरद और अजीत पवार के बीच बैठक हुई। बताया गया है कि कोरोना के चलते उद्धव ने वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए बैठक में हिस्सा लिया। करीब दो घंटे मंथन चला। इस बैठक में संजय राउत समेत कई शिवसेना नेताओ ने भी हिस्सा लिया था। मिली जानकारी के अनुसार शिवसेना ने महाराष्ट्र में सियासी संकट के बीच शनिवार को बड़ी बैठक बुलाई है। इस बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी को उपस्थित रहने के लिए कहा गया है। बताया जा रहा है कि उद्धव ठाकरे शिंदे की बगावत के बाद कुनबे को एकजुट करने में जुटे हैं। सीएम उद्धव कोरोना के चलते इस बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिग के जरिए उपस्थित रहेंगे। सूत्रों के अनुसार, राकांपा का कहना है कि शिंदे गुट के पास बहुमत है। मामला लंबा खींचने पर महा विकास अघाड़ी सरकार को संकट हो सकता है। विधानसभा में परीक्षण तक की नौबत आ सकती है। राकांपा ने मामला बढ़ने पर हालात को स्वीकार करने के लिए कहा है।

**सड़कों पर उतरने की तैयारी में शिवसैनिक**

शिवसेना के बागी विधायकों के खिलाफ महाराष्ट्र में शिवसैनिकों का गुस्सा फूट रहा है। जारी राजनीतिक संग्राम के बीच शिवसेना के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरने को तैयार हैं। महाराष्ट्र पुलिस ने इस संबंध में सभी पुलिस स्टेशनों को हाई अलर्ट पर रहने को कहा है।

**अजय चौधरी बने विधायक दल के नेता**

महाराष्ट्र में सियासी उठापटक के बीच शिव सेना ने बागी विधायक एकनाथ शिंदे की जगह पर अजय चौधरी को विधायक दल का नेता बनाने के लिए आग्रह किया था जिसे विधानसभा उपाध्यक्ष नरहरि जिरवाल ने स्वीकार कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार श्री जिरवाल ने विधायक दल के नेता के रूप में श्री चौधरी को मान्यता दे दी है और इस संबंध में एक पत्र भी जारी किया है।

## चकाचौंध रोशनी के बीच मरीन ड्राइव पर दौड़ने लगी गाड़ियां

# मुख्यमंत्री ने गंगा पथ का किया लोकार्पण

**उद्घाटन**

- अटल पथ फेज-2, मीठापुर आरओबी का हुआ उद्घाटन

**पटना, प्रात: किरण संवाददाता**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अटल पथ फेज-2 और मरीन ड्राइव का लोकार्पण किया। इसके साथ ही चकाचौंध रोशनी के बीच मरीन ड्राइव पर गाड़ियां दौड़ने लगी। मरीन ड्राइव का निर्माण 3831 करोड़ की लागत से हुआ है। वहीं, 69.55 करोड़ की लागत से अटल पथ फेज टू का निर्माण हुआ है। इस दौरान बिहार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन,सांसद रविशंकर प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे। जेपी गंगा पथ और अटल पथ निर्माण में अपना योगदान करने वाले लोगों को मुख्यमंत्री ने सम्मानित भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जेपी गंगा पथ के साइड में लोगों के वॉक के लिए पथ तैयार किया जा रहा हैं। अटल पथ का जब निर्माण हुआ तब हमने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी के नाम पर उसका नामकरण किया था। जेपी गंगा पथ भी उसी सोच के साथ शुरू की गई थी। बहुत खुशी की बात हैं आज जेपी गंगा का उद्घाटन हुआ है। जेपी के जन्मदिन के मौके पर 11 अक्टूबर को इसकी शुरूआत की गई थी। इसकी शुरूआत से लोगों को सहुलियत होगी। इस मौके पर सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि जेपी के जन्मदिन 11अक्टूबर 2013 को हम लोगों ने इसका शिलान्यास किया है। इसकी दूरी करीब 20 किलोमीटर है। आज एक हिस्सा बनकर तैयार है। अब तो बहुत अच्छे ढ़ग से काम कर दिया है। अटल पथ कितना अच्छा काम कर रहा है। आप देख लीजिए ये कितना सुंदर लगता है। आप सब को मालूम है अब पीएमसीएच और गांधी मैदान में सुविधा हो गई है। गंगा पथ का निर्माण एक एक चीज का ध्यान रख कर किया गया है। गंगा पथ के निर्माण से उत्तर बिहार के मरीज को पटना एम्स जाने में आसानी होगी। पीएमसीएच को हम बहुत बड़ा बना रहे हैं। लोगों से आग्रह है कि सड़क पर तोड़फोड नहीं कीजिएगा। पटना सिटी में जहां-जहां खाली जगह है, वहां खुदवा रहे है। इससे बाद में टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। पटना सिटी ही पुराना पाटलिपुत्र है। जो बचा हुआ काम है, उसको हम जल्द पूरा करेंगे। सीएम नीतीश ने कहा कि पीएमसीएच को हम बहुत बड़ा बना रहे हैं। इतना बड़ा कहीं नहीं होगा। उन्होंने कहा कि 3831 करोड़ की लागत से ये निर्माण कार्य हो रहा हैं।



### राजधानीवासियों को जाम से मिलेगी निजात

- पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षी पटना गंगा ड्राइव वे परियोजना से अशोक राजपथ,दीघा राजापुर पाटिपुल मार्ग, अटल पथ, एम्स दीघा एलिवेटेड, बाइपास रोड, सोनपुर दीघी जेपी सेतु, गांधी सेतु फोरलेन और दीदारगंज फतुहा मार्ग से सीधे जुड़ सकेंगे। वहीं, अटल पथ को जेपी सेतु से जोड़ दिया गया है। अब पटना जंक्शन से जेपी सेतु तक जाने में दस से बारह मिनट में पहुंचा जा सकता है। मीठापुर आरओबी का भी उद्घाटन : वहीं सालों से अटके पड़े मीठापुर के एलीवेटेड सड़क का भी आज शुभारंभ हो गया। इस आरओबी के शुरू होने से पुनपुन –मसौढ़ी जानेवाले लोगों को काफी सहूलियत होगी। इस आरओबी का काम पांच साल से अटका पड़ा था। जिसे इस साल फिर से शुरू किया गया। पटना के गर्दनीबाग, मीठापुर मंडी और सिपारा तक आने जाने में आसानी होगी।

# संक्षिप्त खबर

### भाजपा पूरे देश को करना चाहती है हाइजैक : तेजस्वी

पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने महाराष्ट्र में राजनीतिक संकट के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी पूरे देश को हाइजैक करना चाहती है। जहां भी भी सरकार नहीं है उसे अस्थिर करने की कोशिश होती है। तेजस्वी ने कहा कि भाजपा चाहती है कि हर तरीके से जहां स्टेबल गवर्नमेंट है वहां अनस्टेबल कर दिया जाए। पूरे देश को हाईजैक करके रखने की मंशा है। जहां भी एंटी बीजेपी गवर्नमेंट होती है उसको चैन से रहने नहीं देना चाहती है बीजेपी। हर तरीके से हर ताकत से स्टेबल गवर्नमेंट को अनस्टेबल करने में लगी रहती है। अगर सरकार चलेगी तो बीजेपी की, नहीं तो नहीं चलेगी, यह तो तानाशाही है।

### रूस में विमान दुर्घटनाग्रस्त, चार की मौत

यारोस्लाव। रूस में रियाजान शहर के समीप एक सैन्य विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से चार लोगों की मौत हो गयी जबकि पांच अन्य घायल हुए हैं। क्षेत्रीय अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। क्षेत्रीय अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार रियाजान के मिखाइलोवस्कॉय रोडवे के पास विमान दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गयी है और पांच लोग घायल हुए हैं।

### मुश्किल वक्त में अफगानिस्तान की मदद को तैयार : भारत

संयुक्त राष्ट्र। अफगानिस्तान में भीषण भूकंप से मची तबाही के बीच भारत ने कहा है कि वह इस मुश्किल घड़ी में अफगानिस्तान के लोगों की मदद करने को तैयार है। अफगानिस्तान में भीषण भूकंप में करीब 1000 लोग मारे गए हैं और हजारों मकान तबाह हुए हैं, जिससे बड़ी संख्या में लोग बेघर हो गए हैं। टी.एस. तिरुमूर्ति ने अफगानिस्तान पर सुरक्षा परिषद की एक बैठक में कहा, भारत, अफगानिस्तान के लोगों के दुख को समझता है और इस मुश्किल घड़ी में सहायता प्रदान करने को तैयार है। अरिंदम बागची ने ट्वीट किया था,अफगानिस्तान के लोगों के लिए भारत की ओर से भूकंप राहत सहायता की पहली खेप काबुल पहुंच गई है।

### नौसेना ने किया शॉर्ट रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल का सफल परीक्षण

नई दिल्ली। भारत ने ओडिशा तट पर चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से शुक्रवार को वर्टिकली लॉन्च शॉर्ट रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल का सफल परीक्षण किया। मिसाइल लॉन्च करने से पहले बालासोर जिले के चांदीपुर में आईटीआर के पास करीब ढाई किलोमीटर का इलाका खाली करवाकर चार गांवों के लगभग 8,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।

# बिहार विधानमंडल में 43775 करोड़ का प्रथम अनुपूरक बजट पेश

**पटना , प्रात: किरण संवाददाता**

मानसून सत्र के पहले दिन बिहार विधानमंडल में 43775 करोड़ का प्रथम अनुपूरक बजट पेश हुआ। विधान सभा में प्रभारी वित्त मंत्री मंगल पांडेय व विधान परिषद में प्रभारी मंत्री अशोक चौधरी ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय व्ययक से संबंधित प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी को पेश किया। 2022-23 में प्रस्तावित राशि 43,775.2315 करोड़ है। जिसमें वार्षिक स्कीम मद में 25,765.9789 करोड़ रू है। स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मद में 17,954.7428 करोड़ रुपए एवं केंद्रीय क्षेत्र स्कीम मद में 54,5098 करोड़ रुपए है। इसके अलावा राज्यपाल द्वारा अनुमोदित 11 विधेयकों को विस के सदन पटल पर रखा गया। उनमें बिहार विनियोग विधेयक 2022 शामिल है। इसके अलावे बिहार विनियोग (2) विधेयक 2022,बिहार कराधान विधि (समय-सीमा प्रावधानों का शिथिलिकरण) विधेयक 2022, बिहार शहरी आयोजना तथा विकास (संशोधन) विधेयक 2022, बिहार कृषि विवि (संशोधन) विधेयक 2022, बिहार राज्य विवि सेवा आयोग (संशोधन) विधेयक 2022, बिहार पुलिस (संशोधन) विधेयक 2022, बिहार राजकोषीय उत्तर दायित्व एवं बजट प्रबंधन (संशोधन विधेयक 2022, बिहार नगर पालिका (संशोधन) विधेयक 2022, बिहार मद्य निषेध और उत्पाद (संशोधन) विधेयक 2022 और बिहार निजी विवि (संशोधन) विधेयक 2021 शामिल है।



### सिन्हा का समर्थन करेगी सपा

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) ने कहा है कि वह आगामी राष्ट्रपति चुनाव में पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा का समर्थन करेगी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को पार्टी के सभी सांसदों और विधायकों की बैठक बुलाई और उनसे फॉर्म पर हस्ताक्षर करवाकर शीर्ष पद के लिए सिन्हा का नाम प्रस्तावित किया। अखिलेश यादव ने अपनी पार्टी के नेताओं को भी चेतावनी दी कि वे खासकर महाराष्ट्र के घटनाक्रम को देखते हुए उन प्रयासों से सावधान रहें जो विपक्षी एकता को तोड़ने के लिए किए जा सकते हैं। पार्टी प्रवक्ता ने कहा कि चूंकि यशवंत सिन्हा संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार हैं, इसलिए सपा के सभी सांसद और विधायक सर्वसम्मति से उनका समर्थन करेंगे। अखिलेश यादव ने पिछले महीने पहले ही घोषणा कर दी थी कि उनकी पार्टी उस उम्मीदवार का समर्थन करेगी जिसका नाम पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा अंतिम रूप दिया जाएगा।

# शोक प्रकाश के साथ सदन की कार्यवाही स्थगित

**पटना , प्रात: किरण संवाददाता**

बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों में मानसून सत्र के पहले दिन शुक्रवार को शोक प्रकाश पढ़ा गया। इसके बाद विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा व विधान परिषद में कार्यकारी सभापति अवधेश नारायण सिंह ने प्रारंभिक संबोधन के दौरान सभी सदस्यों से सदन के संचालन में अपेक्षित सहयोग की अपील की। दोनों सदनों में शोक प्रकाश के साथ दिवंगत लोगों की श्रद्धांजलि दी गई। इसके साथ ही विस व विप की कार्यवाही सोमवार दोपहर तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधान सभा में विस अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा एवं विधान परिषद में कार्यकारी सभापति को पुष्प गुच्छ भेंट की।

## मानसून सत्र के लिए कार्यमंत्रणा समिति गठित

**पटना , प्रात: किरण संवाददाता**

विस अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा ने पष्ठम सत्र के लिए कार्यमंत्रणा समिति गठित की है। समिति के अध्यक्ष खुद विस अध्यक्ष होंगे, जबकि सदस्य के तौर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद व रेणु देवी, मंत्री विजय कुमार चौधरी व श्रवण कुमार, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव व कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता अजीत शर्मा को शामिल किया गया है। वहीं विशेष आमंत्रित सदस्यों में जीतन राम मांझी, महबूब आलम, अख्तरूल ईमान, रामरतन सिंह, अजय कुमार व स्वर्णा सिंह को शामिल किया गया है।



# झूठ लाख कोशिशे करे,जीत सत्य की होती है : नित्यानंद

**पटना , प्रात: किरण संवाददाता**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज एक वैश्विक नेता के तौर पर भारत का गौरव ऊंचा कर रहे हैं। दुनिया भारत नेतृत्व को स्वीकार रही है। जबकि कांग्रेस और उसके नेताओं द्वारा बार-बार मोदी जी के प्रति दुर्भावना के साथ साजिशपूर्ण आरोप लगाए गए और बार-बार उनका झूठ बेपर्दा हुआ। आज फिर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय में कांग्रेस का झूठ जगजाहिर हुआ है। गुजरात दंगों के मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित एसआईटी द्वारा पहले ही क्लीन चिट दी गयी थी। आज उस क्लीन चिट को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भी सही ठहराया गया है। प्रधानमंत्री जी को एसआईटी से मिली क्लीन चिट के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण याचिका को खारिज करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में एसआईटी द्वारा मोदी जी को क्लीन चिट देने वाली रिपोर्ट को सही माना है। श्री राय ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के साथ देश के गरीबों का आशीर्वाद है। देश का समर्थन उनके साथ है। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय के बाद अब दुर्भावना रखने वालों की हर अनैतिक कोशिश बेनाकाब हुई है। झूठ एकबार फिर हार चुका है और सत्य आज भी उसी तरह बेदाग चमक रहा है।



### राष्ट्रपति पद के लिए यशवंत सिन्हा को जेड श्रेणी की सुरक्षा



नई दिल्ली/ लखनऊ। केन्द्र सरकार ने राष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कमांडो की जेड श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। केन्द्रीय गृह मंत्रालय की ओर से सीआरपीएफ की वीआईपी सुरक्षा शाखा को सिन्हा (84) की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश मिलने के बाद दस्ते ने सिन्हा की सुरक्षा का जिम्मा संभाल लिया है। अधिकारियों ने कहा कि सिन्हा जब भी देश में कहीं आएंगे-जाएंगे, आठ से दस सशस्त्र जवान उनकी सुरक्षा करेंगे।

**विकास** | सल्पाई चेन व लॉजिस्टिक्स सेक्टर में भी अपार संभावनाएं

# निवेश के लिए बिहार बन गया है बेहतरीन डेस्टिनेशन: शाहनवाज

**पटना , प्रात: किरण संवाददाता**

औद्योगिकीकरण की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे बिहार में निवेश के लिए नए नए सेक्टर तैयार हो रहे हैं। सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में भी निवेश के लिए बिहार बेहतरीन डेस्टिनेशन बन गया है। बिहार में बढ़ते उद्योग और इसके आसपास के राज्यों और पड़ोसी देशों को मिलाकर करीब 55 करोड़ की आबादी के बड़े बाजार का फायदा बिहार में निवेश करने वालों को मिल रहा है। इसलिए बिहार में सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में निवेश फायदे का सौदा है। उक्त बातें बिहार के उद्योग मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने दिल्ली में आयोजित सप्लाई चैन मैनेजमेंट और लागेस्टिक सम्मीट 2022 में कही और सम्मिट में शामिल देश की बड़ी सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स कंपनियों के प्रतिधिनियों से बिहार में इस सेक्टर में निवेश की अपील की। श्री हुसैन ने कहा कि बिहार कनेक्टिविटी के मामले में अब देश के किसी हिस्से से कमतर नहीं है। उन्होंने कहा कि यहां बेहतरीन सड़कों का जाल बिछ चुका है। हवाई, रेल और वाटरवेज कनेक्टिविटी भी बिहार के औद्योगिकीकरण के लिए मददगार साबित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक महाशक्ति बनने की राह में तेजी से आगे बढ़ रहे देश की आज सबसे बड़ी जरुरत है कि लॉजिस्टिक्स कॉस्ट को कम रखते हुए सप्लाई चेन सिस्टम की इफिसिएनसी बेहतरीन की जाए। देश का लक्ष्य 2025 तक 5 ट्रीलीयन डॉलर इकॉनोमी को हासिल करना है और इसके लिए बेहतरीन सप्लाई चैन इकोसिस्टम पूरे देश में जरुरी है। श्री हुसैन ने कहा कि उनका खास फोकस बिहार को लेकर है जो इस वक्त उद्योग और इससे जुड़े सभी सेक्टर के लिए बेशुमार संभावनाओं का प्रदेश है। कई महीनों की व्यापक चर्चा के बाद जो राज्य सरकार ने बिहार टेक्सटाइल एण्ड लेदर पॉलिसी 2022 बनाई है, वो सूक्ष्म, लघु, मध्यम, और बड़े उद्योगों की एक विशाल श्रृंखला को बढ़ावा देगी और घरेलू और विदेशी निवेश को भी आकर्षित करेगी। उन्होंने कहा कि हाल ही में राज्य सरकार ने बिहार स्टार्ट अप पॉलिसी 2022 को भी मंजूरी दी है। जल्द ही ये लांच होगा। कुल मिलाकर बिहार में अनुकूल माहौल बनने से राज्य धीरे-धीरे नहीं बल्कि बेहद तेज रफ्तार से औद्योगिकरण के नए युग की ओर बढ़ रहा है और इसमें सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स सेक्टर की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका और भागीदारी जरुरी है।



# समग्र विकास हेतु विभागवार योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक

मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में नगर निगम, मधुबनी के आधारभूत संरचना एवं समग्र विकास हेतु विभागवार योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में की गई। जिलाधिकारी ने नगर निगम मधुबनी के क्षेत्राधीन संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की व्यापक समीक्षा किया एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने नए बस पड़ाव की सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु चयनित स्थल के लिए विभागीय अनुमति प्राप्त करने के निर्देश दिए। नगरीय क्षेत्र में फुटकर विक्रेताओं के हित में वेंडिंग जोन के निर्माण के लिए भी निर्देश दिए और कहा कि चनित स्थलों पर वेंडर जोन एवं नो वेंडर जोन के साइन बोर्ड भी लगाए एवम पूरी सख्ती से इसका अनुपालन सुनिश्चित करवाये। जिलाधिकारी ने नगर निगम को पूर्ण रूप से अतिक्रमण मुक्त किए जाने का संकल्प जाहिर करते हुए उन जगहों पर अतिक्रमण मुक्ति अभियान चलाए



जाने के निर्देश दिए हैं, जिसे अभी तक अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया जा सका है। उन्होंने अतिक्रमण मुक्ति अभियान के बाद पुनः उस स्थल को अतिक्रमित किए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने ऐसे लोगों से जुमार्ना राशि वसूलने और उनके सामान को जब्त करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए अधिकारियों को निरंतर निगरानी करने को कहा गया है। इतना ही नहीं, उन्होंने बीच सड़क पर ईट, बालू, गिट्टी या अन्य निजी वस्तुओं को रखने वाले लोगों से भी जुमार्ना राशि वसूलने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सड़क पर अव्यवस्थित पार्किंग से रोज लगने वाले जाम को देखते हुए पदाधिकारियों को इसके खिलाफ मुहिम चलाने और कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नगर निगम क्षेत्र में सड़कों पर बने गड्ढे से आमजनों को हो रही परेशानियों का भी जिक्र किया और संबंधित अधिकारियों को नगर भ्रमण कर उसे तत्काल दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी द्वारा बरसात के दिनों में नगर निगम में बने नालों की साफ सफाई और नाला निर्माण की भी समीक्षा की गई। उन्होंने जल्द से जल्द शेष बचे कार्य को पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में जल जमाव को रोकना जिला

**निर्देश**

- बीच सड़क पर ईट, बालू, गिट्टी आदि रखने वालो से जुमार्ना वसूलने का निर्देश
- पूरी सख्ती के साथ लगातार चलेगा अतिक्रमण अभियान

प्रशासन की प्राथमिकता है। ऐसे में सभी संबंधित अधिकारी तत्पर होकर इसका निदान करें।

उन्होंने नगर निगम के अंतर्गत खराब पड़े चापाकलों की मरम्मती की जानकारी भी ली और भीड़-भाड़ वाले जगहों के पास मूत्रालयों के निर्माण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा सार्वजनिक मूत्रालयों के निर्माण से स्वच्छता के विचार को बढ़ाया जा सकेगा। जिलाधिकारी ने नगर निगम मधुबनी से सटे सड़क के निर्माण के संबंध में बरती गई लापरवाही पर गहरी नाराजगी व्यक्त की और इसके लिए जिम्मेवार अभियंता पर प्रपत्र क गठित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्य नगर निगम के आंतरिक संसाधन से जनहित में कार्य करने का एक उदाहरण प्रस्तुत कर सकता है, परंतु इसमें अनावश्यक विलंब किया जा रहा है, जिसे स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने नगर निगम क्षेत्र में वर्षाजल के समुचित निस्तारण के लिए सोख्ता निर्माण को भी पायलट प्रोजेक्ट के रूप में निर्माण करने पर बल दिया, ताकि अनावश्यक जल जमाव से निजात मिल सके और भूगर्भीय जल का स्तर भी बना रह सके। जिलाधिकारी द्वारा नगर निगम क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट और हाई मास्ट टावर लाइट की स्थिति की भी समीक्षा की गई। उन्होंने विभिन्न जगहों पर लगाए गए हाई मास्ट टावर लाइट को दुरुस्त करवाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त नगर निगम क्षेत्र में चिल्ड्रंस पार्क की स्थापना, गोशाला समिति का संचालन, ट्रेंचिग ग्राउंड, सम्राट अशोक भवन के निर्माण, गर्ल्स मेनन हाई स्कूल के पुनरुद्धार सहित नगर निगम के विभिन्न जगहों पर यातायात नियंत्रण और अपराध नियंत्रण के दृष्टिकोण से सीसीटीवी लगाए जाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने के निर्देश दिए हैं।

## मंत्री संजय कुमार झा अपने दो दिवसीय परिभ्रमण कार्यक्रम के तहत मधुबनी पहुचेंगे



मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता

10:30 बजे पूर्वाह्न में मधुबनी जिले के झंझारपुर रेलवे स्टेशन पर आगमन एवं कमला बलान बायां तटबंध के 51.00 कि॰मी॰ झंझारपुर में कमला बलान नदी पर निर्मित पुरानी रेल पुल का भेंट सफाई एवं पुल के यू॰/एस॰ एवं डी॰/एस॰ में नदी तल से गाद सफाई कार्य का निरीक्षण। 11:15 बजू पूर्वाह्न पिपराघाट (मधुबनी) आगमन एवं कमला बलान बायां तटबंध के कि॰मी॰ 49.50 पर पिपराघाट के निकट कटाव निरोधक कार्य एवं शीट पाईल कार्य का लोकार्पण। 1:30 बजे अपराह्न मोहना आगमन। 2:00 बजे अपराह्न मोहना से रामनगर भूतही बलान (मधुबनी) के लिए प्रस्थान। 2:45 बजे अपराह्न रामनगर भूतही बलान आगमन एवं भूतही बलान बायां तटबंध के 25.00 कि॰मी॰ (रामनगर) से 31.61 कि॰मी॰ (घोघरडीहा, निर्मली लिंक रोड) तक तटबंध के शीर्ष पर जीएसबी कार्य का कायारंभ एवं जनसंबोधन। 3:45 बजे अपराह्न रामनगर भूतही बलान (मधुबनी) से हनुमान नगर (भूतही बलान) के लिए प्रस्थान। 4:15 बजे अपराह्न हनुमान नगर (भूतही बलान) आगमन एवं फुलपरास एवं खुटौना प्रखण्ड अंतर्गत भूतही बलान नदी के दायां एवं बायां तटबंध पर रामपुर, खड़बड़िया, महथौर, झंझरी, नवटोल, टेंगरार एवं हनुमान नगर ग्राम के निकट कटाव निरोधक कार्य का लोकार्पण किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### कोसी नहर में चार पहिया वाहन पलटी पाँच जख्मी

मधुबनी। मधुबनी जिले के कलुआही से खजौली जाने वाली सरक में कलुआही प्रखंड के करमौली गांव कोसी नहर के पुला में गुरुवार की रात्रि करीव एक बजे एक चार पहिया वाहन के पलट जाने से पांच व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सभी जख्मियों को इलाज के लिए पीएचसी कलुआही लाया गया। पीएसपी कलुआही के चिकित्सक डॉ० योगेश कुमार ने बताया की रोशनी प्रवीण 50 वर्ष, मो० फैयाज 55 वर्ष, सहनज वेगम, जिनतारा एवं सैफुल इस्लाम जख्मी था। ये सभी साक ीन एवं थाना अंधरा ठाढ़ी का रहने बाला है। उन्होंने बताया कि सभी जख्मियों को बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल मधुबनी भेज दिया गया। रोशनी प्रवीण एवं सैफुल इस्लाम गंभीर रूप से जख्मी था। बताया जाता है कि यह सभी व्यक्ति एक ही परिवार का था अंधरा ठाढ़ी से मलमल शादी विवाह के लिए रिश्तेदारी करने के लिए आया था और यहां से रात्रि 1 बजे वापस अंधराठाढ़ी जा रहे थे। इसी क्रम में यह घटना घटी।

### प्रो० युगेश्वर झा के जन्मदिन पर संकल्प सभा का हुआ आयोजन

मधुबनी। मधुबनी जिले के बेनीपट्टी प्रखण्ड अंतर्गत इंद्रा चौक के समीप कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने सैकड़ों की तादाद में पार्टी कार्यालय में पहुँच कर प्रो० युगेश्वर झा का जन्म दिन मनाया। जहाँ सर्वप्रथम कांग्रेस अध्यक्ष कौशल किशोर चौधरी ने उपस्थित कार्यक्रताओं के साथ मिलकर प्रो० युगेश्वर झा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको याद किया। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

### अररिया संग्राम थाना के ओपी अध्यक्ष बनाये गये एसआई बलवन्त कुमार

मधुबनी। पुलिस अधीक्षक मधुबनी के आदेश के आलोक में बेनीपट्टी थाना में तैनात एसआई बलवन्त कुमार का स्थानांतरण अररिया संग्राम ओपी अध्यक्ष के रूप में किया गया है। तत्कालीन ओपी अध्यक्ष अररिया संग्राम के एसआई रामचन्द्र प्रसाद का स्थानांतरण बेनीपट्टी थाना में अनुसंधानक के रूप में किया गया है। बेनीपट्टी में तैनात एसआई बलवन्त कुमार तेज तर्रार और साफ छवि के लिए जाने जाते रहे हैं।

### दो दिनों में जीवन प्रमाणीकरण का कार्य पूर्ण करने का निदेश

मधुबनी। मधुबनी जिले के खजौली प्रखंड कार्यालय के सभागार में बीडीओ मनीष कुमार ने शुक्रवार को प्रखंड के विकास मित्रों के साथ एक समीक्षात्मक बैठक की। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी विकास मित्रों से विभिन्न पेंशन योजना से जुड़े लाभुकों के जीवन प्रमाणीकरण का कार्य दो दिनों में पूर्ण करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रखंड को कुल 2482 पेंशन के लाभुकों के जीवन प्रमाणीकरण का लक्ष्य मिला है। इस आलोक में अबतक विभिन्न पंचायत के 529 मृत लाभुकों को चिन्हित किया गया है तथा कुल 513 लाभुकों का सत्यापन विकास मित्रों के द्वारा किया गया है। हालांकि सत्यापन कार्य की मंथर गति पर उन्होने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने पेंशन योजना के लाभुकों के जीवन प्रमाणीकरण कार्य में तेजी लाने का निदेश दिया। बैठक में सभी विकास मित्र उपस्थित थे।

## एसडीएम की अगुवाई में चलाया नगर प्रशासन अभियान



मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के घोघरडीहा नगर क्षेत्रान्तर्गत बाजार के मुख्य सड़क की दोनों तरफ हुए अतिक्रमण के विरुद्ध शुक्रवार को फुलपरास के एसडीएम की अगुवाई में नगर प्रशासन अभियान चलाकर सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण को खाली कराया। मौके पर एसडीएम अभिषेक कुमार स्वयं खड़े होकर जेसीबी और पुलिस बल की मदद से अतिक्रमण खाली कराया। सुबह से शाम तक जेसीबी की गड़गड़ाहट से अतिक्रमणकारियो के चेहरे पर खौफ दिखाई दे रहा था। अभियान में शामिल जेसीबी को देख लोग खुद ही अपने दुकान के आगे लगा टीन शेड व एंगल हटाने लगे। हालांकि प्रशासन के सख्त निर्देश पर अतिक्रमण हटाओ अभियान के पूर्व ही कई अतिक्रमणकारियों ने अपने दुकान के सामने से अतिक्रमण हटा लिया था। एसडीएम ने कहा कि अतिक्रमण अभियान में किसी के साथ कोई पूर्वाग्रह से कार्रवाई नहीं कि जाएगी। आगे अतिक्रमण न हो इसकी चेतावनी दी गई, कि अगर कोई दुकानदार फिर से अतिक्रमण करता है तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**मधुबनी।** मधुबनी जिले के खुटौना पुलिस ने शराब के साथ एक साथ चार शराबियों को पकड़ा है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवर को संध्या गश्ती पर निकले पुलिस बल को प्रखंड मुख्यालय के पास बने पानी टंकी के समीप मजमा लगा कर कई लोगों को शराब पीने की जानकारी मिली। लिहाजा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उस स्थल को चारों ओर से घेरा और एक के बाद एक चार शराबियों को पकड़ा, जिसमें कई लोग भागने में सफल भी हो गए। बता दें कि घटनास्थल से पुलिस ने रंगे हाथों शराब पीते हुए 30 एमएल के पैक में तीन लीटर शराब भी बरामद किया। पकड़े गए सभी शराबियों को खुटौना सीएहसी में मेडिकल जांच हेतु लाया गया, जहां जांच में ज्यादा मात्रा में अल्कोहल लेने की पुष्टि हुई। पुष्टि होती ही उन लोगों से पूछताछ शुरू की गई, जिसमें वे लोग अपना अपना नाम राम लखन सदाय तथा भोला सदाय दोनों ललमनिया थाना क्षेत्र के गढ़िया तथा सुरेंद्र यादव संतनगर एवं संतोष पासवान खुटौना का रहने वाला बताया है। जिन्हें कांड संख्या-99/22 के तहत मामला दर्ज करते हुए उक्त सभी को जेल भेज दिया गया है।

## पोलियो खुराक पिलाने से किया इंकार, चिकित्सा अधिकारी के समझाने के बाद पिलाया गया खुराक

मधेपुरा, प्रात : किरण संवाददाता

एक ओर जहाँ दुनियां कोविड 19 जैसी वैश्विक महामारी से जूझ रही है और टीकाकरण पर निगाहें टिकी हुई हैं वहीं दूसरी ओर आज भी लोग पोलियो की दवा पिलाने से बच रहे हैं। ऐसा ही मामला चौसा प्रखंड मुख्यालय स्थित चौसा बाजार में सामने आया। जहां एक परिवार ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलवाने से इनकार कर दिया। इस पर टीम ने चिकित्सा पदाधिकारी चौसा को अवगत कराया।

सूचना मिलते ही प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ज्ञानरंजन कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक मो शहनवाज, सामाजिक शैक्षणिक कल्याण संघ के सचिव सह साहित्यकार संजय कुमार सुमन, चौसा पश्चिमी मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव, एक्स रे टेक्नीशियन नवनीत कुमार, प्रखंड स्वास्थ्य प्रशिक्षक गोपाल सिंह तुरंत मौके पर पहुंचकर कैलाश गुप्ता एवं उनके पुत्र लालू गुप्ता को समझाया, तब जाकर वह पोलियो की दवा पिलाने के लिए



तैयार हुए। वर्तमान में पोलियो के समूल नाश के लिए दो बूंद जिंदगी की अभियान के तहत घर-घर जाकर जन्म से पांच साल तक के बच्चों को पोलियो की ड्राप पिलाई जा रही है। आज गुरुवार को पोलियो की दवा पिलाने के लिए टीम चौसा बाजार पहुंची। यहां अभियान के दौरान कैलाश गुप्ता ने बच्चों को दवा पिलाने से इनकार कर दिया।कैलाश गुप्ता का कहना था कि पिछले बार मेरी गर्भवती पुत्रवधु को कोरोना का वैक्सीन दिया गया।जिसके कारण वो गम्भीर रूप से बीमार हो गई। जब इसकी जानकारी चौसा अस्पताल को दी गई तो किसी ने कोई बात नही समझी। अंत में मुझे निजी अस्पताल में इलाज कराना पड़ा और लाखों रुपये खर्ज करने पड़े। यदि बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई और उसे कुछ हो गया तो इसकी जवाबदेही कौन लेगा। दवा नहीं पिलाने पर वर्करों ने इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। जानकारी पर पहुंचे प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ज्ञानरंजन, मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव एवं साहित्यकार संजय कुमार सुमनने परिवार के लोगों को समझाया। इसके बाद अभिभावक मान गए और बच्चों को दवा पिलवाई। उल्लेखनीय है आज गुरुवार को सघन पल्स पोलियो अभियान के दूसरे चरण में टीम द्वारा छूटे एवं मना करने वाले बच्चों को घर-घर जाकर दवा पिलाई जा रही है।

## मानदेय भत्ता भुगतान नही तो वार्ड सदस्य करेंगे आंदोलन

मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के अंधराठाढ़ी में मानदेय भत्ता नही मिलने से वार्ड सदस्य आक्रोशित हैं। एक सप्ताह के अंदर मानदेय का भुगतान नही होने पर वे लोग आंदोलन करेंगे। इस आशय की जानकारी प्रखण्ड वार्ड सदस्य महासंघ के पदाधिकारियों ने दी।

बताते चलें कि महासंघ के कई पदाधिकारी शुक्रवार को मानदेय भत्ता भुगतान आदि की टोह लेने के साथ अन्य कार्यों से भी प्रखण्ड विकास सह अंचल कार्यालय आये थे। भत्ता भुगतान की स्थिति नही देख कर वे लोग बिफर गए और आक्रोशित होकर परिसर में ही नारेवाजी करने लगे थे। प्रखण्ड वार्ड सदस्य महासंघ के अध्यक्ष मोङ्क आलम अंसारी ने बताया कि वार्ड सदस्यों का आक्रोश वाजिव है। मासिक मानदेय भत्ता की राशि अत्यल्प है। समय पर



उसका भुगतान नही किया जाता है। इस मामले में प्रशासनिक संवेदनहीनता काबिले गौर है।मात्र चालू पंचवर्षीय का ही नही पिछले पंचवर्षीय के 13 महीनों का मानदेय राशि दो वर्षों से जिला में अटकी हुई है। अधिकांश वार्ड सदस्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से हैं। निर्धारित मानदेय भत्ता समय पर नही मिलने से वार्ड सदस्यों को पंचायत सम्बन्धी दायित्व के निर्वहन में दिक्कत होती है। महासंघ के कोषाध्यक्ष दिनेश ठाकुर ने बताया कि जबकि पंचायत समिति और कहचरी पंच का मानदेय भुगतान कर दिया गया है। वार्ड सदस्य का अभी तक मानदेय भत्ता भुगतान नहीं किया गया है। संघ के सचिव विश्वंभर प्रसाद यादव का कहना था किअगरचे एक सप्ताह के अंदर मानदेय का भुगतान नहीं किया जाता है, वे लोग धरना प्रदर्शन शुरू करेंगे। पूछने पर बीडीओ रामनाथ कुमार ने बताया कि अब इन लोगों का भुगतान जिला से होगा।

### पुलिस के डर से शराब से भरा कार छोर कारोबारी हुआ फरार

**मधुबनी।** मधुबनी जिले के बेनीपट्टी थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के बसैठ चेक पोस्ट के निकट कारवाई करते हुए एक कार समेत 1050 बोतल नेपाली देशी शराब बरामद किया है। एएलटीएफ अनुमंडल प्रभारी बेनीपट्टी, शेष नाथ प्रसाद को गुप्त सूचना मिली थी कि नेपाल के रास्ते साहरघाट के तरफ से एक सफेद रंग की अल्टो कार से शराब की बड़ी खेप लाई जा रही है। सूचना पर कारवाई करते हुए एएलटीएफ अनुमंडल प्रभारी शेष नाथ प्रसाद,व एएसआई संजीत कुमार ने पुलिस बल के साथ बसैठ चेक पोस्ट के पास सड़क पर नजर गराना तेज कर दिया। तभी दूर से एक कार बसैठ के तरफ आता दिखाई दिया, कार चालक ने जब दूर से पुलिस को देखा, तो सड़क पर ही कार खड़ी कर भागने लगा। पुलिस ने काफी पीछा किया, लेकिन कार चालक और आगे की सीट पर बैठा एक शराब धंधेबाज भागने में सफल हो गया। इस सम्बंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना अध्यक्ष सीताराम प्रसाद ने बताया कि उक्त धंधेबाज के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## पुलिस ने ढोल बजवाकर फरार अपराधी के घर चिपकाया इश्तेहार

मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के खुटौना पुलिस ने थाना क्षेत्र के प्रयागपुर और कुसमार गांव के विभिन्न जगहों पर फरार वारंटीयों के घर पर ढोल बजवाकर इश्तेहार चिपकाया।

यहां बताना आवश्यक होगा कि थाना क्षेत्र के एक गांव के मोहम्मद परवेज तथा मोहम्मद रियाज ने गांव के ही एक लड़की का अपहरण कर जबरन दुष्कर्म किया था। एसीजेएम झंझारपुर द्वारा निर्गत सम्मन के बावजूद भी उक्त दोनों आरोपी तकरीबन दो सालों से फरार चल रहा था। माननीय न्यायालय ने कानून को सख्ती से पालन करवाने के लिए स्थानीय थाना को तीस दिनों के मोहल्लत पर न्यायालय में हाजिर होने का इश्तिहार भेजा, तथापि माननीय न्यायालय के आदेश को पालन करते हुए थानाध्यक्ष धनंजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस वालों ने थाना क्षेत्र के एक के



बाद एक पांच फरार वारंटीयों के घर पर पूरे गांव में ढोल बजवाया और स्थानीय लोगों की जानकारी में उनके घर पर इश्तेहार चिपकाया। थाना अध्यक्ष श्री कुमार ने स्वयं ध्वनि विस्तारक यंत्र से 30 दिनों का अल्टीमेटम देते हुए कहा की समयावधि के अंदर अगर आरोपी हाजिर नहीं होते हैं, तो उन लोगों की चल और अचल संपत्ति को कुर्क करते हुए उनके घर पर बुलडोजर भी चलाया जाएगा। इसी तरह थाना क्षेत्र के कुसमार गांव में बीते दो महीना पहले एक बारात में दरवाजे पर लड़की के परीक्षण के समय ही गोली चलने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जिसकी पहचान 45 वर्षीय ललन शर्मा जो पंडौल थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव का रहने वाला बताया गया था।

मृतक कुसमार निवासी बालकृष्ण के यहां रह कर बढ़ई का काम करता था। बता दें कि आवेदक बालकृष्ण ने उस घटना में ललन शाह, अरविंद यादव तथा जितेंद्र यादव समेत अन्य लोगों को नामजद किया था।

## भुगतान से वंचित लाभुकों का होगा भुगतान



मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के खजौली, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत शौचालय का निर्माण कर अनुदान की राशि से वंचित लोगों के अनुदान राशि का भुगतान होगा। इस बाबत बीडीओ मनीष कुमार ने शुक्रवार को जीविका से जुड़े कर्मियों के साथ शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में एक आवश्यक बैठक की। इस अवसर उन्होंने कहा कि जीविका से संबद्ध जो भी लाभुक शौचालय का निर्माण करवा चुके हैं और वे शौचालय का उपयोग कर रहे हैं, किन्तु किसी कारण वश उन्हें प्रोत्साहन राशि नहीं मिल पाया है तो, ऐसे लाभुकों का सत्यापन उपरान्त प्रोत्साहन राशि का भुगतान होगा। इस हेतु जीविका के कर्मी के माध्यम से ही ऐसे लाभुकों की पहचान एवं उसका सत्यापन करवाया जाएगा। बैठक में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के प्रखंड समन्वयक राजीव रंजन, जीविका के बीपीएम रोहित सेन गुप्ता सहित जीविका के कर्मी उपस्थित थे।

## आशा के सर्वे का सिविल सर्जन ने किया मूल्यांकन

मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता

स्वास्थ्य विभाग लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है, साथ ही वांछित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं इसी कड़ी में शुक्रवार को सिविल सर्जन डॉ० सुनील कुमार रहिका प्रखंड स्थित वीएचएसएनडी साइड का निरीक्षण किया तथा उपस्थित आशा तथा आशा फैसीलेटर के द्वारा किए गए सर्वे कार्य का मूल्यांकन किया इस दरमियान उन्होंने उपलब्ध कराए जा रहे सभी सुविधाओं का बारीकी से जांच किया, जिसके तहत सत्र स्थल पर आने वाली गर्भवती माताओं, धात्री माताओं के प्रसव पूर्व जांच, आयरन फोलिक की टेबलेट वितरण, परिवार नियोजन के अस्थाई साधन, स्थाई साधनों के लिए पंजीयन, कोविड टीकाकरण, नवजात शिशुओं को प्रदान की जाने वाली आशा द्वारा की जाने वाली गृह आधारित नवजात देखभाल के लिस्ट का जांच किया तथा लाभार्थी



के घर पहुंच रिपोर्ट का सत्यापन किया।

स्थल पर उपस्थित महिलाओं से उन्होंने संस्थागत प्रसव के बारे में जानकारी दी तथा किसी भी उच्च जोखिम वाले प्रसव के लिए सदर अस्पताल में बेहतर सुविधा (सिजेरियन प्रसव) की सुविधा आदि के बारे में जानकारी दी। क्या है गृह आधारित नवजात देखभालः सिविल सर्जन डॉ० सुनील कुमार झा ने बताया नवजात को बेहतर देखभाल की जरूरत होती है। शिशु जन्म के शुरूआती 42 दिन अधिक महत्वपूर्ण होते हैं। इस दौरान उचित देखभाल के अभाव में शिशु के मृत्यु की संभावना अधिक होती है। इसको ध्यान में रखते हुए होम बेस्ड न्यू बोर्न केयर (एचबीएनसी) यानि गृह आधारित नवजात देखभाल कार्यक्रम की शुरूआत की गयी है। इस कार्यक्रम के तहत संस्थागत प्रसव एवं गृह प्रसव दोनों स्थितियों में आशा लाभार्थी के घर जाकर 42 दिनों तक नवजात की देखभाल करती हैं। एचबीएनसी कार्यक्रम के तहत आशाएं संस्थागत एवं गृह प्रसव दोनों स्थितियों में गृह भ्रमण कर नवजात शिशु की देखभाल करती हैं। संस्थागत प्रसव की स्थिति में 6 बार गृह भ्रमण करती हैं( जन्म के 3, 7,14, 21, 28 एवं 42 वें दिवस पर)। गृह प्रसव की स्थिति

**जानकारी**

- गृह आधारित नवजात देखभाल का किया सत्यापन
- संस्थागत प्रसव, परिवार नियोजन, टीकाकरण सहित कई बिंदुओं पर किया जाँच

में 7 बार ( जन्म के 1, 3, 7,14, 21, 28 एवं 42 वें दिवस पर) गृह भ्रमण करती हैं।

क्या है वीएचएसएनडीः वीएचएसएनडी (ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस) स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुधवार और शुक्रवार को लोगों को उपचारात्मक सेवाओं के प्रावधान के लिए प्लेटफार्म प्रदान करने का कार्य करता है, जहां परामर्श एवं व्यवहार परिवर्तन के लिए जागरूकता उत्पन्न करने के लिए एक मंच होने के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के तहत टीकाकरण प्रसव पूर्व जांच, पोषण वृद्धि निगरानी, एवं शिशु विकास संबंधी सेवाएं प्रदान किया जाता है।

## पंचायत सचिव के साथ बीडीओ ने की नल-जल योजना की समीक्षा



मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के खजौली में नल-जल योजना की समीक्षा को लेकर बीडीओ मनीष कुमार ने शुक्रवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में प्रखंड के पंचायत सचिवों के साथ एक आवश्यक बैठक की। इस दौरान उन्होंने पंचायत वार सभी पंचायत सचिवों से नल-जल योजना के माध्यम से विभिन्न वार्डों में की जा रही जलापूर्ति की जानकारी ली। उन्होंने जलापूर्ति बाधित होने के कारणों को जाना। वहीं वार्ड सचिव का चयन एवं पुराने वार्ड सदस्यों द्वारा नए वार्ड सदस्यों को दिए गए प्रभार के संबंध में भी सभी पंचायत सचिवों से जानकारी ली। कई पंचायतों में बड़ी संख्या में पुराने वार्ड सदस्यों द्वारा नए निर्वाचित वार्ड सदस्य को प्रभार नहीं सौंपे जाने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि प्रभार नहीं सौंपने वाले पुराने वार्ड सदस्यों पर कार्रवाई होगी। बैठक के दौरान पंचायत सचिवों से उन्होंने अन्य विकासात्मक योजनाओं की भी जानकारी ली।

## संक्षिप्त खबरें

### उपमुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति पद के लिए एनडीए प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार मुलाकात की



पटना। उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद राष्ट्रपति पद के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू के दिल्ली में नामांकन के दौरान शामिल हुए। इसके पूर्व उपमुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति पद की एनडीए प्रत्याशी श्रीमती मुर्मू से शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि द्रौपदी मुर्मू आदिवासी समाज से आने वाली भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति होंगी। उन्होंने कहा कि श्रीमती मुर्मू की जीत सुनिश्चित है। उनके नेतृत्व में देश नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा तथा सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।

### हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा विधायक दल की बैठक संपन्न

पटना। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा से के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन के निर्देश पर शुक्रवार को हम पार्टी विधायक दल की बैठक बुलाई गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि हम पार्टी मानसून सत्र के दौरान सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगी। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्य के विकास में बेहतर काम कर रहे हैं। हम उनके सहयोगी हैं और रहेंगे। बैठक में पार्टी के संरक्षक बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी, डॉ संतोष कुमार सुमन विधान परिषद सदस्य सह हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष, विधायक डॉ अनिल कुमार विधायक, ज्योति मांझी विधायक, प्रफुल्ल मांझी विधायक बैठक में शामिल हुए।

### मुर्मू के नामांकन में शामिल हुए रालोजपा के सभी सांसद

पटना। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि एनडीए समर्थित राष्ट्रपति के उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के नामांकन में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस के अलावे बिहार प्रदेश अध्यक्ष सह समस्तीपुर सांसद प्रिंस राज, सांसद चैधरी महबूब अली कैसर और सांसद चन्दन सिंह शामिल हुए और श्रीमती मुर्मू के राष्ट्रीय लोजपा के सभी सांसद प्रस्तावक भी बनें।

# पांच दिवसीय मानसून सत्र का आगाज, होगीं कुल पांच बैठकें

## विकास कार्यों से सरकार की लोकप्रियता बढ़ीः अवधेश नारायण सिंह

पटना, प्रात : किरण संवददाता





**संबोधन**
- विप में पहले दिन प्रारंभिक संबोधन में बोलें कार्यकारी सभापति

बिहार विधान परिषद में शुक्रवार को पांच दिवसीय मानसून सत्र का आगाज हुआ। विधान परिषद के कार्यकारी सभापति अवधेश नारायण सिंह ने सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू की। सदन का संचालन करते हुए कार्यकारी सभापति ने 201वें सत्र के लिए मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री, संसदीय कार्य मंत्री, मंत्रीपरिषद के सदस्य एवं मीडिया के प्रतिनिधयों को बधाई दी।

अपने प्रारंभिक संबोधन में कार्यकारी सभापति ने कहा कि इस मानसून सत्र में कुल पांच बैठके होंगी। सत्र में जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मामले एवं प्रदेश के विकास से जुड़े अधिक से अधिक विषय सदन के पद पर लाया जाए, ऐसा प्रयास होगा। सभापति ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि सरकार से जनता की अपेक्षाएं बढ़ती जाती है। सदन की कार्यवाही में जनता की अपेक्षाएं परिलक्षित होती है। सरकार द्वारा इस दिशा में किए जा रहे कार्यों के कारण उसकी लोकप्रियता बढ़ रही है। सभापति ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के प्रयासों से पटना के महात्मा गांधी सेतु के पूर्वी भाग एवं कोईलवर पुल के छाले को आमजन के आवागमन हेतु खोल दिया गया है। इस बहुप्रतीक्षित विकासात्मक कदम से प्रदेश की जनता लाभान्वित होगी। सड़क निर्माण एवं अनुरक्षण की दिशा में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे गुणात्मक कार्यों की सर्वत्र प्रशंसा हो रही है राजगीर, गया बोधगया एवं नवादा क्षेत्र में गंगा का शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना से जनता को बहुत लाभ होगा। मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश में सीतामढ़ी के लखनदेई नदी की धारा को पुनर्जीवित किया गया है। सात निश्चय 2 के अंतर्गत छोटी नदियों को जोड़ने की योजना का लाभ भी समाज को मिलेगा। राज्य सरकार द्वारा तटबंधों की निगरानी में लगातार सतर्कता बढ़ती जा रही है। बरसात में जल स्त्रोतों से होने वाली परेशानियों से जनता को बचाने की दिशा में सरकार लगातार सक्रिय है। पटना मेट्रो रेल निर्माण के कार्यों में सरकार द्वारा तत्परता पूर्वक किए जा रहे कार्यों से हम आशान्वित हैं कि निकट भविष्य में पटना शहर में सुगम यातायात में और वृद्धि होगी। पिछले सत्रों की तरह इस सत्र में भी सभी सदस्यों कर्मचारियों पदाधिकारियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों का सक्रिय सहयोग मिलेगा। इसके बाद सभापति ने स्वर्गीय नवल किशोर राय, स्वर्गीय सीताराम दास, स्वर्गीय योगेंद्र पांडे, स्वर्गीय नंदकिशोर राम, स्वर्गीय शिवनंदन प्रसाद सिंह, स्वर्गीय प्रोफेसर असलम आजाद, स्वर्गीय सुरेश कुमार मिश्रा, स्वर्गीय त्रिभुवन सिंह, स्वर्गीय रामदेव वर्मा, स्वर्गीय डॉक्टर युगल किशोर प्रसाद, स्वर्गीय प्रशांत कुमार एवं स्वर्गीय डॉ बी भट्टाचार्य का शोक प्रस्ताव पड़ा। साथ ही सदन में 2 मिनट का मौत धारण कर दिवंगत आत्माओं की श्रद्धांजलि दी गई। इसके साथ ही सदन की कार्यवाही सोमवार यानी 27 तक के लिए स्थगित कर दी गई।

# विश्वविद्यालयों को सत्र नियमित करने का दिया गया निर्देश : विजय चौधरी



- छात्रों की परेशानी की सरकार को चिंताः शिक्षा मंत्री

पटना, प्रात : किरण संवददाता

बिहार में ग्रेजुएशन सेशन के लेट होने को लेकर एनडीए में बयानबाजी का दौर जारी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने इस मसले को लेकर सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाया है।

वहीं, शिक्षा मंत्री विजय चौधरी ने कहा है कि छात्रों की परेशानी की सरकार को चिंता है। विश्वविद्यालयों को परीक्षाएं नियमित करने का निर्देश दिया गया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि बिहार के अधिकांश यूनिवर्सिटी को विभाग ने निर्देश जारी किया है कि वह अपने सत्र को सही समय पर चलाएं और शिक्षा विभाग उसको लेकर प्रयास भी कर रहा है।

बिहार में जितने भी विश्वविद्यालय हैं उनके सत्र समय से चले जिससे कि छात्रों को दिक्कत न हो। सरकार शिक्षा के लिए सजग है। हमारा प्रयास है कि विश्वविद्यालय के सत्र नियमित हो जाएं।

हमारी प्राथमिकता है कि कक्षाएं और परीक्षाएं नियमित चले। विश्वविद्यालयों को सत्र और परीक्षाएं नियमित करने का निर्देश दिया गया है।

### आंदोलन भड़काने वालों पर सरकार की नजर, होगी कार्रवाई

पटना। बिहार में अग्निपथ योजना के खिलाफ हुए उग्र आंदोलन को उकसाने के लिए बिहार में कई कोचिंग संस्थान पर भी प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसको लेकर शिक्षा मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि सरकार के किसी निर्णय के खिलाफ लोग जरूर अपना प्रदर्शन कर सकते हैं। यह उनका अधिकार है लेकिन जिस तरह से राष्ट्रीय संपत्ति का नुकसान पहुंचाया गया है वह गलत है। इस आंदोलन को चलाने के लिए जिन जिन कोचिंग इंस्टिट्यूट की संदिग्ध भूमिका रही है उसकी भी जांच चल रही है। बिहार में कोचिंग सेंटरों ने हिंसा के लिए उकसाया ? विजय चौधरी का बयान दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। विजय चौधरी ने कहा कि कई कोचिंग संस्थान के संचालक पर प्राथमिकी दर्ज कर उन पर कार्रवाई भी की जा रही है। निश्चित तौर पर जिन्होंने छात्रों के इस आंदोलन के लिए उकसाने का काम किया है किसी को भी सरकार नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि इस मामले पर शिक्षा विभाग भी नजर बनाए हुए है। जो भी दोषी कोचिंग संस्थान के संचालक होंगे उन पर कार्रवाई होगी। कई कोचिंग संस्थान चलाने वालों पर कार्रवाई हो रही है, प्राथमिकी भी दर्ज की गयी है। जो भी हिंसा में शामिल रहे हैं उनकी पहचान कर कार्रवाई की जा रही है। शिक्षा विभाग सजग है। ऐसे कोचिंग संस्थानों पर हमने नजर रखी हुई है।

# गुजरात दंगों में नरेंद्र मोदी को फंसाने की चाल हुई बेनकाब

पटना, प्रात : किरण संवददाता



भाजपा ने पीएम नरेंद्र मोदी को गुजरात दंगों से जुड़े मामले की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिलने पर विपक्षी दलों को आड़े हाथों लिया है। उच्चतम न्यायालय ने 2002 के गुजरात दंगा मामले में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी और 63 अन्य लोगों को विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा क्लीन चिट दिए जाने को चुनौती देने वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। फैसले के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कांगेस व वामदलों पर निशाना साधा। कहा कि जाकिया जाफरी को कांग्रेस और लेफ्ट का समर्थन हासिल था। लेफ्ट गैंग पीएम मोदी के पीछे पड़ी थी। पीएम मोदी के खिलाफ फर्जी कैंपेन चलाया गया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि पूरे मामले में कोई दम नहीं है। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि पूरी जांच यूपीए शासन के दौरान हुई। पीएम मोदी पर जानबूझकर गलत आरोप लगाए गए। मोदी विरोध के नाम पर कुछ ने दुकान चलाई। गुजरात दंगे के नाम पर झूठे आरोप लगाए गए। जाकिया जाफरी की अर्जी सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी। एसआईटी ने पीएम मोदी को क्लीन चिट दी थी। इसके साथ ही बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद ने प्रोपगैंडा फैलाने वालों को सख्त संदेश देते हुए कहा कि देश के लोकप्रियतम नेता नरेंद्र मोदी के खिलाफ जो षड़यंत्र 2001-02 से चल रहा है वो समाप्त होना चाहिए।

# किसानों से बदला लेने का एक और हथकंडा है अग्निपथ योजना

पटना, प्रात : किरण संवददाता

- अग्निपथ के विरोध में कई संगठनों ने समाहरणालय में किया प्रदर्शन

संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रव्यापी आह्वान अग्निपथ योजना के खिलाफ विरोध दिवस के अवसर पर पटना में अखिल भारतीय किसान संघर्ष समनव्य समिति के बैनर तले दर्जनों किसान संगठन, मजदूर संगठन, छात्र नौजवान संगठन एवं महिला संगठन ने शुक्रवार को जिलाधिकारी के समक्ष प्रदर्शन किया।

इस दौरान केन्द्र सरकार से सेना में बहाली के लिए लागू की गयी अग्निपथ योजना को वापस लेने की मांग की गयी। जहां जिलाधिकारी के प्रतिनिधि मजिस्ट्रेट को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। संगठन ने अग्निपथ योजना वापस लेने, आंदोलनकारियों पर किया गया मुकदमा वापस लेने, गिरफ्तार आंदोलनकारियों को रिहा करने और सेना में पूर्व की तरह नियमित बहाली शुरू करने का मांग की। प्रारंभ में स्टेशन चौक स्थित गांधी स्मारक पर माल्यार्पण के बाद सभी ने जुलूस निकाला जो कलेक्ट्रेट के समक्ष पहुंच प्रदर्शन में बदल गया। जय जवान जय किसान के नारे के साथ शुरू हुए इस विरोध मार्च के दौरान लोग गगन चुंबी नारे लगा रहे थे कि अग्निपथ योजना अविलंब वापस लो, आंदोलनकारी छात्र नौजवानों पर पुलिस दमन बंद करो, गिरफ्तार छात्र नौजवानों को बिना शर्त रिहा करो और उन पर लगाए गए मुकदमे वापस लो, देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करना बंद करो। अखिल भारतीय किसान महासभा के राज्य सह सचिव कॉमरेड उमेश सिंह कॉमरेड नंदकिशोर सिंह, अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कॉम शिवसागर शर्मा और पटना जिला सचिव कॉमरेड कृपा नारायण सिंह, माकपा के वरिष्ठ नेता अरुण मिश्रा, बिहार राज्य किसान सभा से कॉम सोने लाल प्रसाद, जय किसान आंदोलन से ऋषि आनंद, जल्ला किसान संघर्ष समिति से कॉम शंभू नाथ मेहता, प्रगतिशील किसान संघ के बाल गोबिंद सिंह, एआई के के एम एस से सरोज कुमार सुमन, एनएपीएम से उदयन चंद्र राय, सीटू से कॉम गणेश शंकर सिंह, एआईसीसीटीयू से कॉम रणविजय कुमार, एपवा से कॉम सरोज चौबे, आरवाईए से कॉम विनय कुमार, ए आई एस ए से कॉम दिव्यम और नीरज, ए आई पी एफ से कॉम कमलेश शर्मा, आई एफ टी यू ( सर्वहारा) से राधे श्याम, पी डी वाई एफ से मंटू कुमार, नागरिक अधिकार मंच से रामनंदन प्रसाद आदि ने संबोधित किया। सभा में कई पटना के गणमान व्यक्ति जैसे गालिब साहेब उपस्थित थे।

**मुलाकात**



बिहार विधानसभा अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा को पुष्प-गुच्छ भेंट करते हुये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

# एमएसएमई ने स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का किया आयोजन

पटना, प्रात : किरण संवददाता



केन्द्र सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उधम विकास संस्थान एमएसएमई मंत्रालय के सौजन्य से स्वच्छ भारत अभियान के तहत 20 से 04 जुलाई तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 21 को अनिसाबाद स्लम एरिया, पटना मे स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री पद्मश्री डॉ सी पी ठाकुर थे।

उन्होंने स्वच्छता अभियान की सराहना की एवं लोगो से सफाई से कैसे बीमारी को दूर रख सकते है उसके बारे मे जानकारी दी एवं बीमारी से मुक्त होकर अपने परिवार का अच्छे से भरण पोषण कर सके उसके बारे मे जानकारी दी। संस्थान के निदेशक प्रदीप कुमार द्वारा संस्थान के द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता कार्यर्क्म के विभिन्न पहलुओ पर चर्चा की एवं लोगो को स्वच्छ रहने एवं आस पास सफाई की महता के बारे मे जानकारी दी। श्री प्रदीप कुमार ने मंत्रालय के विभिन्न योजनाओ के बारे मे भी लोगो को जागरूक किया। इस कार्यक्रम मे यूथ समाज सेवी दीपक ठाकुर, पटना हाइ स्कूल एलुमिन संघ के महासचिव राज शेखर गुप्ता ने भी लोगो को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान आस पास के जगह का सफाई किया गया एवं सामुदायिक टोंयलेट का भी सफाई कराया गया एवं लोगो के बीच मास्क, हैंड सैनीटाइजर, हैंड वॉश का भी वितरण किया गया। धीरा चक मध्य विद्यालय अनिसाबाद मे पौधा रोपण किया गया। कार्यक्रम के संयोजक एमएसएमई के सहायक निदेशक संजीव आजाद ने स्वच्छता अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया।

# 'अग्निपथ का मकसद आर्मी के सम्मान को ठेस पहुंचाना'

पटना, प्रात : किरण संवददाता



जन अधिकार छात्र परिषद के प्रदेश अध्यक्ष रौशन कुमार के नेतृत्व में छात्र परिषद के कार्यकताओं ने पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय मैं तालाबंदी करने का काम किया। छात्र परिषद ने सरकार से अग्निपथ स्कीम को जल्द से जल्द वापस लेने की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष से पूछे जाने पर उन्होंने बताया की जो फौज देश के झंडे को सिर्फ सलाम करती थी वहीं सेना अग्निपथ आने के बाद निजी कंपनियों और उद्योगपतियों को सलाम करेगी।

कैलाश विजयवर्गीय और महिंद्रा जैसे लोगों का शर्मिंदगी भरा बयान आने के बाद सरकार का उन पर करवाई नहीं करना यह सरकार की मंशा को प्रदर्शित करता है। यह देश की युवाओं के भविष्य के लिए सही नहीं है। ऐसी बयानों से सेन्द्वा की प्रतिष्ठा को चोट पहुंचता है। ऐसे बयान देने वाले लोगों पर सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए। छात्रों ने एकजुटता से कहा कि सरकार इस योजना को वापस लेते हुए बड़े-बड़े उद्योगपतियों और कंपनियों में देश के पैसे से ट्रेनिंग करने वाले जवानों को उनके यहां जाने से रोके एवं बिहार में फर्जी मुकदमे के द्वारा फसाए गए छात्रों को सरकार अविलंब रिहा करें। इस तालाबंदी कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष आकाश यादव, आलोक सिन्हा, नीतीश, दीपांकर प्रकाश रजनीश कुमार रवि कुमार, विक्की, अर्जुन सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

# ज्वेलरी की दुकानों में माल का अलेखापित भंडार पकड़ा गया

पटना, प्रात : किरण संवददाता




**छापेमारी**
- वाणिज्य कर विभाग ने की छापेमारी, कर चोरी पकड़ी गई

ज्वेलरी दुकानों में छापेमारी के दौरान कर की चोरी पकड़ी गई। बुधवार व गुरूवार को वाणिज्य कर विभाग के आयुक्त सह सचिव के निर्देश पर को पटना में ज्वेलरी के 4 प्रतिष्ठानों पर विभाग के केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, पटना उत्तरी अंचल, कदमकुआं अंचल, पटना मध्य अंचल, प्रमंडलीय अन्वेषण ब्यूरो, पटना पूर्वी प्रमंडल एवं प्रमंडलीय अन्वेषण ब्यूरो, पटना पश्चिमी प्रमंडल के पदाधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया।

गौर हो कि माह जून के प्रारंभ में भी विभाग द्वारा बाकरगंज स्थित एक बड़े थोक व्यापारी का निरीक्षण किया गया था। पुनः इसी क्रम में बिक्री के अनुपात में कम टैक्स भुगतान कर रहे ज्वेलरी के कुछ अन्य प्रतिष्ठानों को चिन्हित किया गया। विश्लेषण के क्रम में पाया गया कि ऐसे प्रतिष्ठानों द्वारा टर्नओभर के अनुपात में कैश के माध्यगम से टैक्स का भुगतान कम किया जा रहा था। निरीक्षण के क्रम में 4 में से एक फर्म में 13 किलो सोना तथा 1600 किलो चांदी स्टॉक में लेखापित परिमाण से ज्यादा पाए गए। परिणामस्वरूप करदाता द्वारा स्वेच्छा से 55 लाख की राशि कर के रूप में सरकार के खाते में जमा भी कर दिया गया। अन्य 03 फर्मों के अधिस्वामी एक ही व्यक्ति पाये गये। इन तीन फर्मों द्वारा भी कुल 50 लाख की राशि टैक्स के रूप में जमा की गयी। 3 में से एक फर्म में 11 किलो अलेखापित सोना पाया गया जबकि अन्य दो फर्मों में क्रमशः 351 किलो चांदी एवं 500 किलो चांदी बिना लिखापढ़ी के बरामद हुए।

विभाग की आयुक्त सह सचिव द्वारा बताया गया कि इस प्रक्षेत्र में माल की आमद तथा सप्लाई पर ई-वे बिल की बाध्यता नहीं होने के कारण इस प्रेक्षत्र में बड़े पैमाने पर करअपवंचना की जाती है। आयुक्त सह सचिव द्वारा बताया गया कि विभाग करअपवंचकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने हेतु कृत संकल्प है। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग की ऐसी कार्रवाईयों से बिल पर एवं जीएसटी प्रावधानों के अनुरूप व्यवसाय करने वाले व्यापारियों का मनोबल बढ़ेगा।

# मानसून सत्र : अग्निपथ के खिलाफ विस में विपक्ष का प्रदर्शन

पटना, प्रात :किरण संवाददाता



**प्रदर्शन**
- सदस्यों ने की अग्निपथ स्कीम पर पुनर्विचार करने की मांग

बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन अग्निपथ योजना के खिलाफ विपक्ष ने जमकर प्रदर्शन किया। राजदऔर सीपीआई के विधायकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान राजद विधायक एवं मुख्य प्रवक्ता भाई विरेंद्र का कहना है कि पार्टी अग्निपथ योजना को लेकर विधानसभा में सर्वसम्मति प्रस्ताव पास कराने की कोशिश करेगी। विपक्ष की तरफ से सहयोग मिलेगा, कोशिश अन्य दलों से भी समर्थन की होगी।

क्या जदयू की तरफ से भी इसके पक्ष में समर्थन होगा? इस सवाल पर भाई विरेंद्र ने कहा कि उन्हें भी समर्थन करना चाहिए। भाई बिरेंद्र का यह भी कहना है कि यह योजना नौजवानों के विरोध में है। इसलिए केंद्र सरकार को यह योजना वापस लेनी चाहिए। वहीं, सीपीआई विधायकों ने भी अग्निपथ योजना को वापस लेने को लेकर जमकर प्रदर्शन किया। विधायकों ने कहा कि सदन में भी इस मामले को उठायेंगे और जबतक अग्निपथ योजना वापस नहीं लिया जाएगा तब तक सड़क से लेकर सदन तक हमारा प्रदर्शन जारी रहेगा। यह योजना युवाओं के लिए ठीक नहीं है और इससे युवाओं का भविष्य अंधकारमय होगा। सीपीआई विधायक दल के नेता अजय कुमार ने कहा कि तानाशाही सरकार सुन नहीं रही है। इस योजना में बहुत खामी है जिसको लेकर सरकार किसी की बात नहीं सुन रही है। ऐसी गूंगी बहरी सरकार के खिलाफ हमारा प्रदर्शन तबतक जारी रहेगा। जबतक इस योजना को सरकार वापस नहीं लेती है। पहली बार सरकार ने सेना में भर्ती को लेकर ऐसा निर्णय लिया है जिससे सेना कमजोर होगी। चार साल की नौकरी मिलने से कहीं भी कोई भी काम सेना के जवान ठीक से नहीं कर पाएंगे। अग्निपथ योजना का विरोध पूरे देश मे हो रहा है।

### अग्निपथ स्कीम से प्रदेश में अस्थिरता का माहौल : राजद

**पटना।** पटना केंद्र सरकार द्वारा भारतीय सेना अग्निपथ योजना की घोषणा 14 जून को की गई थी। जिसकी भर्ती प्रक्रिया आज से शुरू हुई है। अग्निपथ योजना के तहत युवा 04 साल के लिए ही सेना में भर्ती हो सकेंगे। सेना में चार साल की नौकरी के बाद युवाओं का भविष्य अधर में लटक जाएगा। सेना में संविदा बहाली के विरोध में देश भर के अभ्यर्थियों में डर का माहौल बना हुआ है और वे अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। पूरे देश में इसका विरोध हो रहा है। सबसे ज्यादा विरोध बिहार में हो रहा है, क्योंकि सबसे ज्यादा बेरोजगारी वहीं है। इतना ही नहीं बिहार में किसानों की आय भी भारत में सबसे कम है। बिहार में अस्थिरता का माहौल है। इन कारणों से राजद ने अग्निपथ योजना को लेकर बिहार बंद का समर्थन किया और राजभवन तक मार्च कर राज्यपाल को इस योजना को वापस लेने को लेकर ज्ञापन सौंपा। वहीं, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह व अन्य नेताओं ने भी अग्निपथ योजना को वापस लेने की बात कर रहे हैं। मुख्यमंत्री बिहार के नौजवानों और जनता को यह बताएं कि क्या मुख्यमंत्री ने अग्निपथ योजना के बारे में पुनर्विचार करने को लेकर प्रधानमंत्री से बातचीत की है या फिर नौजवानों और आम जनता को हमेशा की तरह दिग्भ्रमित ही करते रहेंगे?

# बच्चों व महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में सरकार का विशेष जोर

पटना, प्रात : किरण संवददाता



- यूनिसेफ द्वारा चलाए जा रहे कई कार्यक्रम
- मुख्य सचिव ने यूनिसेफ के सहयोग को सराहा

बच्चों व महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में सरकार का विशेष जोर है। सरकार कई योजनाएं चला रही है। इसमें युनिसेफ निरंतर सहयोग कर रहा है। इसी कड़ी में बिहार के मुख्य सचिव आमिर सुबहानी के साथ यूनिसेफ इंडिया की उप प्रतिनिधि लाना काटाव ने गुरूवार को बैठक की। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बाल अधिकारों को संरक्षित व सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार की सराहना की।

उन्होंने बच्चों एवं किशोर-किशोरियों के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों के अपेक्षित परिणामों में तेजी लाने के लिए प्रधान सचिव के नेतृत्व में प्रमुख विभागों के बीच समन्वय के महत्व पर जोर दिया। साथ ही, उन्होंने कहा कि यूनिसेफ द्वारा पूरे देश के लिए बनने वाला अगला कंट्री प्रोग्राम लैंगिक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण, इक्विटी और आपदा प्रबंधन को केंद्र में रखकर बच्चों और किशोर-किशोरियों के समग्र विकास व सशक्तिकरण के लिए समर्पित है।

मुख्य सचिव ने राज्य सरकार द्वारा बच्चों की बेहतरी के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों में यूनिसेफ के निरंतर सहयोग की सराहना की। लाना काटाव ने राज्य के पुलिस महानिदेशक, एस के सिंघल से भी मुलाकात की और चाइल्ड फ्रेंडली पुलिस के महत्व पर प्रकाश डाला। इन दोनों बैठकों के दौरान उनके साथ यूनिसेफ बिहार की राज्य प्रमुख नफीसा बिंते शफीक मौजूद रहीं। लाना काटाव ने बुधवार को पटना स्थित सरकारी हॉस्पिटल राजेंद्र नगर नेत्र अस्पताल के निदेशक हरिश्चंद्र ओझा को एक ऑक्सीजन संयंत्र सौंपा जिससे 105 मरीजों को ऑक्सीजन की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। अपनी यात्रा के पहले चरण में यूनिसेफ इंडिया के प्रतिनिधि मंडल ने मुजफ्फरपुर जिले के आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूलों, बाल गृह और पंचायतों का दौरा किया और जानने का प्रयास किया कि मानव संसाधन, ऑपरेशन्स और आपूर्ति सहित यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग का बिहार में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, सुरक्षा और बच्चों व महिलाओं की भागीदारी में कैसे योगदान दिया जा रहा है। यूनिसेफ टीम ने सभी फ्रंटलाइन कार्यकताओं, एएनएम, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकताओं को कोविड महामारी की रोकथाम को लेकर जागरूकता व कोविड टीकाकरण में उनके महत्वपूर्ण प्रयासों के लिए बधाई दी।

### मॉनसून के दौरान 19 जोन में घूमेगी नगर निगम की क्यूआरटी की गाड़ियां

**पटना।** मानसून के दौरान जलजमाव से निपटने के लिए पटना नगर निगम द्वारा क्विक रिस्पांस टीम को एक्टिवेट कर दिया गया है। शहर के किसी भी क्षेत्र में जलजमाव की शिकायत मिलने के 15 मिनट के भीतर क्विक रिस्पांस टीम मौके पर पहुंचेगी और समस्या का समाधान करेगी। पटनावासी निगम के हेल्पलाइन नंबर 155304 पर कॉल करके जलजमाव की शिकायत कर सकते हैं। शहर के सभी 75 वार्डों में सितंबर तक 19 जोनल क्विक रिस्पांस टीम गठित की गई है, जो मानसून के दौरान 24 घंटे एक्टिवेट रहेगी। पटना नगर निगम द्वारा क्विक रिस्पांस टीम को विशेष वाहन भी मुहैया कराए हैं। इन गाड़ियों में पानी की निकासी से जुड़े सभी उपकरण मौजूद रहेंगे। 19 जोन के लिए 19 गाड़ियां उपलब्ध करवाई गई है जिनसे किसी भी वार्ड में कोई परेशानी नहीं हो। बता दें कि शहर के सभी 75 वार्ड को 19 जोन में बांटा गया है। 1 जोन में 4 वार्ड शामिल है। क्यूआरटी के जोनल ऑफिसर को पटना नगर निगम द्वारा विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है। इसके साथ हो मॉक ड्रिल के माध्यम से इनका रिस्पॉन्स भी जांच किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### दहेज अधिनियम के आरोपी गिरफ्तार

विभूतिपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के देसरी वार्ड नंबर 18 के दहेज अधिनियम के आरोपी सचिंद्र उर्फ महेश्वर चौरसिया व उनके माता चन्द्रकला देवी को पुलिस गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि दोनो दहेज अधिनियम बखरी थाना कांड संख्या 220/21 के आरोपी थे। उक्त बाते की जानकारी विभूतिपुर थानाध्यक्ष चंद्रकांत गौरी ने दी।

### जल श्रमिक संघ की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

विभूतिपुर। बिहार राज्य जल श्रमिक संघ विभूतिपुर अंचल कमेटी की बैठक नरहन जेपीएनएस उच्च विद्यालय के सामने हुई। अध्यक्षता संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत सहनी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव रामबालक साहनी ने कहा की पूरे बिहार में प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड का 2022 में चुनाव होना है। लेकिन समस्तीपुर जिला अंतर्गत विभूतिपुर प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड का चुनावी कार्यक्रम 30 मई से 10 जून तक मतदाता सूची का प्रकाशन, आपत्ति का निष्पादन, 13 जून 2022 को फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। जिसमें समिति के मंत्री लालो सहनी और प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी विभूतिपुर के द्वारा मतदाता सूची में गलत तरीके से 107 सदस्यों का नाम सूची से हटाया गया। जिसका बिहार राज जल श्रमिक संघ विरोध करती है। साथ ही जिला पदाधिकारी समस्तीपुर से मांग करती है उक्त निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी विभूतिपुर के शांति एवं स्वच्छ मतदान कराने हेतु उक्त पदाधिकारी का तबादला किया जाए। मौके पर पूर्व मुखिया पतैलिया रामबालक सहनी, अंचल मंत्री छोटन कुमार सहनी, उजियारपुर के प्रखंड अध्यक्ष मंटुन सहनी, रामकिशोर सहनी, अजय सहनी, अनिल सहनी, राम आशीष सहनी, राजेश सहनी, आदि भाग लिया।

### सीपीआईएम की 4 शाखाओं की संयुक्त बैठक संपन्न

विभूतिपुर, समस्तीपुर। सीपीआईएम पतैलिया की 4 शाखाओं की संयुक्त बैठक श्याम बिहारी चौरसिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से पार्टी विरोधी आचरण को लेकर हरिनंदन चौरसिया को पार्टी से निष्कासित किया गया। साथ ही 26 जून को 2:00 बजे से दयानतपुर दुर्गा स्थान के पास नाबालिग बालिका के दुष्कर्म के खिलाफ प्रतिरोध सभा का आयोजन किया जाएगा। सभा में सीपीआईएम विधायक दल के नेता एवं राज्य सचिव मंडल सदस्य अजय कुमार, पार्टी राज्य कमेटी सदस्य रामदयाल भारती, महेश कुमार आदि भाग लेंगे।

### 15 बोतल नेपाली देशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

मधुबनी। मधुबनी जिले के बेनीपट्टी अनुमंडल की अरेर थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुरा गाँव से गुप्त सूचना के आधार पर 15 बोतल नेपाली देशी शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। वहीं मौके से तीन और महिला शराब तस्कर भागने में सफल हो गई। गिरफ्तार तस्कर की पहचान ब्रह्मपुरा गाँव निवासी मदन सदा और मिन्टू सदा के रूप में की गई है। इस बाबत जानकारी देते हुए अरेर थाना अध्यक्ष राजकिशोर कुमार ने बताया कि उक्त कारोबारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं तीन महिला शराब तस्कर को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस छापेमारी में जुट गई है।

# मिथिला पेंटिंग के हुनर सीख रहे प्रशिक्षुओं को एलडीएम ने किया प्रेरित

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



समस्तीपुर मंडल पूर्व मध्य रेल के अधिकारी क्लब स्थित महिला कल्याण संगठन के आम्रपाली भवन में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक, नाबार्ड के ग्राम्य विकास निधि योजनान्तर्गत अनमोल उपहार सेवा फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे साठ दिवसीय निःशुल्क मिथिला लोक चित्रकला प्रशिक्षण कार्यक्रम के सत्रहवें दिन एलडीएम पीके सिंह ने निरीक्षण किया।

उन्होंने मिथिला पेंटिंग की हुनर सीख रहे प्रशिक्षुओं से कहा कि आपके अंदर दृढ़ विश्वास तथा अंतरात्मा की प्रेरणा ही उच्च शिखर पर पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी। आपके अंदर ये जूनुन होना चाहिए कि मैं ही तो हूँ, मैं ही तो हूँ तभी आप राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। संस्था द्वारा प्रशिक्षणार्थियों के लिए उपलब्ध कराये गये स्टडी टेबल का वितरण एलडीएम श्री सिंह ने किया। उन्होंने प्रशिक्षुओं से मिथिला पेंटिंग से संबंधित प्रश्न भी पूछे, जिसका जवाब प्रशिक्षुओं द्वारा सरलता से दी गयी। संस्था के प्रशिक्षक सह यूथ मोटीवेटर एवं आर्टिस्ट कुंदन कुमार राय ने कहा कि अभी तक बॉर्डर, पान का पत्ता, मछली, कमल का फूल एवं पत्ती, विभिन्न प्रकार के फुल, केला का पेड़, बांस का पेड़ आदि का सुंदर आकृति बनाने का तरीका सिखाया गया है। औसेफा के निदेशक देव कुमार ने एलडीएम श्री सिंह का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन किया तथा पुनः आने के लिए आग्रह किया। महिला कल्याण संगठन के सदस्य नैन्सी मैम ने भी प्रशिक्षुओं को मार्गदर्शन दिया। मौके पर जिला समन्वयक मनोज कुमार, प्रशिक्षु मुस्कान, खुशी प्रिया, प्रेरणा कुमारी, निशा गोंद, कोमल कुमारी, पिंकी कुमारी, मंजरी खातून, ज्योति कुमारी, सौम्या सुमन, अनन्या कुमारी, प्रीति गुप्ता, श्वेता कुमारी, कशिश कुमारी, अन्नु शर्मा, खुशी राज, दुर्गा कुमारी, शबाना खातून, बबीता कुमारी, काजल कुमारी, नीतू कुमारी, रजनी कुमारी, सुनीता कुमारी, गायत्री कुमारी, माध्वी कुमारी, अन्नु कुमारी, अनुराधा कुमारी, रौशन कुमार आदि उपस्थित थे।

# गैंगरेप के आरोपी को मुजफ्फरपुर महिला पुलिस ने किया गिरफ्तार

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



**गिरफ्तार**
- गैंगरेप के बाद बेहोश पीड़िता को नग्न अवस्था में मुजफ्फरपुर जिले के सकरा में दिया गया था फेंक

समस्तीपुर की विवाहिता से गैंगरेप और बेहोशी की हालत में बिना कपड़ों के सकरा में फेंकने की घटना में मुख्य आरोपित दीपक को मुजफ्फरपुर महिला थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसे समस्तीपुर के मगरदहीघाट से दबोचा गया है। पूछताछ के बाद गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस पूछताछ में दीपक ने युवती को झांसा देकर उसके घर से मगरदहीघाट में अपने यहां लाने की बात स्वीकार की है। उसे दो दिन तक रखकर प्रेम का झांसा दिया और दुष्कर्म किया। इसके बाद रात में उसे मगरदही घाट पुल के पास ले जाकर बाइक से छोड़ दिया था जहां युवती को देखकर एक बोलेरो रुकी। बोलेरो में तीन लोग सवार थे। उनलोगों ने जबरन खींचकर उसे बोलेरो में बैठा लिया और कोल्ड ड्रिंक पिलाया। इसे पीकर युवती बेहोश हो गई थी। इसके बाद बेहोशी की हालत में ही युवती के साथ तीनों ने बोलेरो में दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद उसे सकरा में रामीरामपुर में आम के बगीचे में लाकर फेंक दिया था। उस वक्त वह बिना कपड़ों के थी। सुबह में गांववालों ने उसे देखा और कपड़े पहनाने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया था। इस केस में मुजफ्फरपुर पुलिस की टीम ने तीन बार समस्तीपुर में छापेमारी की थी। दीपक की गिरफ्तारी उसके मोबाइल लोकेशन के आधार पर की गई है। वह घटना में नाम सामने आने के बाद से फरार हो गया था। उसका मोबाइल ऑन होते ही मगरदही घाट पर लोकेशन मिला। उसे दबोचने के लिए बुधवार की रात एक बजे मगरदही घाट पर पुलिस टीम पहुंची। करीब ढाई बजे रात में उसे पुलिस ने घर से दबोच लिया। एसएसपी जयंतकांत ने बताया कि आरोपित ने संलिप्तता स्वीकार कर ली है। उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

# अग्निपथ योजना के विरोध में समस्तीपुर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन




समस्तीपुर,प्रात: किरण संवाददाता

अखिल भारतीय संयुक्त किसान मोर्चा ने अग्निपथ योजना के विरोध में राष्ट्रव्यापी आन्दोलन के दौरान समस्तीपुर जिलाधिकारी के समक्ष प्रदर्शन किया। समाहरणालय मुख्य द्वार पर सभा को सम्बोधित करते हुए किसान नेता उपेन्द्र राय सत्यनारायण सिंह, नीतीश कुमार, रामजतन सिंह, ललन कुमार, रामाश्रय महतो, सुरेंद्र प्रसाद सिंह मुन्ना, उमेश कुमार, सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने अग्निपथ योजना वापस लेने, आंदोलनकारियों पर से झूठा मुकदमा वापस लेकर रिहाई करने एवं सेना में नियमित बहाली शुरू करने की मांग किया। किसानों का जुलूस स्टेशन चौक गांधी स्मारक पर माल्यार्पण कर प्रस्थान किया। अध्यक्षता गंगाधर झा सहित चार साथियों ने किया।

### जमीनी विवाद में एक पक्ष के 3 लोगों को मारपीट कर किया जख्मी

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर जिले के चकमेहसी थाना क्षेत्र के निमाचक हैदर गाँव के एक ही परिवार के तीन लोगों को जमीनी विवाद में मारपीटकर जख्मी कर दिये जाने का एक मामला प्रकाश में आया है, बताया जाता है कि दरभंगा स्थित पारस हॉस्पिटल के डॉ रंजीत राजा अपने गाँव आये हुये थे और अपने जमीन पर मकान का निर्माण कार्य करा रहे थे कि इसी बीच उनके बगल के ही एक पक्ष ने मकान निर्माण कार्य को रोका इसी बीच दोनो पक्षो में कहा सुनी होने लगा तभी दूसरे पक्ष के लोगों ने कुदाल से हमला कर दिया जिसमें डॉ रंजीत राजा 37 वर्ष कुंदन कुमार सिंह 44 वर्ष एवँ पंकज कुमार 42 वर्ष बुरी तरह जख्मी हो गये। जिसे स्थानीय लोगों ने ईलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, डॉक्टरों ने तीनों की हालत को गंभीर देखते हुए बेहतर ईलाज के रेफर कर दिया है।

# भारत बंद को सफल बनाने को लेकर मोर्चा की बैठक आयोजित

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



धर्म के नाम पर देश में सामाजिक सद्भाव तोड़ने की साजिश के विरोध में एवं देश की एकता एवं अखंडता के समर्थन में राष्ट्रीय परिवर्तन मोर्चा, बहुजन क्रान्ति मोर्चा एवं भारत मुक्ति मोर्चा के तत्वावधान में आहूत भारत बंद को सफल बनाने को लेकर समस्तीपुर मे भी संगठन से जुड़े लोगों ने शुक्रवार को पंजाबी कॉलोनी स्थित जय भीम भवन में एक बैठक की। मोर्चा एवं अन्य सामाजिक सरोकारों से जुड़े जगदीश महतो, मनीष यादव, रिउजल इस्लाम, कुंदन पंडित, घुनचुन यादव, रामनारायण महतो, कृष्णा प्रसाद, आफताब अंसारी, संजीव कुमार टुन्ना, राजन पासवान सहित लगभग एक दर्जनों वक्ताओं ने देश में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर मौजूदा केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मौजूदा सत्ता जिस तरीके से धर्म की आड़ में अपनी राजनीतिक रोटियाँ सेंक रही है, एक लोकतान्त्रित्क देश के लिए यह कहीं से भी हितकर नहीं है।

अपने राष्ट्रीय संयोजक वामन मेश्राम के बयान का हवाला देते हुए वक्ताओं ने कहा कि देश की मौजूदा हालत यह हो गयी है की 57 देश एक साथ कह रहे हैं की विश्व के सबसे बड़े लोकतन्त्र एवं शांति के सबसे बड़े उपासक महात्मा बुद्ध की भूमि भारत देश में आज जिस प्रकार से हिन्दू-मुस्लिम के नाम पर ध्रुवीकरण हो रहा है, इससे भारत की एकता एवं अखंडता खतरे में पड़ गयी है। मोर्चा से जुड़े लोगों ने बताया कि देश की एकता एवं अखंडता को कायम रखने के लिए एवं केंद्र सरकार की गलत नीतियों के विरोध में शनिवार को पूरे देश में एक साथ भारत बंद किया जा रहा है, जिसका खासा प्रभाव समस्तीपुर में भी देखने को मिलेगा।

### स्क्रैप व्यवसायी के विवाद में दो को उठाया

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सोनेलाल ढाला के पास से शुक्रवार की शाम 5:00 बजे करीब ट्रक पर स्क्रैप लोड कर रहे स्क्रैप व्यवसायी के दो कर्मियों के दो कर्मियों के अपहरण किए जाने का मामला सामने आया। घटना 5:30 बजे के आसपास की बताई गई। घटना के संबंध में मुफस्सिल थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की सूचना उपरांत घटनास्थल पर जांच के लिए पुलिस कर्मियों को भेजा गया था। उन्होंने कहा कि व्यवसायिक रंजिश में दूसरे किसी पक्ष के द्वारा स्क्रैप व्यवसायी के दो कर्मियों को पकड़ लिया गया था। जिसके साथ मारपीट करने की उनकी योजना थी, लेकिन पुलिस की तत्परता की वजह से घटना को अंजाम नहीं दिया जा पाया और उन दोनों कर्मियों को पुलिस द्वारा बरामद कर लिया गया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है सूचना उपरांत आवश्यक कार्रवाई की गई है।

# भड़काऊ पोस्ट करने के आरोप में जिला पार्षद पर एफआईआर दर्ज

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



समस्तीपुर जिले के हसनपुर प्रखंड के जिला पार्षद रणवीर राय पर हसनपुर थाना में अग्निपथ योजना के विरोध में सोशल मीडिया में भड़काऊ पोस्ट करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। हसनपुर थानाध्यक्ष निशा भारती के बयान के आधार पर दर्ज करायी गयी प्राथमिकी में जिला पार्षद के द्वारा सोशल मीडिया में पोस्ट किये गए भड़काऊ बयान का विस्तार से जिक्र किया गया है। जिसमें आरोपी जिला पार्षद के द्वारा छात्रों व युवकों को ट्रेन और बस में आग लगाने के बजाय भाजपा नेताओं को निशाना बनाने और उपद्रव के दौरान उप मुख्यमंत्री रेणु देवी के घर पर हमले व तोड़फोड़ को सही कदम बताया गया था। थानाध्यक्ष के द्वारा प्राथमिकी में सोशल मीडिया में किये गए पोस्ट को सबूत के तौर पर पेश भी किया गया है। हसनपुर प्रखंड के बंगराहा गांव के वार्ड 12 निवासी जिला पार्षद ने सोशल मीडिया एकाउंट में अपने को राजद नेता और छात्र राजद का प्रदेश पदाधिकारी बताया है। विदित हो कि अग्निपथ योजना के विरोध में जिले में हो रहे उपद्रव के दौरान हसनपुर प्रखंड में पुलिस प्रशासन पूरी तरह सजग थी। एसडीओ और डीएसपी पुलिस बल के साथ लगातार चौक चौराहों का भ्रमण कर स्थिति पर नजर रख रहे थे। उसका कारण जिला पार्षद का उक्त भड़काऊ पोस्ट ही बताया जा रहा है। थाना अध्यक्ष निशा भारती ने बताया कि कांड संख्या 163/2022 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर एसआई रविकांत कुमार को जांच करने की जिम्मेवारी दी गयी है।

### विकास के मुद्दों पर मांगो को लेकर जिलाअधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**मधुबनी।** मधुबनी जिले के बिस्फी प्रखण्ड में कई तरह के समस्याओं से लोग जूझ रहे हैं क्षेत्र में बारिश होने से जल जमाव की इस्थित काफी दयनीय हो जाती हैं, जिससे आमजन को काफी फजीहत झेलनी पड़ती है। आये दिन इन समस्याओं को देखते हुए बिस्फी प्रखण्ड प्रमुख रीता देवी द्वारा मधुबनी जिलाधिकारी को एक लिखित मांगपत्र देकर कई बिंदुओं पर मांग की हैं। इस पत्र में उन्होंने लिखा है कि औंसी-बिस्फी मुख्य पथ से खैरी बांका हनुमान मंदिर के निकट जलजमाव की निदान करवाया जाए, ग्राम चहुटा में प्राथमिक स्वास्थ्य उप केंद्र ध्वस्त हो चुका हुआ हैं, जिसको पुनः निर्माण एवं अतिक्रमण से मुक्त कराया जाय, ग्राम पंचायत चहुटा पीएचडी द्वारा नलजल का कार्य किया गया था, लेकिन पूर्ण रुप से विफल हो गया हैं।

# इस्कॉन द्वारा भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा महोत्सव के साथ कथा का होंगा भव्य आयोजन

मधुबनी, प्रात: किरण संवाददाता




मधुबनी शहर मे पहली बार अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ इस्कॉन के भक्तों के द्वारा 2जुलाई को भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। यह रथ यात्रा नगर के संकटमोचन कालोनी मे स्थित मिथिला वाटिका से निकलकर पूरे नगर का भ्रमण करेगी। इसे लेकर श्रद्धालुओं मे खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बताते चले की इस भव्य रथ यात्रा महोत्सव मे कई राज्यों से आये सैकड़ों इस्कॉन भक्त भाग लेकर वातावरण को दिव्यता प्रदान करेंगे। मधुर हरिनाम संकीर्तन, भावमय नृत्य, विपुल प्रसाद वितरण इस उत्सव के मुख़्य आकर्षण होंगे। आपको बता दे की भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा महोत्सव के पहले 27जून से 1 जुलाई तक श्री जगन्नाथ कथा का भी आयोजन दोपहर 2बजे से शाम 6बजे तक नगर के संकट मोचन कालोनी स्थित मिथिला वाटिका मे किया जायेगा। इस कथा के कथावाचक वृंदावन से पधार रहे परम पूज्य अनंत कृष्ण गोस्वामी महाराज जी होंगे। इस्कॉन के भक्तों ने लोगो को सपरिवार एवं मित्रों सहित इस रथ यात्रा सहित कथा मे भाग लेकर दिव्य ज्ञान प्राप्त करने का अनुरोध किया है।

# जिलाधिकारी आम जन से मिलकर उनसे प्राप्त कई शिकायतों का किया ऑन स्पॉट निष्पादन

मधुबनी, प्रात: किरण संवाददाता



जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आम जन से मिलकर उनसे प्राप्त कई शिकायतों का किया ऑन स्पॉट निष्पादन। गौरतलब हो कि विभागीय निदेश के अनुसार सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को आम जन से मिलकर उनकी शिकायतों का त्वरित निष्पादन किया जाता है।आयोजन किया जाता है। आज दो सौ से अधिक आवेदकों प्राप्त हुए। आज प्राप्त आवेदन में

अतिक्रमण का मामला सबसे अधिक था। इसके अतिरिक्त प्रखंडों के बाल विकास परियोजना कार्यालयों में सेविका और सहायिकाओं की बहाली में अनियमितता के मामले भी आये। 13 वर्ष की मीनाक्षी कुमारी ने जिलाधिकारी से अपने ही परिजनों से हितों की सुरक्षा की मांग रखी। भौआड़ा के मो. अबुल के द्वारा सरकारी कुएं को अतिक्रमण मुक्त कराकर संरक्षण प्रदान करने की मांग की गई। तिलक चौक के निवासियों के द्वारा जनहित में नाले के पक्कीकरण की मांग की गई। वहीं, बेनीपट्टी ब्रह्मपुरा अरेर की रहनेवाली पार्वती देवी ने गांव के दबंगों द्वारा उनके प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्य में बाधा पंहुचाने की शिकायत की। खजौली के सराबे निवासी नथुनी यादव ने अर्जी दी है कि एक क्लर्क ने उनकी पुत्री को नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनसे तीन लाख रुपए ठग लिए। मधेपुर लक्ष्मीपुर स्थित विजय आश्रम नामक धर्मशाला को अतिक्रमणमुक किए जाने और समुचित संचालन के लिए भी आवेदन प्राप्त हुए हैं।

जिलाधिकारी ने सभी की समस्या को धैर्यपूर्वक सुना और उनके त्वरित निदान के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जनता के द्वारा की जा रही शिकायतों के आधार पर जिले में लोकसेवकों की कार्यसंस्कृति का पता चलता है। ऐसे में सभी प्राप्त आवेदनों से प्राप्त जायज मांग पर प्रभावी रूप से कदम उठाए जाएंगे।

# निजी क्लिनिक में इलाज के दौरान युवक की मौत

उजियारपुर, प्रात: किरण संवाददाता



**आरोप**
- परिजनों ने लगाया डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप

अंगरघाटथाना के रेवाड़ी गांव में निजी चिकित्सक से इलाज कराने के दौरान एक युवक की हुई मौत पर परिजनों ने मृतक की लाश सड़क पर रखकर दिया। सूचना पर पहुंची अंगारघाट की पुलिस ने लाश का पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए चिकित्सक पिता पुत्र के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर दिया है। मृत युवक की पहचान गांव के ही 35 वर्षीय गोविंद साह के रूप में बताया गया।

दर्ज एफआईआर में मृतक के पिता सुखदेव साह ने कहा है की विगत बुधवार की रात उनका बेटा के पेट में दर्द होने के दौरान गांव में वर्षो से चिकित्सा कर रहे डाक्टर के यहां ले गए थे। जहां इलाज के दौरान एक सूई लगाते ही गोविंद का शरीर नीला होकर मौत हो गई।

इसके बाद डाक्टर का पुत्र श्याम कुमार धीरज उर्फ विकास ने मृत शरीर को जिंदा करने की बात कहकर मुज्जफरपुर के एक डाक्टर के पास ले गया। जहां डाक्टर ने मृत बताते हुए वापस कर दिया। इधर मामले में आंगरघाट थानाध्यक्ष प्रेमप्रकाश आर्य ने बताया की इलाज में लापरवाही से संबंधित केस डाक्टर पिता पुत्र के विरुद्ध कर दिया गया है। हालांकि उन्होंने कहा कि घटना की सच्चाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा।

### मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम 2022-23 को लेकर बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर जिला अंतर्गत खानपुर प्रखंड सभागार में जिले से प्राप्त निदेशालोक में मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम 2022-23 हेतु बीएलओ को गरूड़ ट्रेनिंग एप्प की प्रशिक्षण दी गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी गौरी कुमारी ने कहा कि इस बार सभी लोग अपने अपने मतदाता सूची को त्रुटिहीन बना लें। इसके लिए प्रशिक्षण जरूरी है। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से ऊपर के नए मतदाता के लिए प्रपत्र-6, मृत के लिए प्रपत्र-7, प्रविष्टि में सुधार के लिए प्रपत्र-8 एवं स्थानांतरण के लिए प्रपत्र -8क भरें। प्रशिक्षक रूदल कुमार ने बताया कि इस बार मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम ऑनलाइन मोड में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विकसित 'गरुड़ एप्प' के माध्यम से ही होना है। इससे बी एल ओ को कार्य करने में सहूलियत भी होगी और मतदाता सूची में त्रुटि की संभावना कम होगी। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ होने से पहले सभी बीएलओ को गरुड़ ट्रेनिंग एप्प से शतप्रतिशत ट्रेंड हो जाना है ताकि उक्त कार्य को सहजता से संपादित किया जा सके। मौके पर रामप्रवेश राय, मदन प्रसाद राय, गणेश राय, बिमलेश चौधरी, श्याम बाबू, राम कुमार झा, राज कुमार पासवान आदि बी एल ओ मौजूद थे।

# ग्रामीण क्षेत्र में औद्योगिक बढ़ावा के लिए जिलाधिकारी ने किया प्रोत्साहित




उजियारपुर, प्रात: किरण संवाददाता

उजियारपुर प्रखंड के रामपुर समथू में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह को शुक्रवार को स्वागत किया गया। जिलाधिकारी समथू के एक अगरबत्ती उद्योग केन्द्र को देखने के साथ ग्रामीण क्षेत्र के औद्योगिक स्थित की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। जिलाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी व अतिथियों को स्वागत किया गया। मौके पर एलएमडी पीके सिंह, डीआईसी के जीएम नवल किशोर, जिला कृषि पदाधिकारी विकास कुमार, यूटीआई के शाखा प्रबंधक अभिनव प्रकाश, बीडीओ डा.बीएन सिंह, सीओ अजीत कुमार झा, मुखिया ममता देवी, चुन्नू मिश्रा, पुर्व मुखिया अरविंद पांडेय आदि लोग उपस्थित थे।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, शनिवार, 25 जून, 2022

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### पत्नी के सुचना पर शराबी पति को किया गया गिरफ्तार

भितहा। शुक्रवार को थानाध्यक्ष शाहीद अनवर अंसारी ने बताया कि गुरुवार की शाम चिलवनिया पंचायत के रेणहा निवासी सहाबु हुसेन उर्फ इमरान हुसेन पिता समसुद्दीन अंसारी को पत्नी तबीसुन नेशा के सूचना के आधार पर शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया। गस्ती के दौरान गिरफ्तार अभियुक्त की पत्नी के द्वारा सुचना दी गयी कि मेरे पति उत्तर प्रदेश से दारु पीकर आये है परिवार के साथ गाली गलौज कर रहे है जिसमें तुरंत कार्यवाही करते हुए उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया तथा उसकी पत्नी तबीसुन नेशा के लिखित आवेदन के आलोक मे कांड संख्या 128/2022 दर्ज किया गया।

### जून से अगस्त तक नदियों में मत्स्य शिकार माही प्रतिबंधित होगी : गणेश

बेतिया। जिला अंतर्गत मुख्य रूप से गंडक नदी है जो बाल्मीकि नगर से बैरिया तक एवं आगे की ओर बहती है तथा अनेक नदियां बहती हैं जिसमें प्राकृतिक मछलियों की प्रचुरता रहती है जिसे संरक्षित एवं संवर्धित करने की आवश्यकता है। उक्त बातों की जानकारी गणेश राम, जिला मत्स्य पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बिहार मत्स्य जलकर प्रबंधन अधिनियम 2006 यथा संशोधित 2007 एवं 2018 द्वारा जून से अगस्त तक बहती नदियों में मछलियों की शिकार माही को प्रतिबंधित किया गया है।

# कोविड संक्रमण से बचाव के लिए कराएं टेस्टिंग एवं वैक्सीनेशन : जिलाधिकारी

## कार्य में लापरवाही, शिथिलता एवं कोताही कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी

बेतिया, प्रात : किरण संवाददाता



जिलाधिकारी, कुंदन कुमार द्वारा आज कार्यालय प्रकोष्ठ में कोविड-19 संक्रमण से बचाव हेतु टेस्टिंग, वैक्सीनेशन आदि कार्यों की समीक्षा की गयी। उन्होंने कहा कि देश में कोविड-19 संक्रमण का पुनः प्रसार तेजी से हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप टेस्टिंग और वैक्सीनेशन कार्य कराना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि इस कार्य में लापरवाही, शिथिलता एवं कोताही कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। कोविड-19 संक्रमण से बचाव हेतु एहतियातन सभी कार्रवाई तीव्र गति से क्रियान्वित कराना सुनिश्चित किया जाय।

समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि पश्चिम चम्पारण जिले में कोविड-19 के सिर्फ एक एक्टिव केस है। विभागीय निर्देश के आलोक में टेस्टिंग और वैक्सीनेशन कार्य कराये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कोविड-19 संक्रमण की जांच हेतु एंटीजन एवं आरटीपीसीआर जांच करायी जा रही है। बेतिया, नरकटियागंज, रामनगर, बगहा रेलवे स्टेशनों पर जांच और वैक्सीनेशन की व्यवस्था की गयी है। इसके साथ ही सभी स्वास्थ्य संस्थानों में भी टेस्टिंग और वैक्सीनेशन की व्यवस्था निरंतर चल रही है। उन्होंने बताया कि दिनांक-23.06.2022 को जिले के सभी प्रखंडों में कुल-3597 आरटीपीसीआर एवं एंटीजन जांच कराया गया है जिसमें नरकटियागंज में 166, बगहा-01 में 108, बगहा-02 में 109, गौनाहा में 276, बैरिया में 262, लौरिया में 208, चनपटिया में 215, मधुबनी में 125, मैनाटांड़ में 205, सिकटा में 347, मझौलिया में 245, नरकटियागंज में 397, रामनगर में 208, योगापट्टी में 190, ठकराहां में 102, भितहां में 99, पिपरासी में 165, एसडीएच बगहा में 154, जीएमसीएच, बेतिया में 16 जांच शामिल है। कल की जांच में एक भी पोजेटिव के मामले नहीं मिले हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व में जो स्थल हॉट स्पॉट के रूप में चिन्हित किये गये थे वहां विशेष ध्यान देते हुए कोविड-19 टेस्टिंग कराया जाय।

भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र जैसे- रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, सरकारी कार्यालय, सार्वजनिक स्थलों पर ज्यादा से ज्यादा लोगों की टेस्टिंग नियमित रूप से करायी जाय। उन्होंने कहा कि बाहर के राज्यों से रेल अथवा बस के माध्यम से आने वाले व्यक्तियों की अनिवार्य रूप से नियमित टेस्टिंग करायी जाय। उन्होंने कहा कि कहा कि टेस्टिंग के साथ-साथ वैक्सीनेशन की गति को भी बढ़ाना होगा। अबतक जो लोग कोविड-19 वैक्सीन के फर्स्ट डोज, सेकेन्ड डोज तथा बूस्टर डोज से वंचित हैं, उनको चिन्हित करते हुए वैक्सीन दिलाना सुनिश्चित किया जाय। साथ ही कोविड-19 संक्रमण से बचाव हेतु अद्यतन विभागीय दिशा-निदेर्शों का आमजन में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित किया जाय। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, अनिल राय, सिविल सर्जन, डॉ0 विरेन्द्र कुमार चौधरी, एसडीएम, बेतिया, विनोद कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**निर्देश**

- वैक्सीन के फर्स्ट डोज, सेकेन्ड डोज तथा बूस्टर डोज से वंचित लोगों को चिन्हित करते हुए वैक्सीन से लाभान्वित करने का निर्देश

# सांसद का प्रयास लाया रंग बाईपास निर्माण कार्य को मिली स्वीकृति

औरंगाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



- NH-139 से पिपरा मोड़ भाया, सिमरा मोड़, पिपरा बिगहा, झरहा, सोनवरसा, नेउरा होते हुए किया जाएगा निर्माण

सांसद सुशील सिंह के द्वारा किया गया अनुशंसा एवं अथक प्रयास से अम्बा बाजार में बाईपास निर्माण के लिए पथ निर्माण विभाग पटना मुख्य अभियंता के द्वारा निर्माण कार्य की स्वीकृति दी गई है। यह अम्बा बाईपास रोड NH-139 से पिपरा मोड़ भाया, सिमरा मोड़, पिपरा बिगहा, झरहा, सोनवरसा, नेउरा होते हुए किया जाएगा। इसकी दूरी 11.66 किलोमीटर तथा प्राक्कलन निर्माण की राशि कुल ₹6657.59 करोड़ प्रदान की गई है।

इस निर्माण को लेकर सांसद ने कहा कि स्थानीय लोगों के द्वारा इस बाईपास निर्माण के लिए बहुत दिनों से मांग किया जा रहा था इनकी मांगों को लेकर मेरे द्वारा बाईपास निर्माण हेतु बिहार सरकार के पथ निर्माण विभाग को प्रस्ताव दिया गया था परन्तु पथ निर्माण विभाग के अभियंताओं के द्वारा सही जानकारी के अभाव में गलत एलायमेंट बनाकर भेज दिया गया था विभाग द्वारा भेजे गए एलायमेंट पर बाईपास का निर्माण होता तो बाईपास की उपयोगिता न के बराबर रह जाती अगर उस एलाइनमेंट के द्वारा निर्माण कार्य होता तब डालटेनगंज की ओर से आने वाली सभी वाहन अम्बा मोड़ से होकर ही प्रस्तावित सड़क को पकड़ पाएगी जिससे अम्बा मोड़ पर वाहन जाम की समस्या बनी रहेगी क्योंकि एलायमेंट कई गांव के संक्रीन गलियों से होकर गुजर रहा था फिर मैंने पथ निर्माण विभाग को सुझाव दिया कि इस एलायमेंट को बदल दिया जाए फिर पथ निर्माण विभाग के द्वारा मेरे सुझाव के आलोक में स्थल निरीक्षण उपरांत पाया गया कि अगर अम्बा बाईपास का निर्माण पिपरा मोड़ से सिमरा मोड़ भाया झरहा मोड़ सोनबरसा कर दिया जाए तो उक्त बाईपास की उपयोगिता काफी बढ़ जाएगा और मेरे सुझाव पर पथ निर्माण विभाग ने इस बाईपास का निर्माण कार्य की स्वीकृति नए एलायमेंट के रूप में दिया है। इस बाईपास के निर्माण होने से यात्रियों को जाम की समस्या से निजात मिलेगा अब लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा इस निर्माण कार्य के लिए औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र और कुटुंबा एवं अम्बा के लोगों ने सांसद के प्रति धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया है।

# तेजस्वी के मुख्यमंत्री बनने से ही राज्य का होगा तरक्की व विकास: जिलाध्यक्ष

पूर्णिया, प्रात : किरण संवाददाता



कसबा प्रखंड के मोहनी पंचायत में जिला अध्यक्ष मिथिलेश कुमार दास की अध्यक्षता में जिला महासचिव मोहम्मद नूरुल हक के अगुवाई में नूरुल हक के सैकड़ों समर्थकों ने लालू प्रसाद एवं तेजस्वी प्रसाद यादव के विचारधारा से प्रभावित होकर आरजेडी की सदस्यता ग्रहण किया। सदस्यता ग्रहण करने वाले में समाजसेवी मोफिज उद्दीन वार्ड सदस्य, उमाकांत यादव वार्ड सदस्य, मोहम्मद आलम वार्ड सदस्य, मोहम्मद रफीक, बबलू उरांव, कुंदन उरांव, तजीबुर रहमान, डॉक्टर तबरेज, मौलवी फहीमुद्दीन, डॉक्टर अमीरुद्दीन, इंतखाब आलम, इत्तेखार आलम, हारून रशीद, अलीमुद्दीन समेत सैकड़ों लोगों ने आरजेडी की सदस्यता ली। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्री दास ने कहा कि सभी नवनियुक्त सदस्य का आरजेडी परिवार में दिल से स्वागत करता हूं, आप लोगों से निवेदन करता हूं की बिहार को हर क्षेत्र मैं तरक्की करने के लिए तेजस्वी यादव को बिहार के मुख्यमंत्री बनाना ही एकमात्र विकल्प है। उन्होंने कहा कि जहां एक तरफ सांप्रदायिकता ताकत को बढ़ावा देकर बीजेपी और आरएसएस वाले देश को गुलामी की ओर ले जाने का काम कर रहे हैं, वहीं तेजस्वी प्रसाद यादव हर मुद्दे पर बिहार और देश की जनता के साथ खड़े रहते हैं। चाहे किसान का मुद्दा हो, चाहे ठेके पर बहाली का मुद्दा हो, चाहे देश के नौजवानों से खिलवाड़ करने वाले एजेंडा अग्निपथ का मुद्दा हो, हर जगह तेजस्वी यादव एवं समस्त आरजेडी परिवार बिहार और देश के जनता के हित में सड़क से लेकर संसद तक खड़े उतरते हैं। वहीं जिला महासचिव नुरुल हक ने कहां की देश के अंदर आरजेडी ही एकमात्र सेकुलर दल है और खास करके बिहार में आरजेडी से बेहतर कोई राजनीतिक दल नहीं है एवं तेजस्वी यादव से बेहतरीन कोई नेता नहीं है। तेजस्वी यादव बिहार के भविष्य हैं। इस कार्यक्रम के अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजेश रमण, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार राय, जिला महासचिव पंकज कुमार मंडल उर्फ गुड्डू, जिला सचिव निशांत वर्मा, प्रखंड अध्यक्ष चमक लाल यादव, आपदा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष विजय यादव, मनोज शाह आदि उपस्थित थे।

# पचास हजार के आभूषण व 11 हजार रुपए की हुई चोरी

बोचहां, प्रात : किरण संवादाता

मुजफ्फरपुर जिले के बोचहां थाना क्षेत्र के अंतर्गत बल्थी रसूलपुर पंचायत के विभिन्न वार्ड में गुरुवार की देर रात चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। बाजीतपुर गांव निवासी रूदल राय के घर से चोर पचास हजार रुपए से अधिक के आभूषण व ग्यारह हजार कैश चोरी कर अपने साथ ले गए। घर में चोरी के शिकार हुई रुदल राय की पत्नी सुनैना देवी बताती है कि दो वर्ष पूर्व ही बेटी की शादी की है। शादी करने के बाद पता चला कि दामाद जुवेरी नसेरी है रोज जुआ खेलता है। रोज जेवर बेचने की बात करता था, पति द्वारा जेवर बेच कर जुआ खेल जाने के डर से मेरी बेटी ने उस आभूषण को अपने मां के घर पर रखे हुई थी, यह भी बताया कि गुरुवार की देर रात गर्मी ज्यादा थी, हमलोग दरवाजे पर सो रहे थे, इसका फायदा उठाकर चोर घर में घुसकर ट्रंक का ताला तोड़ दिया उसमें रखे आभूषण और कैश चुरा कर फरार हो गया, और उसमें रखे सारे सामान को भी वहीं पर बिखेर दिया। दूसरी तरफ एतवारपुर ताज गांव निवासी नसरूल हसरुल सहित अन्य की खस्सी को गुरुवार की रात चोर ले गए। घटना की जानकारी गांव निवासी समीदा खातून ने बताया 2 माह पूर्व ही कुबार्नी करने के लिए चार खस्सी पैंतालीस हजार रुपए में खरीदा गया था। वह भी चोरी हो गया, अब कैसे कुबार्नी होगा कहां से इतने सारे रुपए लाएंगे लगता है इस बार बगैर कुबार्नी ही त्यौहार मनाना पड़ेगा, वही बल्थी गांव निवासी नथुनी पासवान के दरवाजे पर से गुरुवार की देर रात बीस हजार रुपए के कीमत की एक खस्सी एक बकरी को चोर ने चोरी कर अपने साथ ले गया। इस घटना से ग्रामीण सहमे हुए हैं। घटना की सूचना पर पहुंचे एसआई सुरेंद्र प्रसाद यादव ने बताया पुलिस जांच में जुट गई है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

औरंगाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, प्रणव शंकर द्वारा आज जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रकोष्ठ में अग्रणी बैंक प्रबन्धक, क्षेत्रीय प्रबन्धक, शाखा प्रबन्धक, के साथ बैठक किया गया है तथा आगामी 13 अगस्त को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों के सिलसिले में उनके द्वारा बैंक ऋण से सम्बन्धित मामले को राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटाने हेतु आवष्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

साथ ही बैंक से सम्बन्धित पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि कोरोना काल में लोगों की आर्थिक स्थिति कमजोर हुई वैसी परिस्थिति में बैंक को लचिला रूप रखकर समझौता करने के लिए आगे आना होगा। सचिव द्वारा बताया गया कि बैंक के पदाधिकारियों द्वारा आष्वासन दिया गया कि वैसे मामलें जो पुरानें हैं और सम्बन्धित पक्षकार राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अपने बकाया ऋण को निपटाना चाहते हैं उन्हें अधिक से अधिक लाभ दिया जायेगा।

सचिव द्वारा अधिक से अधिक लोगो को इसका लाभ देने हेतु बैक के पदाधिकारियों को निदेशित किया गया साथ ही सचिव के द्वारा पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि 13 अगस्त को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 2000 वादों का निष्पादन का लक्ष्य है, यह तभी प्राप्त होगा जब बैंक पदाधिकारी लचिला एवं मानवीय पहलु को ध्यान में रखेंगें।

पदाधिकारियों ने इस बात का आष्वासन सचिव को दिया कि उनके द्वारा पुरी कोशीश की जायेगी कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए निर्धारित किया गया लक्ष्य प्राप्त हो। बैठक में अग्रणी बैंक प्रबन्धक, उपेन्द्र चतुवेर्दी दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के प्रबन्धक सन्टु कुमार, मयंक कुमार सिन्हा, भारतीय स्टेट बैंक के राजेष कुमार, पंजाब नेशनल बैंक से दिनेश कुमार, डीसीओ राजेश धवल तथा अन्य बैंक के पदाधिकारी उपस्थित रहें। सचिव द्वारा बैंक से सम्बन्धित पदाधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया कि विशेष बैठक प्री सिटिंग कर आने वाले ऋणियों के साथ मामलें का अधिक से अधिक निपटारा करें।

# अग्निपथ योजना के विरोध में किसानों ने फूंका पीएम का पुतला

बेतिया, प्रात : किरण संवाददाता



संयुक्त किसान मोर्चा ने सरकार के द्वारा लाए गए अग्नीपथ योजना का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा है की देश के नौजवान जो सेना में भर्ती होते हैं। वह किसान के ही बेटे हैं। केंद्र की मोदी सरकार पहले किसानों पर हमले किए। 13 महीने तक चली ऐतिहासिक किसान आंदोलन की जीत के बाद अब किसानों के बेटे पर हमले किए जा रहे हैं।

4 साल की नौकरी उसके बाद पेंशन नहीं, किसी तरह का कोई पद नहीं। यह मोदी सरकार की राष्ट्रद्रोही कदम है। इसलिए इसको अविलंब वापस लेने के लिए आज 24 जून को राष्ट्रव्यापी मार्च बेतिया में किया गया तथा सोवा बाबू चौक पर प्रधानमंत्री का पुतला फूंका गया और राष्ट्रपति से अग्निपथ योजना को वापस लेने की मांग की गई। यह प्रदर्शन राज देवढ़ी स्थित शहीद चंद्रशेखर आजाद के एचपी आदमकद प्रतिमा स्थल से मार्च निकला और सोवा बाबू चौक पर पहुंच कर सभा में तब्दील हो गया।

पश्चिम चंपारण संयुक्त किसान मोर्चा के जिला संयोजक प्रभुराज नारायण राव ने कहा कि अगर राष्ट्रपति महोदय इस नौजवान विरोधी, जन विरोधी तथा राष्ट्रविरोधी योजना को रद्द नहीं करते तो संयुक्त किसान मोर्चा पश्चिम चंपारण जिले के गांव गांव में जाकर किसान तथा नौजवानों जगाएगा।

# अररिया: जज को बिना कोविड डोज लिए ही आया मैसेज और सर्टिफिकेट

अररिया, प्रात : किरण संवाददाता




केंद्र हो या राज्य की सरकार कोरोना से बचाव के लिए लगातार लोगों को जागरूक कर रही है वही, साथ ही लोगों को कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण को लेकर भी काफी जागरूक किया जा रहा है लेकिन टीकाकरण को लेकर गलत जो आंकड़ा पेश किए जाने का मामला शुरू से ही सुर्खियों में रहा है। टीकाकरण आंकड़ों की गलत रिपोर्ट पेश करने में भद पीटने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग अपने कारगुजारियों से बाज नहीं रहा है।

जबकि कोरोना से बचाव के लिए तीसरे डोज यानी प्रीकॉशन डोज को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। अररिया स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही सामने आई और इसबार लापरवाही ऐसी की न्यायाधीश और उसकी पत्नी को बगैर डोज लिए ही न केवल दोनों के मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से सफलतापूर्वक प्रीकॉशन डोज लेने की सूचना ही प्राप्त हुई बल्कि आरोग्य सेतु एप्प पर बकायदा दोनों का सर्टिफिकेट भी जारी हो गया।फिर क्या था न्यायाधीश ने जब स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी के साथ जिला प्रशासन को लापरवाही को लेकर पत्र लिखा तो एएनएम पर दोषारोपण करते हुए उसके ऊपर निलंबन की गाज गिर गयी। दरअसल मामला है अररिया सिविल कोर्ट के एडीजे-सह-जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव धीरेन्द्र कुमार और उसकी पत्नी रश्मि कुमारी को मैसेज के माध्यम से कोविड का प्रीकॉशन डोज लेने की सूचना के साथ आरोग्य सेतु एप्प के माध्यम से सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ।जबकि एडीजे धीरेन्द्र कुमार और उसकी पत्नी ने डोज लिया ही नहीं।वही, मामले को लेकर एडीजे धीरेन्द्र कुमार ने अपने पत्रांक 942 दिनांक-23.06.2022 के माध्यम से सिविल सर्जन समेत जिला प्रशासन को पत्र लिखकर पूरे वाकये की जानकारी देते हुए इतनी बड़ी लापरवाही पर ध्यान आकृष्ट कराया तो स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। प्रीकॉशन डोज के प्रमाण पत्र में टीकाकर्मी में एएनएम प्रमिला कुमारी का नाम अंकित है और टीकाकरण स्थल के रूप में अररिया का बेलवा अंकित था। न्यायाधीश का मामला सामने आने के बाद तुरंत ही स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हुआ और तत्काल ही सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने आदेश ज्ञापांक संख्या-1376 दिनांक-23.06.2022 निकालकर कार्य मे लापरवाही तथा कर्तव्यहीनता के आरोप में अररिया पीएचसी की एएनएम प्रमिला कुमारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

# टीबी से मुक्ति के लिए समुदाय को जागरूक करेंगे टीबी चैंपियन

मझौलिया, प्रात : किरण संवाददाता



अब समुदाय से टीबी बीमारी को पूरी तरह खत्म करने के लिए टीबी चैंपियन भी सहयोग करेंगे। इसके लिए बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग और कर्नाटका हेल्थ प्रोमोशन ट्रस्ट(केएचपीटी)के द्वारा टीबी चैंपियन को प्रशिक्षण देने की कवायद शुरू कर दी गयी है।

इसी के तहत शुक्रवार को मझौलिया प्रखंड मुख्यालय स्तिथ अधिकार जीविका महिला संकुल संघ कार्यालय में टीबी चैंपियन का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में केएचपीटी की जिला लीड मेनका सिंह ने कहानी और प्रोजेक्टर के माध्यम से टीबी चैंपियन को उनके गुण, आत्मविश्वास और क्षमता तथा समुदाय को टीबी बीमारी के बारे में किस तरह जागरूक करेंगे इसके बारे में चर्चा की। प्रशिक्षण के बाद ये सभी टीबी चैंपियन समुदाय में टीबी मरीजों एवं समुदाय के लोगों को टीबी के बारे में जागरूक करेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 14 टीबी चैंपियन को प्रशिक्षण दिया गया। आपको बता दें कि बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग और केएचपीटी के द्वारा पश्चिमी चंपारण जिले में टीबी बीमारी उन्मूलन हेतु जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।मौके पर केएचपीटी के जिला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी सुमीत कुमार, सामुदायिक समन्वयक डॉ घनश्याम, अनिल कुमार, टीबी चैंपियन पूनम कुमारी, रीता कुमारी, शंभु राम, राजा बाबू, सुबोध राम आदि उपस्थित रहें।

# पूर्व के एक शराब कारोबारी एवं एक वारंटी गिरफ्तार

**मझौलिया।** शुक्रवार के दिन मझौलिया पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न ठिकानों से पूर्व के शराब कारोबारी के मामले में प्राथमिकी दर्ज एक आरोपीत व एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। यह जानकारी थाना अध्यक्ष अशोक कुमार साह ने दी। उन्होने बतया की इन के विरुद्ध थानाकाण्ड संख्या 587/19 दिनांक 22/11/19 धारा 30(ए),37(बी) बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम पूर्व के प्राथमिकी अभियुक्त गोवारी माझी पिता स्व. सिगासन माझी साकिन महोदीपुर मुसहर टोली निवासी को गिरफ्तार किया गया वही जिला नीलम पत्र संख्या 86/ 20-21 के नामजाद वारंटी रामचंद्र महतो पिता मुसाफिर महतो साकिन रुलही विशंभरा। इन दोनों को मेडिकल जांच उपरांत मझौलिया पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस पुलिसिया कार्रवाई से शराब कारोबारी हो या वारंटी में हड़कंप मचा हुआ है।

# जिलेबिया में 13 जुलाई से नीलकंठ महादेव सेवा समिति के शिविर की होगी शुरूआत

औरंगाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

- एक माह तक निशुल्क की जाएगी कांवरिया पथ से गुजरने वाले लाखों भक्तों की सेवा

कोरोना महामारी के कारण 2 सालों तक सावन माह में सुना रहने वाला कांवरिया पथ इस बार हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजता दिखाई देगा। सावन में 105 किलोमीटर की इस कांवर यात्रा में शिवभक्तों का रैला सुल्तानगंज गंगा घाट से जल लेकर देवघर स्थित बाबाधाम में अर्पित करने के लिए रवाना हो जाएगा। आगामी 14 जुलाई से शुरू होने जा रहे विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला में कांवरियों को यात्रा के दौरान दी जाने वाली सारी सुविधाओं को धरातल पर उतारने के लिए जिला प्रशासन की तैयारी जोरों पर है। वहीं औरंगाबाद जिले की नीलकंठ महादेव सेवा समिति भी कांवरियों को 1 माह तक निशुल्क सेवा प्रदान करने के लिए दिन-रात तैयारी में लगी हुई है। समिति के लखन प्रसाद गुप्ता ने बताया कि इस बार 13 जुलाई से लेकर 11 अगस्त तक नीलकंठ महादेव सेवा समिति का कांवरियों के लिए निशुल्क शिविर बांका जिले के मधुकरपुर जिलेबिया में लगाया जा रहा है। समिति दूसरी बार यहां निशुल्क शिविर लगा रही है। पिछले बार की अपेक्षा इस बार की तैयारी काफी बेहतरीन है जिसका लाभ कांवरिया पथ से गुजरने वाले लाखों शिव भक्तों को मिलेगा। उन्होंने बताया कि शिविर में भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें हजारों कांवरियों के रहने, खाने-पीने की समुचित व्यवस्था की जाएगी। साथ ही पैदल चलने के कारण उनके पैरों में होने वाले दर्द के निवारण के लिए आधुनिक मशीन, डॉक्टर, नर्स, दवा के अलावा इमरजेंसी में एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है। जयराम केशरी, राजेश चौधरी व जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि कांवरिया पथ में जिलेबिया एक ऐसी जगह है जहां कांवरियों की सेवा के लिए आसपास में कोई भीनिशुल्क शिविर नहीं लगा रहता है। ऐसेमें नीलकंठ महादेव सेवा समिति कांवरियों की जरूरत के अनुसार ही जिलेबिया में शिविर लगाती है और आगे भी लगाते रहेगी। समिति के लप्पू गुप्ता ने बताया कि शिविर में प्रतिदिन भक्ति जागरण का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें बाहर के कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। इससे कांवरियों में भोलेनाथ के प्रति उत्साह जगेगा और उनकी थकान भी मिटेगी।

# 25 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बगहा।** सेमरा थाना की पुलिस ने 25 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। इस दौरान थानाध्यक्ष धीरज कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कटकुइयां बंजरिया मोड़ के समीप पुल के पास पुलिस दल छुपी हुई थी, रात्रि के करीब 8:30 बजे जीतपुर बंजरिया के तरफ से एक बाइक आता देख पुलिस ने गाड़ी को रोका जिसके दौरान जांच किया गया तो 25 लीटर देसी चलाई शराब के साथ-साथ 6700 सौ रुपये नकद तथा एक मोबाइल व एक बाइक के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान थाना क्षेत्र के कटकुइयां गांव निवासी गफ्फार देवान के रूप में की गई है। वही बिहार मध्य निषेध अधिनियम के तहत कांड दर्ज कर बगहा न्यायालय को भेज दिया गया।

# बलिदान दिवस के रूप में मनायी गयी जनसंघ संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि

पूर्णिया, प्रात : किरण संवाददाता



भारतीय जनता पार्टी के वनभाग स्थित जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष राकेश कुमार की अध्यक्षता मे स्व.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनायी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप मे सदर विधायक विजय खेमका, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यसमिति समिति सदस्य मनोज सिंह एवं महामंत्री संजीव सिंह मंचासीन थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्व. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर की गई। जिलाध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा कि महान चिंतक, जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रखर राष्ट्रप्रेमी व्यक्तित्व के स्वामी थे। इनके जीवनशैली हम लोगो के लिए आदर्श है। उन्होंने ही एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नही चलेंगे नही चलेंगे जैसे नारे दिए। सदर विधायक विजय खेमका ने बताया कि देश की एकता और अखंडता को लेकर श्याम प्रसाद मुखर्जी ने आंदोलन चलाया था। श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार न सिर्फ भाजपा के लिए अपितु सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए अनुकरणीय है। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने जीवन में जो कार्य किए वो उस समय से बहुत आगे के थे। उन्हीं के प्रयासों से ही आज पश्चिम बंगाल और कश्मीर भारत के अभिन्न अंग हैं।

देश डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को सदैव स्मरण करता रहेगा। जिला मीडिया प्रभारी सुमित प्रकाश ने बताया कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को भाजपा कार्यकताओं द्वारा आज जिले के सभी मंडल, शक्तिकेन्द्र स्तर पर बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। जिला कार्यालय में इस अवसर पर युवा मोर्चा के नेतृत्व में 11 फलदार पौधे का वृक्षारोपण किया गया तथा मधुबनी स्थित कार्यालय में महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना साह के नेतृत्व में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला मोर्चा द्वारा मनाए गए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सह उपाध्यक्ष भाजपा क्रांति देवी ने तैलचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर कार्यक्रम की विधिवत शुभारंभ किया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी सुमित प्रकाश ने दी।

## रार और सत्ता पर वार

विधानसभा चुनाव के बाद से ही महाराष्ट्र में सत्ता हासिल करने का जो हाई वोल्टेज ड्रामा हो रहा इससे लगता है कि अब राज्य उसकी चरम परिणति की ओर बढ़ रहा है। भाजपा व शिवसेना का मिलकर चुनाव लड़ना और चुनाव परिणाम के बाद राहें अलग होना बता गया था कि राज्य को शायद ही स्थिर सरकार मिल पायेगी। हुआ भी वही, शिवसेना का अपने धुर विरोधियों एनसीपी व कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार बनने में देरी करना और राष्ट्रपति शासन का लगना। उसके बाद एनसीपी के असंतुष्ट धड़े अजित पवार के साथ सरकार बनाने की असफल कोशिश, भाजपा के मुख्यमंत्री के रूप में देवेंद्र फडनवीस का शपथ लेना व बहुमत न जुटा पाने पर इस्तीफा देना महाराष्ट्र की राजनीति के शुरूआती झटके थे। फिर ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग व एनसीबी के अस्त्र प्रयोग हुए। महाविकास अघाड़ी सरकार के दो मंत्री फिलहाल जेल में हैं। भाजपा लगातार मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर हमलावर रही। कोरोना काल के कुप्रबंधन के सवाल उठे और पार्टी के हिंदुत्व लाइन से हटने को भी मुद्दा बनाया गया। शिवसैनिक विधायक भी इस बात से आशंकित रहे हैं कि पार्टी अपने आधारभूत मुद्दे हिंदुत्व से हटकर एनसीपी व कांग्रेस की लाइन पर चल रही है। मगर, महाराष्ट्र की राजनीति में हालिया जलजला शिव सेना के विधायक दल के नेता रहे व ठाकरे सरकार में मंत्री एकनाथ शिंदे के साथ दो-तिहाई विधायकों के साथ महाराष्ट्र छोड़ने से आया है। पहले शिंदे के साथ विधायक भाजपा शासित गुजरात के सूरत पहुंचे और फिर असम में गुवाहाटी। कयास लगाये गये कि अब शिवसेना,एनसीपी व कांग्रेस गठबंधन सरकार अल्पमत में आ गई है। आक्षेप है कि ढाई साल पहले हाथ आई सत्ता गंवाने से तिलमिलाई भाजपा सुनियोजित तरीके से राज्य सरकार को गिराने में लगी थी। हालांकि, फिलहाल भाजपा यह दिखाने का प्रयास कर रही है कि यह सब शिवसेना के भीतर व्याप्त अंतर्विरोधों के चलते हुआ है। लेकिन पर्दे के पीछे की उसकी भूमिका को सभी महसूस कर रहे हैं। बहरहाल, राजनीतिक पंडितों का एक वर्ग कयास लगा रहा है कि राज्य में गठबंधन सरकार के गिनती के दिन रह गये हैं। दरअसल, इस घटनाक्रम में शिवसेना के बिखराव के बीज भी निहित हैं क्योंकि शिंदे का दावा है कि वे बाला साहब के कट्टर शिवसैनिक हैं। इससे कहीं न कहीं उद्धव ठाकरे के नेतृत्व को ही चुनौती दी जा रही है। पिछले ढाई साल लगातार गठबंधन सरकार पर भ्रष्टाचार, कोविड के दौरान अव्यवस्था व शिवसेना के पार्टी मुद्दे से भटकने आदि को लेकर भाजपा हमलावर रही है। पार्टी कहती रही है कि साथ मिलकर चुनाव लड़ने के बाद शिवसेना इस वायदे से मुकर गई कि देवेंद्र फडनवीस को मुख्यमंत्री बनाना है। पार्टी शिवसेना पर धोखा देने का आरोप लगाती रही है। बहरहाल, अब भाजपा यह दिखाने का प्रयास कर रही है कि मौजूदा घटनाक्रम में उसकी कोई भूमिका नहीं है और शिवसेना के भीतर जारी असंतोष से ये हालात बने हैं। लेकिन सवाल उठ रहे हैं कि यदि भाजपा की कोई भूमिका नहीं है तो बागी विधायकों को भाजपा शासित राज्यों में ही कैसे शरण व सुरक्षा मिल रही है। हालांकि, कैडर आधारित पार्टी शिवसेना में इतने विधायकों का बागी होना चौंकाने वाला जरूर है। दरअसल, इस विद्रोह के संकेत पहले ही मिलने शुरू हो गये थे जब राज्यसभा चुनाव में पर्याप्त मत न होते हुए भी भाजपा के तीन प्रत्याशी राज्यसभा पहुंचे। ऐसे ही हाल के एमएलसी चुनाव में भाजपा के अधिक प्रत्याशियों के जीतने व पर्याप्त मत होते हुए भी कांग्रेस प्रत्याशी के हारने से संकेत साफ थे कि गठबंधन सरकार के भीतर सबकुछ ठीक-ठाक नहीं है। कयास लगाये जा रहे हैं कि गठबंधन सरकार के खिलाफ भाजपा लंबे समय से सुनियोजित ढंग से काम कर रही थी। पार्टी उस किरकिरी से बचना चाह रही थी जो विधानसभा के चुनाव के बाद एनसीपी के बागियों की मदद से सरकार बनाने की कोशिश में हुई थी। प्रत्यक्ष तौर पर ऑपरेशन लोटस नहीं चला मगर खामोशी से अभियान जारी रहा। अब देखना होगा कि क्या भाजपा सरकार बनाने के लिये जरूरी बहुमत जुटा पाती है।

## भ्रष्टाचार पर प्रहार

दिल्ली के नए उपराज्यपाल ने भ्रष्टाचार के मामले में यहां के कुछ अफसरों के खिलाफ जैसी कार्रवाई की है, उससे एक बार फिर यह जाहिर हुआ है कि राजनीतिक दलों की कथनी और करनी में कितनी बड़ी खाई हो सकती है। उपराज्यपाल ने दिल्ली सरकार के मातहत काम करने वाले तीन अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इनमें मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कार्यालय में तैनात एक उप सचिव भी शामिल हैं, जिन पर एक पुराने मामले में कार्रवाई हुई है। इन अधिकारियों पर ताजा कार्रवाई का आधार यह है कि निलंबित अधिकारियों ने संपत्ति की खरीद-फरोख्त में गड़बड़ी की थी। फिलहाल इन सभी के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। जाहिर है, दिल्ली की आम आदमी पार्टी यानी आप की सरकार के लिए यह एक और बड़ा झटका है। यों दिल्ली के उपराज्यपाल ने अपना पद संभालने के बाद यह साफ कर दिया था कि भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जाएगी और इसके तहत जो भी दोषी होंगे, उनके खिलाफ सख्ती होगी। ताजा कार्रवाई को उनके इसी रुख का नतीजा माना जा सकता है। मगर अब इस मसले पर अगर फिर से दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच टकराव का नया अध्याय शुरू हो जाए, तो हैरानी नहीं होगी।

गौरतलब है कि दिल्ली सरकार के दो मंत्री पहले ही अलग-अलग मामलों में कानूनी कार्रवाई का सामना कर रहे हैं। इनमें स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन धनशोधन मामले में इन दिनों तिहाड़ जेल में हैं। दूसरी ओर, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर असम के मुख्यमंत्री की पत्नी ने मानहानि का मुकदमा दर्ज किया है और इसमें सौ करोड़ रुपए हर्जाना मांगा है। यह स्थिति दिल्ली में पार्टी के नेताओं की है, जो उसने भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग छेड़ने का एलान किया था और सिर्फ इसी वजह से उसके पक्ष में जनसमर्थन उभरा था। इसके अलावा, हाल ही में पंजाब में आप सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे विजय सिंगला को मंत्रिमंडल से इसलिए बर्खास्त कर दिया गया कि वे अपने महकमे में हर काम और निविदा के बदले एक फीसद कमीशन मांग रहे थे। विचित्र यह है कि पंजाब का स्वास्थ्य मंत्री बनने के बाद विजय सिंगला ने भ्रष्टाचार पर शून्य सहनशीलता का दावा करते हुए कहा था कि किसी भी तरह के भ्रष्ट आचरण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लेकिन भ्रष्टाचार के ही आरोपों में बाद उन्हें बर्खास्त और गिरफ्तार भी किया गया।

सवाल है कि आखिर आम आदमी पार्टी के सबसे मुख्य दावे में इतनी जल्दी इतना बड़ा फर्क आने की क्या वजह है। यह छिपा नहीं है कि आप की राजनीतिक बुनियाद ही भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई के दावे पर ही तैयार हुई थी। इस पार्टी के शीर्ष नेताओं ने आम जनता के बीच यह वादा किया था कि वे देश में एक नई राजनीतिक संस्कृति तैयार करेंगे, जो पूरी तरह भ्रष्टाचार से मुक्त होगी। अरविंद केजरीवाल आज भी अक्सर यह दावा करते हैं कि उनकी पार्टी के शासनकाल में अमूमन सभी जगहों से भ्रष्टाचार खत्म हो गया है। लेकिन इस दावे के बरक्स हकीकत यह है कि खुद उनके कार्यालय में उच्च स्तर का कोई अधिकारी भी भ्रष्टाचार के आरोपों में कानून के कठघरे में है। भ्रष्टाचार से मुक्त राजनीतिक संस्कृति के दावे को जमीन पर उतारना एक लंबी प्रक्रिया हो सकती है, लेकिन इसकी शुरुआत पहले अपनी पार्टी और प्रशासन के स्तर पर तय करने की जरूरत है, ताकि लोग इस समस्या को दूर हुआ महसूस कर सकें। अगर भ्रष्टाचार के विरुद्ध युद्ध का बिगुल फूंकने वाले खुद या उनके मातहत ही भ्रष्ट कारनामों में लिप्त पाए जाने लगें तो आम जनता इसे कैसे देखेगी?

**प्रेरक प्रसंग**

**वक्त का जवाब**

डॉ. जाकिर हुसैन विशेष अध्ययन के लिए, जर्मनी गए हुए थे। एक दिन जाकिर हुसैन के कॉलेज में वार्षिकोत्सव मनाया जा रहा था। कार्यक्रम के समय हो चुका था। सभी विद्यार्थी व शिक्षक वार्षिकोत्सव के लिए निर्धारित स्थल पर पहुंच रहे थे। जाकिर साहब भी जल्दी-जल्दी वहां जाने के लिए अपने कदम बढ़ा रहे थे। जैसे ही उन्होंने कॉलेज में प्रवेश किया, एक शिक्षक महोदय भी वहां पहुंचे। दोनों ही जल्दबाजी और अनजाने में एक-दूसरे से टकरा गए। शिक्षक महोदय जाकिर साहब से टक्कर होने पर गुस्से से उन्हें देखते हुए बोले, इडियट। यह सुनकर जाकिर साहब ने फौरन अपना हाथ आगे की ओर बढ़ाया और बोले, जाकिर हुसैन। भारत से यहां पढ़ने के लिए आया हुआ हूं। जाकिर साहब की हाजिर जवाबी देखकर शिक्षक महोदय का गुस्सा मुस्कुराहट में बदल गया। वह बोले, बहुत खूब। आपकी हाजिर जवाबी ने मुझे प्रभावित कर दिया। इस तरह परिचय देकर आपने हमारे देश के रिवाज को भी मात दिया है और साथ ही मुझे मेरी गलती का अहसास भी करा दिया है।

# द्रौपद्री मुर्मू : एक तीर कई निशाने

परतंत्र भारतीय व्यवस्था में अंग्रेज साम्राज्यवादियों ने भारतीय आदिवासियों के प्रति दोहरी और दोगली दृष्टि अपनाई थी। अतएव उनकी जीवन और संस्कृति को बदलने के उपाय उनकी जीवन-षैली क अध्ययन के बहाने से षुरू किए गए थे। यह अध्ययन उन्हें मानव मानकर चलने से कहीं ज्यादा, उन्हें वस्तु और वस्तु से भी इतर पुरातत्वीय वस्तु मानकर किए गए। नतीजतन आदिवासी अध्ययन और संरक्षण की सरकारी स्तर पर नई शाखाएं खुल गईं। आदिवासी क्षेत्रों में ईसाई मिशनरियों को काम के लिए उत्साहित किया गया।





**प्रमोद भार्गव**

**लेखक प्रिंट और इलेक्ट्रोनिक मीडिया से जुड़े वरिष्ठ पत्रकार है**

भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के बहाने फिर एक बड़ा दांव खोला है। दलित समुदाय से आने वाले रामनाथ कोविंद को राष्ट्रपति बनाने के बाद महिला आदिवासी नेता द्रौपदी मुर्मू को एनडीए ने राष्ट्रपति पद के लिए अपना प्रत्याषी घोषित कर जनजाति समुदाय को लुभाने का दांव चल दिया हैं। देश में करीब 13 करोड़ आदिवासी हैं। आजादी के 75वें वर्ष में पहली बार इस जाति के व्यक्ति को देश का प्रथम नागरिक बनाने की सार्थक पहल हुई है। इससे पहले अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री रहने के दौरान मुस्लिम समुदाय से एपीजे अब्दुल कलाम को राष्ट्रपति बनने का मौका मिला था। महिला राष्ट्रपति के रूप में कांग्रेस प्रतिभा पाटिल को राष्ट्रपति बना चुकी है। सोषल मीडिया पर सवाल उठाए जा रहे हैं कि जब दलित, मुस्लिम और महिला को राष्ट्रपति बना देने से इन समाजों को समग्र भला नहीं हुआ, तो फिर मुर्मू के राष्ट्रपति बन जाने से आदिवासी समुदाय का कौनसा भला हो जाएगा। बौद्धिक समुदाय के यह प्रश्न नितांत बौने एवं अप्रासंगिक हैं। दरअसल किसी भी वंचित या पिछड़े समुदाय का व्यक्ति राष्ट्र के गौरव का प्रतीक बनता है तो उस समुदाय की अस्मिता का आत्मबल बढ़ता है और वह बड़े सामाजिक समुदाओं के बराबर आ खड़ी होता है। मंडल आयोग के लागू होने के बाद पिछड़ी जातियां आज देश के नेतृत्व का प्रमुख आधार बनी हुई हैं। यही नहीं मुर्मू के राष्ट्रपति बनने से आदिवासियों का सुनियोजित ढंग से जो ईसाईकरण हो रहा है, उस पर अंकुश लगेगा, हिंदुओं से तोड़ने के लिए इनकी अलग गिनती कराने का जो षड्यंत्र रचा जा रहा है, उसके विरुद्ध इस समुदाय की आवाज बुलंद होगी और हिंदुत्व खंडित होने से बचेगा। इस चाल के बहाने भाजपा की निगाह लोकसभा की 543 सीटों में से उन 47 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटों पर भी है, जो आदिवासी बहुल हैं। गोया, देश की संप्रभुता से इस समुदाय को जोड़े रखने की भी यह एक बड़ी राजनीतिक पहल है।


परतंत्र भारतीय व्यवस्था में अंग्रेज साम्राज्यवादियों ने भारतीय आदिवासियों के प्रति दोहरी और दोगली दृष्टि अपनाई थी। अतएव उनकी जीवन और संस्कृति को बदलने के उपाय उनकी जीवन-षैली क अध्ययन के बहाने से षुरू किए गए थे। यह अध्ययन उन्हें मानव मानकर चलने से कहीं ज्यादा, उन्हें वस्तु और वस्तु से भी इतर पुरातत्वीय वस्तु मानकर किए गए। नतीजतन आदिवासी अध्ययन और संरक्षण की सरकारी स्तर पर नई शाखाएं खुल गईं। आदिवासी क्षेत्रों में ईसाई मिशनरियों को काम के लिए उत्साहित किया गया। मिशनरियों ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम तो किए, लेकिन सुनियोजित ढंग से धर्म परिवर्तन के अभियान भी चलाए। इन अभियानों में बौद्धिक भारतीयों के तर्क बाधा न बनें, इसलिए कई आदिवासी बहुल क्षेत्रों को ह्यवर्जित क्षेत्रह्य घोषित करने की कोशिशें हुईं। बहाना बनाया गया कि इनकी पारंपरिक संस्कृति और ज्ञान परंपरा को सुरक्षित बनाए रखने के ये उपक्रम हैं। मिशनरियों को स्थापित करने के परिप्रेक्ष्य में तर्क दिया कि इन्हें सभ्य और शिक्षित बनाना है। किंतु ये दलीलें तब झूठी सिद्ध हो गई, जब संस्कृति और धर्म बदलने के ये कथित उपाय अंग्रेजी सत्ता को चुनौती बनने लगीं। स्वतंत्रता आंदोलन की पहली चिंगारियां इसी दमन के विरुद्ध आदिवासी क्षेत्रों में फूटीं। भील और संथाल आदिवासियों के विद्रोह इसी दमन की उपज थे। जिस 1857 को देश का सुनियोजित प्रथम स्वतंत्रता संग्राम माना जाता है, उसमें आहुति अनेक आदिवासी समुदायों ने दी। बिरसा मुंडा, तिलका मांझी, ठक्कर बापा और गुंडाधुर जैसे आदिवासी क्रांति के नायकों की एक पूरी श्रृंखला हैं। द्रौपदी मुर्मू ओडिषा के मयूरभंज जिले के ऐसे ही क्रांतिकारी संथाल आदिवासी समुदाय से आती हैं। ओडिषा, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य-प्रदेश और झारखंड ऐसे राज्य हैं, जहां आदिवासी समुदाओं का सबसे ज्यादा धर्मांतरण ईसाई मिषनरियों ने किया है।

संघ एवं भाजपा का लक्ष्य उन कानूनी लोचों को खत्म करना भी है, जिनके बूते आदिवासियों का धर्मांतरण आसान बना हुआ है। लोकसभा के पिछले सत्र में भाजपा के दो सांसद झारखंड के निषिकांत दुबे और मध्यप्रदेश के ढालसिंह बिसेन ने धर्मांतरण के इस मुद्दे को उठाते हुए मांग की थी कि ह्यदूसरा धर्म अपनाने वाले लोगों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। क्योंकि अनुसूचित जातियों और जनजातियों को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन का चलन लगातार बढ़ रहा है। दरअसल संविधान के अनुच्छेद-342 में धर्म परिवर्तन के संबंध में अनुच्छेद-341 जैसे प्रावधानों में लोच है। 341 में स्पश्ट है कि अनुसूचित जाति (एसटी) के लोग धर्म परिवर्तन करेंगे तो उनका आरक्षण समाप्त हो जाएगा। इस कारण यह वर्ग धर्मांतरण से बचा हुआ है। जबकि 342 के अंतर्गत संविधान निमार्ताओं ने जनजातियों के आदि मत और पुरखों की पारंपरिक सांस्कृतिक आस्था को बनाए रखने के लिए व्यवस्था की थी कि अनुसूचित जनजातियों को राज्यवार अधिसूचित किया जाएगा। यह आदेश राष्ट्रपति द्वारा राज्य की अनुशंसा पर दिया जाता है। इस आदेश के लागू होने पर उल्लेखित अनुसूचित जनजातियों के लिए संविधान सम्मत आरक्षण के अधिकार प्राप्त होते हैं। इस आदेश के लागू होने के उपरांत भी इसमें संशोधन का अधिकार संसद को प्राप्त है। इसी परिप्रेक्ष्य में 1956 में एक संशोधन विधेयक द्वारा अनुसूचित जनजातियों में धर्मांतरण पर प्रतिबंध के लिए प्रावधान किया गया था कि यदि इस जाति का कोई व्यक्ति ईसाई या मुस्लिम धर्म स्वीकार्यता है तो उसे आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। किंतु यह विधेयक अब तक पारित नहीं हो पाया है। अनुच्छेद 341 के अनुसार अनुसूचित जातियों के वही लोग आरक्षण के दायरे में हैं, जो भारतीय धर्म हिंदू, बौद्ध और सिख अपनाने वाले हैं। गोया, अनुच्छेद-342 में 341 जैसे प्रावधान हो जाते हैं, तो अनुसूचित जनजातियों में धर्मांतरण की समस्या पर स्वाभाविक रूप से अंकुश लग जाएगा। द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने के बाद ऐसे झोलों को खत्म करने की संभावना बढ़ जाएगी।

झारखंड के आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक आभासी परिचर्चा में कहा था कि भारत के आदिवासी हिंदु नहीं हैं। वे पहले न कभी हिंदू थे और न कभी हिंदू होंगे। झारखंड में 32 आदिवासी प्रजातियां हैं, जो अपनी भाषा, संस्कृति और रीति-रिवाजों को अस्तित्व में बनाए रखने के लिए संघर्षरत हैं। उन्होंने यह बात अमेरिका के हार्वर्ड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एक वेबीनार में कही थी। इस बयान को लेकर विश्व हिंदू परिषद के महासचिव मिलिंद परांडे ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए सोरेन के बयान को ईसाई मिशनरियों की कुटिल चाल बताया था। दरअसल सोरेन जबसे झारखंड के मुख्यमंत्री बने हैं, तभी से 2021 के जनगणना पत्रक में नए कॉलम और कोड को लेकर विवादित बयान दे रहे हैं। भारत में ऐसे अनेक वामपंथी बौद्धिक हैं, जो भारतीय जाति व्यवस्था को लेकर दुराग्रहों से भरे हैं। जबकि स्वयं उसी जातिवाद के अनुयायी हैं। हालांकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हमेशा इस कोशिश में रहा है कि आदिवासी जनगणना प्रारूप में अपना धर्म हिंदू लिखें। प्रकृति के उपासक देश के सभी 645 आदिवासी समुदाय हिंदू हैं, क्योंकि वे भगवान शिव की पूजा के साथ उन सभी देवी-देवताओं की पूजा करते हैं, जिनकी बृहद हिंदू समाज पूजा करता है। यही नहीं इन्हीं देवों से वे अपनी उत्पत्ति बताते हैं। देशभर की आदिवासी लोक-कथाएं इन तथ्यों की पुष्टि करती हैं। वाल्मीकि रामायण और महाभारत में आदिवासियों को वनवासी कहा गया है। इन वनवासी पात्रों की मान्यता समूची सनातन संस्कृति में राम और कृष्ण के समतुल्य है। आदिवासी ! कहने को तो चार अक्षरों की छोटी सी संज्ञा है, लेकिन यह षब्द देश भर में फैली अनेक आदिवासी या वनवासी नस्लों, उनके सामाजिक संस्कारों, संस्कृति और सरोकारों से जुड़ा है। इनके जितने सामुदायिक समूह हैं, उतनी ही विविधतापूर्ण जीवन शैली और संस्कृति है। चूंकि अभी भी इस संस्कृति के जीवनदायी मूल्यों और उल्लासमयी अठखेलियों से अपरिचित हैं, इसलिए इनका जीवन हमारे लिए विस्मयकारी बना हुआ है। इस संयोग के चलते ही उनके प्रति यह धारणा भी बना ली गई है कि एक तो वे केवल प्रकृति प्रेमी हैं, दूसरे वे आधुनिक सभ्यता और संस्कृति से दूर हैं। इस कारण उनके उस पक्ष को तो ज्यादा उभारा गया, जो घोटुल, भगोरिया और रोरूंग जैसे उन्मुक्त रीति-रिवाजों और दैहिक खुलेपन से जुड़े थे, लेकिन उन मूल्यों को नहीं उभारा गया, जो प्रकृति से जुड़ी ज्ञान-परंपरा, वन्य जीवों से सह-अस्तित्व, प्रेम और पुनर्विवाह जैसे आधुनिकतम सामाजिक मूल्यों व सरोकारों से जुड़े हुए हैं। इन संदर्भों में उनका जीवन व संस्कृति से जुड़ा संसार आदर्श रहा है।

# बढ़ता रेगिस्तान और सूखा दुनिया के समक्ष बड़ी चुनौती

मरुस्थलीकरण और सूखा दिवस का उद्देश्य सभी स्तरों पर मजबूत व सामुदायिक भागीदारी और सहयोग में निहित है। यह दिन मरुस्थलीकरण, भूमि क्षरण और सूखे के मुद्दों और इससे निपटने के तरीके के बारे में सभी को जागरूक करने के लिए आयोजित किया जाता है। विश्व स्तर पर, २३ प्रतिशत भूमि अब उत्पादक नहीं है, वहीं 75 प्रतिशत में ज्यादातर भूमि को कृषि के लिए उसकी प्राकृतिक अवस्था से बदल दिया गया है। हालांकि, वर्तमान में भूमि उपयोग में यह परिवर्तन मानव इतिहास में किसी भी समय की तुलना में काफी तेज गति से हो रहा है, और पिछले 50 वर्षों में इसमें तेजी आई है।





**ललित गर्ग**

**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

वर्ष 1995 से प्रत्येक साल विश्व के विभिन्न देशो में 17 जून को विश्व रेगिस्तान एवं सूखा रोकथाम दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय सहयोग से बंजर और सूखे के प्रभाव का मुकाबला करने के लिए जन जागरूकता को बढ़ावा देना है एवं भविष्य में रहने के लिये भूमि, पर्यावरण एवं जल आदि समस्याओं के लिये सर्तक करना है। मरुस्थलीकरण तब होता है जब उपजाऊ भूमि मानव गतिविधि के माध्यम से मिट्टी के अत्यधिक दोहन के कारण शुष्क हो जाती है। किसी ग्रह के जीवन चक्र के दौरान मरुस्थल स्वाभाविक रूप से बनते हैं, लेकिन जब मानव के अति दोहन एवं प्रकृति के प्रति उपेक्षा के कारण मिट्टी में पोषक तत्वों की भारी और अनियंत्रित कमी होती है, तो यह मरुस्थलीकरण की ओर ले जाता है। वहीं बढ़ती विश्व जनसंख्या के कारण रहने के लिए अधिक भूमि की आवश्यकता होती है। साथ ही मनुष्यों और जानवरों दोनों के लिए भोजन एवं पानी की मांग बढ़ जाती है। इन मांगों और आवश्यकताओं को पूरा करने अच्छी उपजाऊ भूमि का संयम एवं विवेकपूर्वक उपयोग जरूरी है। वर्ष 1994 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बंजर और सूखे से जुड़े मुद्दे पर विश्व-जन का ध्यान आकर्षित करने और सूखे और मरुस्थलीकरण का दंश झेल रहे देशों मरुस्थलीकरण रोकथाम कन्वेंशन के कार्यान्वयन के लिए विश्व मरुस्थलीकरण रोकथाम और सूखा दिवस की घोषणा की। मरुस्थलीकरण और सूखा दिवस का उद्देश्य सभी स्तरों पर मजबूत व सामुदायिक भागीदारी और सहयोग में निहित है। यह दिन मरुस्थलीकरण, भूमि क्षरण और सूखे के मुद्दों और इससे निपटने के तरीके के बारे में सभी को जागरूक करने के लिए आयोजित किया जाता है। विश्व स्तर पर, 23 प्रतिशत भूमि अब उत्पादक नहीं है, वहीं 75 प्रतिशत में ज्यादातर भूमि को कृषि के लिए उसकी प्राकृतिक अवस्था से बदल दिया गया है। हालांकि, वर्तमान में भूमि उपयोग में यह परिवर्तन मानव इतिहास में किसी भी समय की तुलना में काफी तेज गति से हो रहा है, और पिछले 50 वर्षों में इसमें तेजी आई है। इसीलिये रेगिस्तान या मरुस्थल के रूप में बंजर, शुष्क क्षेत्रों का विस्तार होता जा रहा है, जहाँ वनस्पति नहीं के बराबर होती है, यहाँ केवल वही पौधे पनप सकते हैं, जिनमें जल संचय करने की अथवा धरती के बहुत नीचे से जल प्राप्त करने की अदभुत क्षमता हो। इस क्षेत्र में बेहद शुष्क व गर्म स्थिति किसी भी पैदावार के लिए उपयुक्त नहीं होती है। वास्तविक मरुस्थल में बालू की प्रचुरता पाई जाती है। मरुस्थल कई प्रकार के हैं जैसे पथरीले मरुस्थल में कंकड़-पत्थर से युक्त भूमि पाई जाती है। इन्हें अल्जीरिया में रेग तथा लीबिया में सेरिर के नाम से जाना जाता है। चट्टानी मरुस्थल में चट्टानी भूमि का हिस्सा अधिकाधिक होता है। इन्हें सहारा क्षेत्र में हमादा कहा जाता है। राजस्थान प्रदेश में थार का रेगिस्तान दबे पांव अरावली पर्वतमाला की दीवार पार कर पूर्वी राजस्थान के जयपुर, अलवर और दौसा जिलों की ओर बढ़ रहा है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के राजस्थान में चल रहे प्रोजेक्ट में ऐसे संकेत मिल रहे हैं। अब तक 3000 किमी लंबे रेगिस्तानी इलाकों को उत्तर प्रदेश, बिहार और प. बंगाल तक पसरने से अरावली पर्वतमाला रोकती है। कुछ वर्षो से लगातार वैध-अवैध खनन के चलते कई जगहों से इसका सफाया हो गया है। उन्हीं दरारों और अंतरालों के बीच से रेगिस्तान पश्चिम से पूर्व की ओर बढ़ चला है।

यही स्थिति रही तो आगे यह हरियाणा, दिल्ली, यूपी तक पहुंच सकता है। लगातार बढ़ रहा रेगिस्तान एक गंभीर चिन्ता का विषय है। भूमि और सूखा एक जटिल और व्यापक सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय प्रभावों के साथ प्राकृतिक खतरे के अतिक्रमण के अलावा किसी भी अन्य प्राकृतिक आपदा की तुलना में अधिक लोगों की मृत्यु और अधिक लोगों को विस्थापित करने के लिए जाना जाता है। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि 2025 तक, 1.8 बिलियन लोग पूर्ण रूप से पानी की कमी का अनुभव करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी दूसरी पारी में अब प्रकृति- पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण-मुक्ति के साथ बढ़ते रेगिस्तान को रोकने के लिये सक्रिय हैं। कुशल राजनीतिक की तरह वे जुझारू किसान एवं पर्यावरणविद की भांति धरती पर मंडरा रहे खतरों एवं बढ़ते रेगिस्तान को रोकने के लिये जागरूक हुए हैं। बंजर जमीन को उपजाऊ बनाने एवं पर्यावरण की रक्षा को लेकर प्रधानमंत्री का संकल्प एक शुभ संकेत है, नये भारत के अभ्युदय का प्रतीक है। उम्मीद करें कि सरकार की नीतियों में जल, जंगल, जमीन एवं जीवन की उन्नत संभावनाएं और भी प्रखर रूप में झलकेगी और धरती के मरुस्थलीकरण के विस्तार होते जाने की स्थितियों पर काबू पाने में सफलता मिलेगी। प्रधानमंत्री ने भारत 2030 तक 2.1 करोड़ हेक्टेयर बंजर जमीन को उपजाऊ बनाने के अपने लक्ष्य को बढ़ाकर 2.6 करोड़ हेक्टेयर किया है, इससे पर्यावरण की रक्षा तो होगी कि ऊपजाऊ भूमि का भी विस्तार होगा। देखने में आ रहा है कि कथित आधुनिक समाज एवं विकास का प्रारूप अपने को कालजयी मानने की गफलत पाले हुए है और उसकी भारी कीमत भी चुका रहा है। लगातार पांव पसार रही तबाही इंसानी गफलत को उजागर तो करती रही है, लेकिन समाधान का कोई रास्ता प्रस्तुत नहीं कर पाई। ऐसे में अगर मोदी सरकार ने कुछ ठानी है तो उसका स्वागत होना ही चाहिए। क्या कुछ छोटे, खुद कर सकने योग्य कदम नहीं उठाये जा सकते? मरुस्थलीकरण का विस्तार और प्रकृति के साथ खिलवाड़ होता रहा तो वह दिन दूर नहीं होगा, जब हमें शुद्ध पानी, शुद्ध हवा, उपजाऊ भूमि, शुद्ध वातावरण एवं शुद्ध वनस्पतियाँ नहीं मिल सकेंगी। इन सबके बिना हमारा जीवन जीना मुश्किल हो जायेगा। आज आवश्यकता है कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की ओर विशेष ध्यान दिया जाए, जिसमें मुख्यतः धूप, खनिज, वनस्पति, हवा, पानी, वातावरण, भूमि तथा जानवर आदि शामिल हैं।

# दंगा संस्कृति

**पूरन सरमा**

दंगा हमारा राष्ट्रीय कार्यक्रम है। हमारे देश में यह प्रायोजित भी करवाया जाता है। वक्त जरूरत जिसको इसकी आवश्यकता होती है, वह दंगा उठा लेता है और दे मारता है देश के भाल पर। राष्ट्रवादियों ने इसे तहेदिल से अपनाया है। यह कहना भी अतिशयोक्तिपूर्ण नहीं होगा कि अब दंगा ही हमारी राष्ट्रीय मुख्यधारा का मार्ग बन रहा है तथा सभी राजनीतिक दलों का झुकाव कमोबेश रूप में दंगों की ओर हो गया है। साम्प्रदायिकता भड़काना और धार्मिक उन्माद से वर्ग संघर्ष उभारना हमारी दिनचर्या में शामिल होने लगा है। धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र में हम धर्म की दुहाई देकर अपने-अपने झंडे उठाए भिड़ने को तैयार बैठे हैं। कहिए कैसी लगती है हमारी यह धर्मनिरपेक्षता? दंगा संस्कृति का उद्भव और विकास यों तो ज्यादा प्राचीन नहीं है, परंतु दंगा समर्थक इसे आदि संस्कृति से जोड़कर अपने पक्ष में समर्थन जुटाते हैं। जबकि दंगा राजनीति का उद्भव आजादी के वर्ष में हुआ तथा तब से आज तक वह दिन दूनी रात चौगुनी फल-फूल रही है। आज तो हालात और भी पक्ष में हो गए हैं तथा दंगाइयों की संख्या भी उसी अनुपात से पनप रही है। दंगा हमारी जरूरत बनता जा रहा है और लगने लगा है कि बिना इसकी सहायता के अनेक समस्याओं का हल खोजना कठिन हो गया है। इसलिए नियोजित ढंग से दंगा-संस्कृति को पनपाया जा रहा है। दंगाइयों की वानर सेना पूरी तरह व्यावसायिक हो गई है-जिसे जिस तरफ से भरपेट भोजन मिलता है, उसी ओर से वार करने लगती है। भारत में दंगों का अपना मौलिक स्वरूप है। यहां जैसे दंगे अन्यत्र दुर्लभ हैं। क्षुद्र स्वार्थों के लिए आपसी टकराव, अलगाव तथा आतंक का सहारा लेना नियति बन गया है तथा इसे उद्योग रूप में संचालित किया हुआ है। पैसा चाहे देशी हो या विदेशी हमारे दंगाइयों को इससे कोई मतलब नहीं, वे बस मारकाट मचा देंगे तथा कर्फ्यू लगवा देंगे। उन्हें हथियार, गोली-बारूद सब मुहैया करवाया जाता है। एक सामान्य आदमी अपना पूरा जीवन लगाकर एक पिस्टल का लाइसेंस भी नियमानुसार मांगे तो उसे नहीं मिले, लेकिन दंगाई महापुरुषों के पास सैंकड़ों-हजारों की संख्या में पिस्तोलें मिल जाएंगी। इनके आयोजक मुख्य रूप से राजनीतिक लोग होते हैं-जो अपनी स्वार्थसिद्धी के लिए दंगा कराते रहते हैं। अब तो हालात यह है कि उनके पास अपना एक अच्छा खासा समृद्ध इतिहास बन गया है। मुफ्त माल मारने की बढ़ती प्रवृत्ति ने भी दंगा-संस्कृति को समुचित संरक्षण प्रदान किया है। लूट, आगजनी तथा राहजनी की घटनाएं इतनी बढ़ गई हैं कि हम अपना मूल स्वरूप खो बैठे हैं-इसका पता नहीं चला तथा हमारी आने वाली पीढ़ी को लग रहा है कि उसकी अपनी संस्कृति ही है दंगा-संस्कृति। उसे विरासत में जो मिला है-वह उसे ही आगे बढ़ाते हैं और नए कीर्तिमान कायम करते हैं। दंगा प्रधान देश होने से हमारे यहां भले मानवों के साथ बुरा हुआ है। वे न तो दंगाइयों की बुराई कर सकते और न उपदेशों की घुट्टी पिला सकते, ऐसी विकट स्थिति में इसे नियति मानकर सहते चले जाने के अलावा दूसरा रास्ता नहीं है। बचपन से ही बटमारी की हमारी आदत ने दंगा-संस्कृति का शीर्ष बना दिया गया है हमें। जो लोग दंगा कराते हैं-वे ही जांच भी कराते हैं, क्योंकि हमारे यहां लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था है।

## संक्षिप्त खबरें

### शराब के साथ दो गिरफ्तार

पटना सिटी। बाइपास थाना की पुलिस ने शराब के साथ दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। बेगमपुर जल्ला हनुमान मंदिर के समीप से रौशन कुमार और अमरजीत पासवान को 25 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि शराब पीकर हंगामा करने के मामले में ज्ञानचंद और विजय लाल को गिरफ्तार किया गया है। चारों को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है।

### फामेर्सी संस्थान के प्राचार्य ने संभाला पदभार

पटना सिटी। राजकीय फामेर्सी संस्थान के प्राचार्य के रूप में डॉ राम कुमार चौधरी ने पदभार संभाल लिया है। इसके बाद टीचर्स और स्टूडेंट्स ने नए प्राचार्य का स्वागत और सेवानिवृत्त प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार को विदाई दिया। डॉ राम कुमार ने कहा कि उनकी कोशिश क्लास का संचालन, लैबोरेटरी को व्यवस्थित कर प्रैक्टिकल कराना, छात्रों को पठन-पाठन नियमित रूप से कराना आदि है।

### एनएमसीएच में कोरोना संक्रमित दो भर्ती में एक बेऊर जेल का

पटना सिटी। तीसरी लहर के बाद शुक्रवार को कोरोना संक्रमित दो मरीजों को इलाज के लिए एनएमसीएच में भर्ती किया गया है। यह जानकारी एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ मुकुल कुमार सिंह ने जारी प्रेस बुलेटिन में शुक्रवार को दी है। उन्होंने बताया कि मेहंदीगंज की 40 साल की महिला और खगड़िया के मानसी का रहने वाला 61 साल का है। इस संबंध में अधीक्षक डॉ बिनोद कुमार सिंह ने बताया कि दोनों मरीजों को एमसीएच में भर्ती किया गया है। दरअसल एक मरीज आदर्श केंद्रीय कारा, बेऊर से आया था। उसे पहले पीएमसीएच ले जाया गया, मगर साथ आए पुलिस ने बताया कि वहां भर्ती नहीं किए जाने पर एनएमसीएच लेकर आया गया। यहां उसे आइसोलेशन में रखा गया है। यहां एक फ्लोर को कोरोना मरीज के लिए सुरक्षित रखा गया है। वैसे भी अस्पताल में आने वाले मरीज और उनके सहायकों को बिना मास्क के प्रवेश नहीं करने दिए जाने का निर्देश सुरक्षा प्रहरियों को दिया गया है। चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ से लेकर अन्य कर्मियों को भी एहतियात बरतने को कहा गया है। इसके बावजूद एनएमसी के प्राचार्य, पीजी डॉक्टर से लेकर नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य भी कोरोना संक्रमित हो रहे हैं।

# जिलाधिकारी के जनता दरबार में आए पांच सौ मामले

गया, प्रात: किरण संवाददाता



**निर्देश**

- इमांगज के अतिक्रमण रास्ते को हटाने के निर्देश
- गया शहर के दिव्याग को न्याय दिलाया जाए

समहरणालय सभाकक्ष मे जनता दरबार आयोजित किया गया जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने करीब 500 व्यक्तियों के मामले को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को जांच यथाशीघ्र कराते हुए इसके जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

जिला पदाधिकारी द्वारा जिले के वरीय पदाधिकारी एव उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी आदि द्वारा मामले को जांच करने का भी जिम्मा दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास से संबंधित आए मामलों को जिला पदाधिकारी ने उप विकास आयुक्त को संबंधित आवेदनों को यथाशीघ्र जांच करते हुए पात्रता रखने वाले व्यक्तियों को प्रधानमंत्रीएव मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाना सुनिश्चित कराएंगे।जनता दरबार में गया शहर के दिव्याग,सहित कई व्यक्तियों ने भूमि विवाद, आपसी बटवारा, अतिक्रमण, जमीन संबंधी दिक्कते आदि से संबंधित आवेदन दिए। सभी आवेदन के आलोक में जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी एव थानाध्यक्ष एवं अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अध्यक्षता में थाना स्तर एवं अनुमंडल स्तर पर प्रत्येक शनिवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में दोनों पक्षों के व्यक्तियों को बुलाकर संबधित मामलों का तेजी से निराकरण कराने का निर्देश दिए है। मोहरा के गौरी सिंह कुशवाहा, सेवानिवृत्त उच्च वर्गीय लिपिक ने आवेदन दिया कि सेवानिवृत्ति के उपरांत उन्हें पेंशन, उपदान, सेवांत लाभ का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। जिला पदाधिकारी ने स्थापना उप समाहर्ता को संबंधित मामले को जांच करते हुए जल्द से जल्द लंबित सभी भुगतान करवाने का निर्देश दिए है।वही धमसीलपचायत नगर प्रखंड के रहने वाले मनोज कुमार ने आवेदन दिया कि वार्ड संख्या 08 में लगभग 115 महादलित परिवारों के बस्ती है जहां अब तक नल जल योजना का लाभ एवं इंदिरा आवास का लाभ नहीं मिला है। जिला पदाधिकारी ने उप विकास आयुक्त तथा जिला पंचायत राज पदाधिकारी को संबंधित वार्ड की जांच करते हुए अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिए है। मोहम्मद नसीर अंसारी ने बताया कि मोरबीचक ग्राम, टोला इमामगंज, पोस्ट ऑफिस तेलारी अंचल नीमचक बथानी में आम गैरमजरूआ ग्रामीणों का रास्ता है, जिसे मुख्य सड़क तक जाने के लिए प्रयोग किया जाता है। परंतु संबंधित रास्ते को वासुदेव दास, महेंद्र रविदास सहित अन्य लोगों द्वारा अतिक्रमण कर मकान बना लिया गया है। जिला पदाधिकारी से संबंधित अतिक्रमण को हटवाने का अनुरोध किया है जिसे जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी बथानी को संबंधित मामले को गंभीरता से सुनते हुए आम रास्ता को अतिक्रमण मुक्त करवाने का निर्देश दिए है।

वही गया शहर के गया मार्केट मे एक दिव्याग को दुकान नही खोले उसके लिए असमाजिक तत्वों के द्वारा शोचालय बना दिया गया है इस पर कोइ ध्यान नही देने पर भी करवाइ होनी चाहिए। बेला बाजार के समीप लघु सिंचाई विभाग द्वारा एक पइन का निर्माण किया जा रहा है परंतु पइन निर्माण के बीच का रास्ता अतिक्रमण है, जिसके कारण पइन निर्माण का कार्य लंबित है। इस पइन से बेला अंचल के 10 गांव में लगभग 4000 एकड़ में पटवन होगा।

# एनएमसीएच में ऑर्थो व लेबर रूम कोरोना मरीज के कारण इंफेक्टेड

पटना सिटी, प्रात: किरण संवाददाता




**कोरोना**

- आज होगा फ्यूमिगेशन, डॉ, नर्स व कर्मी का होगा कोरोना जांच

एनएमसीएच में लगातार कोरोना मरीज संख्या बढ़ती जा रही है। एक तरफ जहां शुक्रवार को कोरोना संक्रमित दो मरीजों को इलाज के लिए भर्ती किया गया है, वहीं दूसरी ओर यहां स्त्री व प्रसूति विभाग का लेबर रूम और हड्डी रोग विभाग का ऑपरेशन थिएटर इंफेक्टेड हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार स्त्री व प्रसूति विभाग में मंगलवार को महिला को भर्ती किया गया था। उसे चार महीना का गर्भ था और इसी कारण से वह परेशान थी। बच्चा की स्थिति पेट मे ठीक नहीं थी। इस कारण से उसका अबॉर्शन करना जरूरी था। शुक्रवार को उस महिला मरीज का ऑपरेशन से अबॉर्शन किया गया।

हालांकि इसके पहले एंटीजन की जांच रिपोर्ट आ पाता, उसके पहले ही उसका ऑपरेशन हो चुका था। बाद में पता चला कि वह महिला कोरोना पॉजिटिव है। अब उसे शनिवार को फ्यूमिगेशन कराया जाएगा। इधर हड्डी रोग विभाग के ऑपरेशन थिएटर में एक मरीज का ऑपरेशन किया जाना था। उस मरीज का ठेहुना का हड्डी का बड़ा हिस्सा फ्रैक्चर हो गया था। इस कारण से उसका ऑपरेशन करना जरूरी था। मरीज ऑपरेशन थिएटर में चला गया। हड्डी रोग विभाग के डॉ ओम प्रकाश की यूनिट में डॉ प्रवीण कुमार, सीनियर रेजिडेंट डॉ सन्नी और पीजी से डॉ संजू व डॉ मदन ने मिलकर उसका आपरेशन किया। आपरेशन के बाद जब एंटीजन किट की जांच रिपोर्ट आई, तब पता चला कि वह मरीज कोरोना संक्रमित है। अब ऑर्थो के ऑपरेशन थिएटर को भी फ्यूमिगेशन कराने के बाद ही यहां कोई दूसरा ऑपरेशन किया जा सकेगा।

फिलहाल ऑपरेशन में लगे डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, ओटी असिस्टेंट से लेकर अन्य कर्मी कोरोना होने को लेकर डरे हैं। अधीक्षक डॉ बिनोद कुमार सिंह ने बताया कि दोनों ऑपरेशन करने वाले टीम में शामिल सभी चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, ओटी असिस्टेंट से लेकर अन्य कर्मियों की कोरोना जांच शनिवार को कराई जाएगी। साथ ही दोनों लेबर रूम और ऑर्थो के ओटी का फ्यूमिगेशन कराया जाएगा।

# चौक व खजेकलां थाना एरिया में हुआ फ्लैग मार्च



पटना सिटी, प्रात: किरण संवाददाता

पुलिस प्रशासन पहले शुक्रवार और फिर सेना बहाली में अग्निपथ योजना को लेकर मचे बबाल को शांत होने पर राहत की सांस ली।

मगर फिर शुक्रवार यानी जुम्मा को लेकर अलर्ट मोड में रही। चौक थाना के एसआई प्रदीप कुमार और परितोष कुमार के नेतृत्व में एसएसबी के जवानों ने अशोक राजपथ, मोर्चा रोड, पटना साहिब स्टेशन रोड, गुरु गोविंद पथ के रास्ते शहीद भगत सिंह चौक पहुंचा। इसके बाद खाजेकलां थाना के थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर के नेतृत्व में गया। यहां भी विभिन्न एरिया में भ्रमण कर फ्लैग मार्च किया गया। यहां से आलमगंज थाना के थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च हुआ।

# बेसिक शिक्षकों यथाशीघ्र प्रोन्नति का लाभ देने की मांग

बिहटा, प्रात: किरण संवाददाता

**माँग**

- 31 मार्च 2022 की स्थिति के अनुसार विधालयवार एवं नियोजन इकाईवार रिक्त पदों की गणना 30 जून 2022 तक माँगी गयी है
- शिक्षकों के लिए प्रोन्नति हेतु सुरक्षित रखने का निर्देश निर्गत किया जाना आवश्यक है

प्रारम्भिक शिक्षक कल्याण संघ, बिहार प्रदेश की ओर से अगले चरण के शिक्षक नियोजन प्रक्रिया प्रारंभ करने से पूर्व स्नातक कोटि के पद पर रिक्ति के 50 प्रतिशत पद पर पूर्व से कार्यरत बेसिक ग्रेड के शिक्षकों के लिए रिक्ति को सुरक्षित रखते हुए यथाशीघ्र प्रोन्नति का लाभ देने की मांग की है। इस सम्बंध में समिति की ओर से प्रदेश प्रतिनिधि शशि रंजन सुमन व आनंद कुमार मिश्रा ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग बिहार एवं निदेशक प्राथमिक शिक्षा को ज्ञापन देते हुए कहा है अगले चरण के शिक्षक नियोजन प्रक्रिया प्रारंभ करने से पूर्व स्नातक कोटि के पद पर रिक्ति के 50 प्रतिशत पद पूर्व से नियोजित शिक्षकों के लिए प्रोन्नति हेतु सुरक्षित रखने का निर्देश निर्गत किया जाना आवश्यक है। अगले चरण की शिक्षक नियोजन प्रक्रिया शुरू करना सरकार की ओर से स्वागत योग्य कदम है। परन्तु नियोजन की प्रकिया से पूर्व, पूर्व से कार्यरत शिक्षकों को प्रोन्नति देना आवश्यक है जो 9 वर्षो से लंबित रखा गया गया। विभाग द्वारा जारी पत्र में प्रक्रिया से सम्बंधित विस्तृत सूचना का विज्ञापन जुलाई माह के अंत तक जारी करने की बात कही गयी है जिसमें नियोजन हेतु 31 मार्च 2022 की स्थिति के अनुसार विधालयवार एवं नियोजन इकाईवार रिक्त पदों की गणना 30 जून 2022 तक माँगी गयी है। जब सभी रिक्तियों पर नियोजन हो जाएगी तो ऐसे में प्रोन्नति की आस संजोए शिक्षकों को प्रोन्नति नहीं मिल सकेगी। ज्ञात हो कि बिहार पंचायत प्रारंभिक शिक्षक (नियोजन एवं सेवा शर्त) नियमावली 2012 के कंडिका 15 च के उपकंडिका 2 में प्रखंड के स्नातक शिक्षकों को 50 प्रतिशत पदों को पंचायत एवं प्रखंड शिक्षक के बेसिक ग्रेड में 8 वर्षो की संतोषजनक सेवा पूरी करने वाले स्नातक योग्यताधारी शिक्षकों से भरा जाएगा एवं बिहार पंचायत प्रारंभिक विधालय सेवा (नियुक्ति, प्रोन्नति , स्थानातरण, अनुशासनिक कार्रवाई एवं सेवा शर्त)नियमावली 2020 के कंडिका 5 दो के उपकंडिका दो में पंचायत प्रारम्भिक शिक्षक के स्नातक कोटि के 50 प्रतिशत पद जो प्रोन्नति से भरे जायेंगे से सम्बंधित आवश्यक अहर्ता भी तय की जा चुकी है। स्नातक ग्रेड शिक्षकों के प्रोन्नति के साथ ही प्रारम्भिक शिक्षकों के कालबद्ध प्रोन्नति तथा प्रधानाध्यापक के पद पर भी प्रोन्नति यथाशीघ्र कराने की मांग की है।

# महिला के साथ किया मारपीट

बिहटा, प्रात: किरण संवाददाता

**मामला**

- पुलिस जख्मी महिला को रेफरल अस्पताल में इलाज करवा मामले की छानबीन में जुट गई है

थाना क्षेत्र के परेव में अकेली रह रही महिला की घर मे घुसकर चार मनचले के द्धारा छेड़खानी एवं मारपीट करने की मामला प्रकाश में आया है।इस संबंध में पीड़िता ने चार लोगो को नामजद करते हुए बिहटा थाना में लिखित शिकायत कर गुहार लगाई है। पुलिस जख्मी महिला को रेफरल अस्पताल में इलाज करवा मामले की छानबीन में जुट गई है।

जख्मी महिला की पहचान थाना क्षेत्र के परेव गांव निवासी अजय चौधरी की पुत्री खुशबू देवी (21)वर्ष के रूप में की जा रही है। इस संबंध में पीड़ित महिला खुशबू देवी का कहना था कि उसके पिता को जेल जाने के बाद पति-पत्नी लगभग दो सालों से मायके में रहकर मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण कर रही है। बीते दो दिनों पूर्व गुरुवार की शाम पति के घर नही रहने कारण गलत नियत से गांव के ही चार लोग घर मे जबर्दस्ती घुसकर बदसलूकी करने लगे। कपड़ा फाड़ कर अर्द्धनग्न कर दिया जिसके बाद हमारे साथ छेड़खानी करने लगा। जिसका विरोध करने पर उनलोगों ने हमारे बाल को पकड़ कर लात घुसे एवं बांस के डंडा से सिर पर वार कर दिया। शोर पर जबतक आसपास के आते उन लोगो ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकियां देकर चले गये।

पीड़िता ने गांव के ही चार लोगों को नामजद करते हुए लिखित शिकायत थाने में दर्ज करवाते हुए न्याय की मांग की है।वही घटना की पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि परेव गांव में एक महिला के साथ मारपीट करने का मामले की जानकारी प्राप्त हुई है। इस मामले में पीड़िता महिला ने गांव के ही चार लोगों पर छेड़खानी एवं मारपीट करने का लिखित शिकायत दर्ज कराई है। फिलहाल आवेदन के आधार पर करवाई किया जा रहा है जल्द ही बदमाशों की गिरफ्तारी किया जायेगा।

# जय गुरुदेव उत्सव हॉल के समीप पेड़ के नीचे मिला बुजुर्ग व्यक्ति का शव, इलाके में फैली सनसनी

बिहटा, प्रात: किरण संवाददाता



शुक्रवार को अलहे सुबह बिहटा थानाक्षेत्र के जीनपुरा रोड स्थित जय गुरुदेव उत्सव हॉल के समीप पेड़ के नीचे से पुलिस ने एक बुजुर्ग व्यक्ति के शव को बरामद किया। इधर शव मिलने से इलाके मे सनसनी फैल गयी। मृतक बुजुर्ग व्यक्ति की पहचान भोजपुर जिला के चांदी थाना क्षेत्र निवासी स्व. मंगूरु साव का 55 वर्षीय पुत्र विनोद साव के रूप में हुई है। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु अनुमंडल अस्पताल दानापुर भेज दिया है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि विनोद साव कल यानी गुरुवार की सुबह से घर से मजदूरी को लेकर निकले थे लेकिन देर रात्रि तक वह घर वापस नहीं है जिसके बाद परिवार के लोगों ने काफी खोजबीन किया। परिवार के लोगों ने बताया सुबह पता चला कि उनका शव बिहटा थाना में पड़ा हुआ। इधर मौत के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है मृतक के बेटा मुटुर साव ने बताया कि शव को देखने से ऐसा लगता है कि किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी है जिससे उनकी मौत हो गई है।

थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि थानाक्षेत्र के जिनपुरा रोड स्थित जयगुरुदेव उत्सव हॉल के पास सुबह में एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव मिला था शव की पहचान परिजनों के द्वारा किया गया जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है हाला की मौत कैसे हुई और कब हुई है या पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा फिलहाल मृतक के परिवार की तरफ से थाने में लिखित आवेदन दिया गया है जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सड़क किनारे व्यक्ति का शव मिला

बिहटा, प्रात: किरण संवाददाता

शुक्रवार को बिहटा के जीनपुरा रोड स्थित जय गुरुदेव उत्सव हॉल के समीप सड़क किनारे झाड़ी से पुलिस ने एक अधेड़ व्यक्ति के शव को बरामद किया है। मृतक की पहचान भोजपुर जिला के चांदी थाना क्षेत्र निवासी स्व.मंगूरु साव का 55 वर्षीय पुत्र विनोद साव के रूप में की जा रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक के स्वाजनो में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु अनुमंडल अस्पताल दानापुर भेज मामले की छानबीन में जुट गई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सुबह जब आसपास के लोग मॉर्निंग वॉक में निकले तो देखा की सड़क किनारे झाड़ी में एक अधेड़ व्यक्ति का शव पड़ा है। जिसके बाद लोगो आसपास सहित बिहटा पुलिस को जानकारी दिया। जानकारी के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गयी और भीड़ उमड़ पड़ी। बताया जाता है कि विनोद साव बीते दो दिन पूर्व (गुरुवार )की सुबह से घर से मजदूरी करने को लेकर निकले थे, लेकिन देर रात्रि तक वह घर वापस नहीं लौट पाये थे। जिसके बाद स्वाजनो ने खोजबीन शुरू किया था। शुक्रवार को सुबह जानकारी मिली कि उनका शव बिहटा थाना में पड़ा हुआ। मौत की सूचना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने शव मिलने की पुष्टि करते हुए बताया कि मौत कैसे हुई और कब हुई पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। फिलहाल मृतक के परिवार की तरफ से थाने में लिखित आवेदन दिया गया है जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सिल्ट से बचने को नाला में गिरा युवक

पटना सिटी, प्रात: किरण संवाददाता




नगर निगम वार्ड संख्या 60 के अशोक चक्र गली मुहल्ले में नाला व सड़क निर्माण कराने को लेकर खोले गये नाला की उड़ाही के बाद सड़क किनारे सिल्ट को सुखने को छोड़ दिया। इसी जमा सिल्ट से बच कर निकलने की कोशिश में क्रिकेट खेलने जा रहा युवक नाला में गिर गया। गुरुवार को प्लास्टिक कारखाना के समीप यह घटना घटी थी। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। इसी बीच नाला में गिरे युवक को मुहल्ला के लोगों व दोस्तों ने नाला से बाहर निकाला। हालांकि युवक गिरने के साथ ही ऊपर में रहे तख्ता को पकड़ लिया, जिससे वह पूरी तरह डुबाऊ नाला में नहीं समा सका। उसने विवेक का इस्तेमाल कर दोनों हाथ से उस तख्ता या पत्थर को पकड़ लिया था। तब तक दूसरे पर नजर पड़ी और दोस्त के अलावा अन्य आए, तब उसे निकाला जा सका। घटना उस समय घटी, जब सिल्ट से बचने के लिए युवक एक मकान के किनारे का सहारा लेकर जा रहा था। संतुलन बिगड़ने की वजह से नाला में वह गिर जाता है। स्थानीय निवासी दिव्य विनायक राज उर्फ पिकू का कहना है कि निगम की लापरवाही से घटनाएं घटती हैं। बरसात के समय स्थिति और नारकीय हो जाती है। वार्ड की पार्षद शोभा देवी, पूर्व पार्षद सह प्रतिनिधि बलराम चौधरी ने बताया कि पार्षद निधि कोष से लगभग 19 लाख की लागत से नाला व सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। घटना के बाद निर्माण एजेंसी को कार्य जल्द पूरा करने को कहा गया है।

### तरुण प्रकाश बने पूर्व मध्य रेल के नए अपर महाप्रबंधक



हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के अपर महाप्रबंधक पद पर तरुण प्रकाश ने शुक्रवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया। तरुण प्रकाश इसके पहले दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर में प्रधान मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर के पद पर पदस्थापित थे। भारतीय रेल सिग्नल सेवा 1988 बैच के अधिकारी तरुण प्रकाश को रेलवे में विभिन्न वरिष्ठ पदों पर कार्य करने का गहन अनुभव है। उन्होंने उत्तर रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में सिग्नल विभाग के विभिन्न पदों पर कार्य किया है। वहीं उत्तर रेलवे में मुख्य सिग्नल इंजीनियर एवं मुख्य संरक्षा अधिकारी तथा उत्तर रेलवे के मुरादाबाद के मंडल रेल प्रबंधक पद पर अपनी महत्वपूर्ण सेवा दे चुके हैं।

# मजार पर चादरपोशी कर मांगी देश में अमन-चैन की दुआ

दानापुर, प्रात: किरण संवाददाता



नगर में हजरत फसिउद्दीन रहमतुल्ला अलेह के उर्स का शुभारंभ शुक्रवार को वार्ड पार्षद भरत पोद्दार ने किया। भरत पोद्दार ने बाबा के मजार पर चादरपोशी कर देश में अमन-चैन की दुआ मांगी। कार्यक्रम के तहत शाम को चादर शरीफ का जुलूस निकाला गया जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए मजार पर पहुंचा। बाजार में जगह-जगह लोगों ने चादर जुलूस का अभिवादन किया।

जुलूस में हाजी मिताउल रब, वली अहमद गुड्डू, सुल्तान, विक्की, सोनी, मो. जाहिद इमरान, मोनू बाबू, सन्नी,निक्की, टिंकू, मो.नसीम, अंकित सिन्हा, अजीत सिन्हा, मो अबु बकर आदि जायरीनों ने अगुवाई की। बाबा के उर्स पर आयोजित इस कार्यक्रम में खगौल एवं आस पास से भारी संख्या में हिंदू मुस्लिम अकीदतमंद शामिल हुए। बाबा के मजार पर चादर चढ़ाकर वार्ड पार्षद भरत पोद्दार ने कहा कि हजरत फसिउद्दीन बाबा का उर्स हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक है। यहां पर मांगी गई मन्नत अवश्य पूर्ण होती हैं।

इसी मान्यता के चलते यहां सभी धर्मों के लोग अकीदत के साथ बाबा के आस्ताने पर हाजिरी लगाते हैं। जानकारी के लिए बता दें कि यहां सैकड़ों वर्षों से लगातार चादरपोशी का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। चादरपोशी के साथ सूफी संत के द्वारा कव्वाली, संदल, कुल, फातिहा मुकम्मल किया गया।

भाईचारे के बीच अमन चैन की दुआ मांगी गई। आस पास के इलाके से आए हिंदू मुस्लिम जायरीनों ने पूरे अकीदत के साथ सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश करते हुए मजार ए मुबारक पर चादर चढ़ाकर मुल्क में अमन चैन की दुआ मांगी।

### बिहटा में स्वामी सहजानंद सरस्वती की पुण्यतिथि 26 को ,बैठक आयोजित

**बिहटा**। किसानों की खुशहाली और शोषण से मुक्ति के लिए स्वामी सहजानंद ने जीवन के आखिरी सांस तक संघर्ष किया। आज देश उनको भूलता जा रहा है। उक्त बातें बिहार राज्य किसान सभा के महासचिव अशोक प्रसाद सिंह ने बिहटा में स्वामी सहजानंद सरस्वती की आगामी 26 जून को आयोजित पुण्यतिथि की सफलता पर आयोजित बैठक में कही। उन्होने कहा की युवाओं को स्वामी जी के दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए। वे रोटी को भगवान और उस रोटी की व्यवस्था करने वाले किसान को भगवान से ऊपर मानते थे। उन्होंने जमींदारी व्यवस्था को खत्म करने में बड़ी भूमिका निभा कर समाज के अंतिम व्यक्ति को मजबूत किया। ऐसे महापुरूष की जयंती और पुण्यतिथि पर प्रदेश सरकार को अवकाश की घोषणा करनी चाहिए। उन्होंने बतलाया की आगामी 26 जून को बिहटा के समाधि आश्रम में उनकी पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई जाएगी। जिसमें पटना विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष तरुण कुमार, अंगेजी पाक्षिक के संपादक विधुतपाल, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष रविंद्र नाथ राय, अध्येता डॉ कैलाश चंद्र झा, पटना कॉलेज के पूर्व प्रचार्य नवल किशोर चौधरी आदि शामिल होंगे।

# उर्स पर तेजस्वी यादव ने की चादरपोशी



पटना सिटी, प्रात: किरण संवाददाता

**जानकारी**

- खानकाहे वारगाहे इश्क में सुना सूफियाना कव्वाली

खानकाह बारगाहे इश्क तकिया शरीफ, मितन घाट में तीन दिवसीय सालाना उर्स के तीसरे दिन शुक्रवार को सुबह ज्यारत ए ताबरुकात कराया गया। इसके बाद कुल का आयोजन किया गया। उसके बाद सूफियाना कव्वाली में लोग झूमते दिखे। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भी सूफियाना कव्वाली को सुना। कव्वालों के द्वारा सूफी कलाम का नजराना पेश किया गया। बाद नमा जुमा के बाद खानकाह परिसर में लंगर का आयोजन किया गया। अपराह्न में राजद के नेता जनाब तेजस्वी यादव जी ने खानकाह में हाजरी लगाई। यहां के सज्जादानशीं सैय्यद शाह आमिर शाहीद ने तेजस्वी यादव का स्वागत टोपी पहना कर किया। श्री यादव के द्वारा खानकाह के चौथे सज्जादानशी सूफी हजरत सैयद शाह ख्वाजा अमजद हुसैन कुदसिरहू रहमतुल्लाह अलैह के मजार पर चादरपोशी की। इस दौरान सद्दाम हुसैन एमादी ने विशेष दुआ किया। इस मौके पर सैयद शाह ख्वाजा बहाउद्दीन, मारूफ हसन, एमएलसी मो फारुख, कमाल अशरफ, सैफ अली, आनंद भगत आदि मौजूद थे।

### अज्ञात अपराधियों ने एक व्यक्ति को गोली मारकर की हत्या

**फुलवारीशरीफ**। थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोविंदपुर इलाके में एक किराना दुकानदार 25 वर्षीय सूरज कुमार को अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। हालांकि घटना के बाद आनन-फानन लोगों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसको डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही फुलवारी थाना अध्यक्ष ने बॉडी को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पुलिस ने पाया कि हत्याकांड प्रेम प्रसंग का मामला है। वही, पता चला है कि मृतक किराना दुकानदार सूरज कुमार दूसरी लड़की के साथ शादी कर ली थी और उसका पहले से किसी अन्य लड़की के साथ अफेयर साथ चल रहा था। वही थाना अध्यक्ष फुलवारी इकरार अहमद ने बताया कि किराना व्यवसाई सूरज कुमार का प्रेम प्रसंग इसी इलाके की रहने वाली एक लड़की के साथ चल रहा था सूरज ने उसके साथ रिश्ता तोड़ कर दूसरी लड़की से शादी कर लिया इस हत्याकांड में पुलिस ने सूरज के पहले जो प्रेमिका थी उसके पिता और भाई को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। इस मामले के हर पहलू में तहकीकात कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन आज

जहानाबाद। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार 26 जून को पूर्वाहन 10 बजे मादक पदार्थों के दुरुपयोग एवं अवैध व्यापार के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर लोगों को जागरूक करने के लिए विधिक जागरूकता शिविर कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसके तहत लोगों को कानूनी सलाह निःशुल्क दिया जाएगा। विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन पंचायत भवन लखावर घोषी, पंचायत भवन धराउत मखदुमपुर एवं डॉ० भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय धनगांवा में निर्धारित है। जिस भी व्यक्ति को सलाह कि आवश्यकता है वे उक्त शिविर स्थल पर उपस्थित होकर, संबंधित विषय पर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उक्त विधिक जागरूकता कार्यक्रम हेतु पैनल अधिवक्ताओं के नेतृत्व में संबंधित पंचायत में विधिक सेवाओं की जानकारी आम जनमानस तक उपलब्ध कराया जाना है।

### अपीलीय वादों की सुनवाई में डीएम ने 17 मामलों का किया निष्पादन

जहानाबाद। जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत अपीलीय वादों की सुनवाई की गयी। जिला लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अपील से संबंधित कुल 31 मामलें जिलाधिकारी के समक्ष आएं, जिनमें 17 मामलों में आदेश पारित करते हुए निष्पादन कर दिया गया। शेष 14 परिवादों में स्थल जांच करते हुए तथ्यात्मक एवं आत्मभारित प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु विभिन्न लोक प्राधिकारों को अगली निर्धारित तिथि को उपस्थित होने का निदेश दिया गया। सुनवाई में ज्यादातर मामलें भूमि विवाद, अतिक्रमण, आँगनबाड़ी, विद्युत, नल जल योजना इत्यादि से संबंधित थें। लोक प्राधिकार के रूप में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आईसीडीएस, अंचलाधिकारी काको, मखदुमपुर, सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सूबे का 21 वां धूम्रपान मुक्त जिला घोषित हुआ मुजफ्फरपुर

मुजफ्फरपुर, प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर समाहरणालय सभा कक्ष में डीडीसी आशुतोष द्वीवेदी की अध्यक्षता में आयोजित जिला तंबाकू नियंत्रण समन्वयक समिति की बैठक में आज जिले को धूम्रपान मुक्त घोषित किया गया। कार्यक्रम में जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों द्वारा धूम्रपान मुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किया गया तथा डीडीसी द्वारा सम्पूर्ण जिले को धूम्रपान, तम्बाकू मुक्त बनाए रखने की अपील की गई।



तम्बाकू नियंत्रण हेतु राज्य सरकार की तकनीकी सहयोगी संस्था सोशियो इकोनॉमिक एण्ड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसाईटी (सीड्स) के कार्यपालक निदेशक श्री दीपक मिश्रा ने बताया कि राज्य सरकार एवं सीड्स के द्वारा संयुक्त रूप से राज्य के सभी 38 जिलो में चलाए जा रहे तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तम्बाकू नियंत्रण अधिनिय की विभिन्न धाराओ के अनुपालन की स्थिति जानने हेतु राज्य स्वास्थ्य समिति के द्वारा समय- समय पर स्वतंत्र एजेंसी से अनुपालन सर्वेक्षण कराया जाता है, तथा उस अनुपालन प्रतिवेदन के आधार पर (सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर प्रतिबंध) के अनुपालन की स्थिति बेहतर स्थिति पाए जाने पर जिलों को धूम्रपान मुक्त घोषित किया जाता है अब तक राज्य के मुजफ्फरपुर सहित 23 जिलों यथा मुंगेर, कटिहार, पटना, लखीसराय, मधेपुरा, सहरसा, वैशाली, गोपालगंज, मधुबनी, खगड़िया, दरभंगा, समस्तीपुर, वैशाली, गया, अरवल सीतामढ़ी, सुपौल, पूर्णिया, जमुई एवं शिवहर को धूम्रपान मुक्त जिला घोषित किया जा चुका है जिला पदाधिकारी द्वारा आज मुजफ्फरपुर को राज्य के 21 वें जिले के रुप में धूम्रपान मुक्त जिला घोषित किया गया है दीपक मिश्रा ने बताया कि इस साल के शुरूआत में राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार सरकार और सीड्स के द्वारा राज्य के 10 जिलों में तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम (कोटपा 2003) के अनुपालन का एक स्वतंत्रत एजेंसी से सर्वेक्षण करवाया गया था। उक्त अनुपालन सर्वेक्षण में धूम्रपान मुक्त के तय मानकों के आधार पर मुजफरपुर सहित राज्य के 4 जिलों को धूम्रपान मुक्त जिला घोषित करने निर्णय किया गया। मुजफ्फरपुर जिले में कोटपा की धारा 4 का अनुपालन प्रतिशत 90% से अधिक पाया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी ने समस्त जिला वासियों से अपील करते हुए कहा की धूम्रपान के बाद अब हमलोगों को जिले को तम्बाकू मुक्त जिला बनाने की मुहिम शुरू करनी है, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियों को तम्बाकू के दुष्प्रभावों से बचाया जा सके। जिला पदाधिकारी ने तम्बाकू नियंत्रण हेतु जिले में गठित त्रिस्तरीय छापामार दस्ते के सभी सदस्यों को शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में अवस्थित सभी तम्बाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानदारों को हटवाते हुए नियमित रूप से छापामारी करने का निर्देश दिया।

**शपथ**

- डीडीसी ने तम्बाकू मुक्त जिला बनाने की दिलाई शपथ

मुजफ्फरपुर जिला को स्मोक फ्री डिस्ट्रिक्ट घोषित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि जिला को धूम्रपान मुक्त जिला घोषित करते हुए मुझे काफी प्रसन्नता हो रही है। इस कार्य हेतु उप विकास आयुक्त द्वारा मुजफ्फरपुर जिले के सभी नागरिक, शैक्षणिक संस्थानों, सहयोगी संस्था सीड्स, जिले के तमाम मीडियाकर्मी, जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के सभी पदाधिकारी, पुलिस विभाग के सभी पदाधिकारी को धन्यवाद एवं बधाई दिया।

# पैखाने के रास्ते में घुस गया मोटा बांस का खूंटा, एसआरपी हॉस्पिटल ने बचाई जान

रक्सौल, प्रात : किरण संवाददाता

वो कहते हैं ना कि जब समय खराब चल रहा हो तो एक नासूर भी जानलेवा बन जाता है। स्थानीय शहर के लक्ष्मीपुर स्थित एसआरपी हॉस्पिटल में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया, जिसमें एक पीड़ित की स्थिति ऐसी थी कि वह दुनिया को छोड़कर कब चला जाए, ताकि उसे मौत ही राहत दे।

हुआ यूं कि आदापुर थाना क्षेत्र के एक 57 वर्षीय व्यक्ति के पैखाने के रास्ते में मोटा बांस का खूंटा घुस गया, जिससे की उसकी हालत गंभीर हो गई। जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति बांस के पेड़ पर पत्ते तोड़ने के लिए चढ़ा था, बदकिस्मती से उसकी पैर फिसल गई और वह सीधे नीचे गिर पड़ा, किस्मत यहां भी उसकी साथ नही दी और नीचे जहां गिरा वहां बांस कटने के बाद छोड़ा हुआ खूंटा था, जिसके बीचोबीच वह गिर पड़ा और वह खूंटा सीधे उसके पैखाने के रास्ते में अंदर तक घुस गया। आनन-फानन में परिजन उन्हें रक्सौल एसआरपी मेमोरियल हॉस्पिटल में लाएं, जहां उन्हें आपातकालीन में भर्ती करने के बाद एसआरपी निदेशक सह मुख्य चिकित्सक डॉ. सुजीत कुमार के नेतृत्व में बेहतर ईलाज किया गया, अब वह आईसीयू से बाहर हैं। गनीमत है कि उनकी जिंदगी बच गई तो उन्होंने डॉक्टर को ही अपना भगवान मान लिया।



**घटना**

- पेड़ पर पत्ते तोड़ने के लिए चढ़ा था, बदकिस्मती से उसकी पैर फिसल गई और वह सीधे नीचे गिर पड़ा

वहीं दूसरी तरफ सांड के आतंक से पीड़ित एक व्यक्ति भी भर्ती हुआ, जिनकी हालत काफी नाजुक थी। पीड़ित व्यक्ति रामगढ़वा के सतपिपरा निवासी 65 वर्षीय रविन्द्र नाथ तिवारी हैं, जिन्हे गत 20 जून को सांड ने अचानक हमला कर उन्हे बुरी तरह चीर कर घायल कर दिया, जिसके बाद उन्हें एसआरपी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, अभी भी वे आईसीयू में हैं और उनकी स्थिति अब पहले से काफी बेहतर है। इस संबंध में डॉ. सुजीत कुमार ने कहा कि दोनो मरीजों की स्थिति काफी दयनीय थी, परंतु अब दोनो ठीक हैं। उन्होंने बताया कि हॉस्पिटल में कैंसर व अन्य गंभीर बिमारियों के ईलाज सहित गोली के शिकार मरीजों का यहां ईलाज तो होता ही हैं, बांस वाली यहां के लिए दूसरी घटना है। मौके पर डॉ. सुजीत कुमार के साथ डॉ. एस. के. मिश्रा, पवन कुशवाहा, प्रवीण कुमार, मो. ओबैदुल्लाह, देवाशीष कुमार, रीमा कुमारी, सोनू कुमार, डब्लू कुमार, मो. नबीउल्लाह व मुकेश कुमार आदि मौजूद थे।

# कचड़ा प्रबंधन के तहत डस्टबिन का वितरण



बाढ़, प्रात : किरण संवाददाता

अनुमण्डल अंतर्गत अथमलगोला प्रखंड के रामनगर दियारा पंचायत में कचरा प्रबंधन हेतु डस्टबिन का वितरण किया गया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सुश्री रीतिका सहाय ने बताया की प्रखंड के तीन पंचायतों कल्याणपुर, रामनगर करारी कच्छार एवं रामनगर दियारा को आदर्श पंचायत कि श्रेणी में रखा गया है।

जिसके तहत शुक्रवार को रामनगर दियारा पंचायत के विभिन्न वार्डों में सुखा एवं गीला कचडा जमा करने हेतु डस्टबिन का वितरण किया गया। उन्होंने बताया की इन पंचायतों के कचरा प्रबंधन के हिसाब से डंपिंग यार्ड की भी व्यवस्था की जाएगी। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि एवं दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# डीएम ने उद्योग, बैंकर्स तथा ऋण वितरण कार्य का किया समीक्षा

जहानाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में शुक्रवार को उद्योग एवं बैंकर्स तथा ऋण वितरण कार्य की समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में डीएम ने संबंधित पदाधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निदेश दिए। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम ऐसे बैंक जिनके शाखा प्रबंधक अथवा प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुए यथा- यूको बैंक, बंधन बैंक, एक्सिस बैंक उनके जोनल एवं रिजनल शाखा के पदाधिकारी को अनुपस्थित रहने के लिए पत्र भेजने का निदेश जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को दिया।



बैठक में जिलाधिकारी ने जिले में उद्योग को बढ़ावा देने के लिए ऋण वितरण में धीमी प्रगति होने के कारण नाराजगी व्यक्त किया। उन्होंने सभी बैंक प्रबंधक को निदेश दिया कि समय रहते पात्र लोगों को ऋण स्वीकृत कर ऋण दिया जाए तथा निर्धारित लक्ष्य को पूरा किया जाए। जिलाधिकारी ने महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र को निदेश दिया कि सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक से एक समय निर्धारित कर ग्राम प्लेक्स भवन में बैठक करें ताकि पात्र योग्य लाभुकों को ऋण दिया जाए। साथ हीं जिन बैंकों का प्रदर्शन असंतोषजनक रहा है उन्हें प्रगति लाने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने एसबीआई के प्रतिनिधि पर एक भी आवेदन स्वीकृत नही करने पर नाराजगी व्यक्ति करते हुए निदेश दिया कि अधिक-से-अधिक संख्या में अविलम्ब स्वीकृति देंगे। बैठक में सभी बैंक प्रतिनिधियों को निदेश दिया गया कि अपने-अपने क्षेत्रों में उद्योग को बढ़ावा देने हेतु लोगों को जागरूक करें।

# नरकटियागंज-रक्सौल पैसेंजर ट्रेन से शराब की बोतलें व बीयर बरामद



रक्सौल, प्रात : किरण संवाददाता

स्थानीय रेलवे स्टेशन रक्सौल के प्लेटफॉर्म संख्या 3 पर ट्रेन आगमन पर राजकीय रेलवे थाना रक्सौल तथा आरपीएफ रक्सौल के द्वारा संयुक्त रूप से जांच के दौरान गाड़ी संख्या 055288 डीएन डीएमयू पैसेंजर नरकटियागंज-रक्सौल के इंजन से तीसरे बोगी से शराब की खेप को बरामद किया गया।

जिसकी जानकारी देते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर ऋतुराज कश्यप ने बताया कि उक्त बोगी में काले रंग के एक पिट्ठू बैग लावारिस हालत में मिला, जिस संबंध में यात्रियों से पूछताछ करने पर अपना होना नहीं बताया गया। उपरोक्त पिट्ठू बैग को खुलवा कर देखने पर 12 अदद रॉयल स्टेज व्हिस्की प्रत्येक का वजन 750 एमएल तथा 12 अदद किंग फिशर स्टांग बियर केन प्रत्येक 500 एमएल बरामद हुआ।

इस संबंध में जीआरपी थाना रक्सौल पर कांड संख्याः-36/2022 अंतर्गत धारा 30 ए बिहार एक्साइज एंड प्रोविजन ऐमेण्ड एक्ट 2012 पंजीकृत किया गया है।

# आपसी रंजिश में चाकू मार युवक की हत्या, आरोपी भी घायल

रक्सौल, प्रात : किरण संवाददाता

शहर के हरैया ओपी थाना क्षेत्र में हुए चाकूबाजी में जहां एक पीड़ित ने ईलाज के दौरान दम तोड़ दिया, वहीं एक मरीज शहर के एसआरपी हॉस्पिटल में ईलाजरत है। मृतक व घायल दोनो अलग-अलग पक्ष के हैं। मृतक की पहचान हरैया थाना क्षेत्र के सुंदरपुर रोड वार्ड 04 निवासी चंद्रमोहन सिंह के पुत्र अरविंद सिंह के रूप में हुई है। वहीं घायल की पहचान मिश्रा कॉलोनी निवासी उमेश्वर सिंह के पुत्र पिंटू सिंह के रूप में हुई है, परंतु वह इस हत्या का आरोपी भी है, इसलिए उसका इलाज एसआरपी हॉस्पिटल में पुलिस अभिरक्षा में कराया जा रहा है। इस संबंध में मृतक की मां सुशीला देवी ने थाना में आवेदन देते हुए बताया कि मंटू राम के गाछी में उसके पुत्र को चाकू मारा गया, इसकी जानकारी खुद उनके पुत्र ने दी। जिसका बाद में ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई। इस संबंध में उन्होंने बताया कि उनके लड़के से गत 22 जून को विक्की, दीपक जायसवाल, सुकूट कुमार उर्फ पिंटू कुमार, फैयाज, आदापुर का विकास कुमार, रक्सौल नागा रोड का रवि कुमार, हरैया के लोकेश कुमार व राहुल कुमार से बकझक हुई थी और उसके बाद उन्होंने बताया कि उनके लड़के ने बेहोशी के हालत में ही बताया कि विक्की, दीपक जायसवाल व पिंटू ने उसे चाकू मारा है।

### जिला जज ने मुआवजा राशि का दिया चेक

जहानाबाद। मोटर दुर्घटना दावा वाद संख्या 01/2020 में जिले के लखन सम्भा निवासी धीरज कुमार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने 16 लाख रुपये मुआवजा राशि का चेक दिया। इस बात की जनकारी देते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश सह सचिव विधिक सेवा प्राधिकार अजय कुमार ने बताया कि आवेदक धीरज कुमार की माता कृष्णा कुमारी को स्कूल जाने के क्रम में ट्रैक्टर से धक्का लग गया था, जिससे वह दुर्घटना ग्रस्त हो गई और उनकी मौत हो गई। मुआवजा पाने के लिए आवेदक ने दुर्घटना दावा वाद दायर किया था। उक्त दुर्घटना कारित करने वाला ट्रैक्टर मैग्मा जेनरल इन्सुरेंश कम्पनी से बीमित था।

# फुलवरिया में सीएसपी संचालक से एक लाख इकसठ हजार की लूट

गोपालगंज, प्रात : किरण संवाददाता

जिले के फुलवरिया थाने के श्रीपुर ओपी के जगदीशपुर गांव के समीप हथुआ गंडक शाखा नहर सड़क पर शुक्रवार को एक बाइक पर सवार दो अपराधियों ने हथियार के बल पर सीएसपी संचालक से एक लाख इकसठ हजार रुपए लूट लिए।

दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग करते हुए लुटेरे फरार हो गए। घटना की सूचना पाकर पंहुची पुलिस मामले की छानबीन करने में जुट गयी है। बताया जाता है कि सवनहीपत्ती गांव निवासी दीनबंधु पांडेय फुलवरिया स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा से रुपए की निकासी कर वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान हथुआ गंडक शाखा नहर पर सवनहीं जगदीश गांव के समीप सुनसान स्थान देखते ही लूटेरो ने बैग में रखे गए रुपए के साथ-साथ ब्लैंक चेक भी लूट लिया औश्र हवाई फायरिंग करते हुए फरार हो गए।

इस संबंध में पीडीत सीएसपी संचालक के द्वारा थाने में अज्ञात लुटेरों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस संबध में हथुआ एसडीपीओं नरेष कुमार ने बताया कि लुटेरों की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन कर पुलिस छापेमारी कर रही है। शीघ्र ही लूट में षामिल अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सरकारी संपत्ति नुकसान करने के आरोप में विद्युत विभाग व नगर परिषद ने की एफआईआर

रक्सौल, प्रात : किरण संवाददाता

नगर परिषद् रक्सौल के कर्मी व पदाधिकारी से दुर्व्यवहार करने के साथ-साथ सरकारी सड़क को क्षतिग्रस्त करने के मामले में हरैया ओपी को नगर परिषद् व बिजली विभाग के द्वारा आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

मिली जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 1 निवासी अशोक कुमार इन्दिवार के द्वारा सरकारी सड़क को क्षतिग्रस्त करते हुए पाइप लगाने का काम किया जा रहा था, जिसको रोकने के लिए गये नप के कनिय अभियंता राज कुमार के साथ दुर्व्यवहार की गयी। वहीं इसके बाद पहुंचे नप के



पदाधिकारियों के साथ भी दुर्व्यवहार अशोक कुमार के द्वारा करने का आरोप लगा है। जिसके बाद इस मामले में नप व बिजली विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उक्त आरोपी के द्वारा नप रक्सौल को करीब 15 हजार रुपए की क्षति पहुंचायी गयी है। इसी प्रकार विद्युत विभाग के जेई अरविंद कुमार ने बताया कि आरोपी सुरेश कुमार के द्वारा बिजली विभाग के सरकारी पोल को बिना अनुमति सड़क पर बिछाकर रखा गया था, जिससे बिजली विभाग को लगभग 12 हजार 6 सौ का नुकसान हुआ है। इस दौरान नगर परिषद प्रशासक सह एलआरडीसी रामदुलार राम व कार्यपालक पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

उक्त बावत हरैया ओपी प्रभारी विवेक कुमार जायसवाल ने बताया कि आवेदन मिला है। अशोक कुमार पुलिस अभिरक्षा में है, मामले की जांच की जा रही है।

# बेखौफ अपराधियों ने हार्डवेयर व्यवसायी की गोली मारकर की हत्या

चिरैया, प्रात : किरण संवाददाता

नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोतिहारी एनएच 28 स्थित टाटा मोटर्स के समीप बेखौफ अपराधियों ने हार्डवेयर व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना गुरुवार देर रात की है। मृतक की पहचान चिरैया प्रखंड अंतर्गत महुआवा पश्चिमी पंचायत के शिवनाथ साह का 40 वर्षीय पुत्र नथुनी साह उर्फ राजू साह के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मृतक की मोतिहारी स्थित अवधेश चौक पर हार्डवेयर की दुकान थी।

वे अन्य दिनों की तरह ही रात के साढ़े सात बजे के करीब अपनी दुकान बंद कर रूपडीह स्थित अपने डेरा पर जा रहे थे। इसी बीच एनएच 28 के कुंवारी माई मोड़ के पास बदमाशों ने बाइक से जा रहे हार्डवेयर व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी। अपराधियों ने पहले तो उस पर ईट से हमला किया। उसके बाद जब वे बाइक से गिरे तो पेट मे गोली मारकर उसे सड़क के किनारे फेंक कर चलते बने। घटना के कुछ देर बाद ही नगर थाना की गश्ती दल उधर से गुजर रही थी तो सड़क किनारे गिरी हुई बाइक देखकर रुकी।



जिसके बाद व्यवसायी को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद मृतक के परिजनों को सौंप दिया है। सदर डीएसपी अरुण कुमार गुप्ता ने बताया कि आपसी रंजिश में व्यवसायी की हत्या हुई है। हार्डवेयर व्यवसायी के भाई अमरदेव साह ने आरोप लगाया है कि हत्या के पीछे मृतक के पूर्व व्यावसायिक साझेदार चिरैया मीरपुर निवासी हार्डवेयर व्यवसायी रमेश प्रसाद व लखौरा के संतोष कुमार शामिल है। जिन्होंने व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा में मेरे भाई की हत्या करवाई है। जिनसे उनको पहले भी विवाद हुआ था। वे लोग बराबर उनको जान से मारने की धमकी देते थे। शुरू के दिन में हार्डवेयर का व्यवसाय रमेश प्रसाद के साथ पार्टनरशिप में खोला था। कुछ अनबन होने के बाद यह विवाद गहराता चला गया और रमेश इनके पीछे पड़ गया था। बताया जा रहा है कि मृतक दो वर्ष पूर्व ही अपने पार्टनर से अलग होकर हार्डवेयर का अपना व्यवसाय शुरू किया था।

**आरोप**

- व्यावसायिक साझेदार पर लगा हत्या का आरोप

इधर मृतक की पत्नी मंजू देवी ने बताया कि मेरे पति को इससे पूर्व दो बार जान से मारने का प्रयास किया गया था। इसी कड़ी में चार माह पूर्व बोलेरों से कुचलकर हत्या की साजिश की गई थी। जिसमें अपराधी असफल हो गए थे। मृतक पांच भाई में दूसरे नंबर पर था। परिवार में पत्नी मंजू देवी, 16 वर्षीय पुत्र अभिमन्यु राज के अलावा 60 वर्षीय वृद्ध पिता है। पुलिस परिजनों के बताएं लोगों की खोज में छापेमारी शुरू कर दी है। इधर मृतक का शव गांव पहुचंते ही परिजनों में कोहराम मचा है।

### पूर्व मुख्यमंत्री डॉ स्वर्गीय डॉ जगन्नाथ मिश्र की मनाई गयी 85वी वर्षगांठ

**जहानाबाद।** राष्ट्रीय मानव अधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय डॉ जगन्नाथ मिश्र की 85वीं वर्षगांठ अरवल मोड़ के समीप जिलाध्यक्ष रामजी प्रसाद की अध्यक्षता में मनाई गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने स्वर्गीय डॉ जगन्नाथ मिश्र के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया एवं उन्हें याद कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा की। इस मौके पर राष्ट्रीय मानव अधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान के जिलाध्यक्ष रामजी प्रसाद ने कहा कि स्वर्गीय जगन्नाथ मिश्र बिहार के एक ऐसे शख्सियत रहे जिन्हें भूल पाना नामुमकिन है। उनका एक-एक काम आज भी बिहार में बोलता है। आज उन्हीं के नक्शे कदम पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी चल रहे हैं। साथ ही साथ बिहार में कांग्रेस की कमजोर स्थिति के लिए कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी को जिम्मेदार ठहराते हुए रामजी प्रसाद ने कहा अगर सोनिया गांधी प्रधानमंत्री का पद नहीं ठुकराती तो आज कांग्रेस इतना कमजोर ना होता। इस मौके पर रामकृष्ण प्रसाद यादव, प्रो0 बैजनाथ शर्मा, परशुराम बिंद, शुभम कुमार, लाभम कुमार, भोला बाबू, आबिद मजीद इराकी, आचार्य आनंदी मिश्रा, चंदन मिश्रा सहित काफी संख्या में लोगों ने स्वर्गीय डॉ जगन्नाथ मिश्र को याद किया एवं उन्हें नमन किया।

# भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब को किया जब्त



बिहटा, प्रात : किरण संवाददाता

शुक्रवार को अपराह्न थाना क्षेत्र के बिहटा-आरा राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के समीप से सफेक्स एक्सप्रेस लॉजिस्टिक पार्सल वाहन से मद्य निषेध विभाग की गुप्त सूचना के आधार पर बिहटा पुलिस ने भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब को जब्त किया है। मौके से चालक एवं उपचालक को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों की पहचान पानीपथ निवासी लक्ष्मी नंद के पुत्र सह चालक दिलवर सिंह, जिला सोनिपथ के खरगोद गांव निवासी धर्म सिंह के पुत्र उपचालक मोनू कुमार के रूप में की जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक बिहटा पुलिस को मद्य निषेद विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की बड़ी खेफ बिहटा होते हुए पटना जाने वाली है। सूचना के आधार पर बिहटा-आरा मुख्य 30 मार्ग पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जहां पुलिस ने चेकिंग के दौरान पार्सल वाहन को रोक कर तलाशी ली तो अंदर में 40 लाख के करीब 22 सौ लीटर छोटे-बड़े 250 काटून अंग्रेजी शराब बरामद किया गया।

### पूर्व विधायक सह जेडीयू जिलाध्यक्ष की गाड़ी पर हमला

**जहानाबाद।** घोसी विधानसभा के पूर्व विधायक सह जेडीयू जिलाध्यक्ष राहुल कुमार की गाड़ी पर हमलावरों ने लाठी-डंडे और पत्थरों से हमला कर गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नही हुए। मिली जानकारी के अनुसार घोसी थाना इलाके के वीरू विगहा के पास गुरुवार देर रात कुछ लोगों ने राहुल कुमार की गाड़ी पर लाठी डंडों और ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। इस दौरान गाड़ी के शीशे टूट गए। इस दौरान गाड़ी में उनकी मां, पत्नी, बच्चे, गार्ड और ड्राइवर मौजूद थे। हमले के दौरान पूर्व विधायक सह जेडीयू जिलाध्यक्ष राहुल कुमार गाड़ी में नहीं थे। उनकी मां एवं पूर्व विधायक शांति देवी, उनकी पत्नी और बच्चे गाड़ी में सवार थे। हमलावरों के बारे में अभी तक पता नहीं चल पाया है। अंधेरा होने की वजह से गाड़ी में सवार लोग उन्हें ठीक से देख नहीं पाए। पुलिस ने ड्राइवर की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर दिया है। पूर्व विधायक राहुल कुमार का कहना है कि ये हमला उन्हें टारगेट करने के लिए किया गया था। हमलावर उनकी जान लेना चाहते थे। पुलिस पूरे मामले की गहन छानबीन में जुट गई है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### सरपंच ने अधिकारियों पर फर्जी नाविकों के भुगतान के भुगतान का लगाया आरोप

बोचहा ।मुजफ्फरपुर जिले बोचहां प्रखंड के बिशनपुर जगदीश पंचायत के अंतर्गत आथर गांव में पूर्व में आई बाढ़ के पानी में फंसे पंचायत वासियों को नाविकों की मदद कर उसे सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया था।सरकारी और प्राइवेट नाविकों की कड़ी मशक्कत का नतीजा है कि लोगों को सुरक्षित स्थान पर लाने और ले जाने का सिलसिला चलता रहा।सालों से प्रखंड का चक्कर काट रहे नाविकों का भुगतान अब तक नहीं हो पाया। जिस नाविकों का भुगतान हुआ है वह फर्जी है।न ही उसके पास नाव है और न ही वे नाव चलाना जानते हैं। फिर वह लोग कैसे बाढ़ प्रभावित लोगों को पानी से निकालने में मदद कर सकते हैं।इस मामले की शिकायत बिशनपुर जगदीश पंचायत के सरपंच धर्मेंद्र दास ने जिलाधिकारी से की है।उन्होंने यह भी बताया कि प्रखंड कार्यालय के संबंधित अधिकारियों द्वारा अनियमितता बरती जा रही है फर्जी नाविकों का भुगतान बड़े पैमाने पर किया जा रहा है।सरकारी पैसों का अधिकारी द्वारा बंदरबांट किया जा रहा है ।जिन नाविकों ने बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद की है वह आज भी पैसों के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं।

### बड़हरा के आधा दर्जन गांव में 5 घंटा विद्युत बाधित, लोग परेशान

बड़हरा।प्रखंड क्षेत्र के आधा दर्जन गांव में शुक्रवार को विद्युत बाधित रहा।इस दौरान उमस भरी गर्मी में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।लोगों ने बताया कि विद्युत की आंख मिचौली से इलाके के लोग भीषण गर्मी में काफी परेशान है।बताया जाता है कि शुक्रवार को एकवना, बबुरा, चातर, रामपुर, धुसरिया, कपूर दियारा, दयालचक, कुतुबपुर तथा सूरतपुर समेत आधा दर्जन गांव में विद्युत 5 घंटा तक बाधित रहा।इस दौरान विद्युत की आंख मिचौली से भी लोग परेशान रहे।ग्रामीण अनिल कुमार सिंह, बच्चा सिंह तथा शेषनाथ सिंह ने बताया कि विद्युत उपकेंद्र में सूचना देने पर नया ट्रांसफार्मर बदलने का बहाना बनाकर घंटों विद्युत को बाधित कर दिया जाता है। इससे उमस भरी गर्मी में हम लोगों को काफी परेशानी होती है।शुक्रवार को पूरे दिन विद्युत बाधित रहा। विद्युत अभियंता बड़हरा ने बताया कि यहां से विद्युत चालू है।गांव में कहीं खराबी आई होगी पता करा लिया जाए।

### पुलिस ने कार से 261 लीटर देशी शराब किया जप्त, तस्कर फरार

गोपालगंज।जिले के कटेया थाने की पुलिस ने पंचदेवरी चैराहा के समीप वाहन जांच के दौरान मारुति सुजुकी कार में छुपा कर लाई जा रही 261 लीटर देशी शराब जप्त किया।जबकि शराब तस्कर पुलिस को चकमा देकर भागने में कामयाब रहा।बताया जाता है कि पुलिस अवर निरीक्षक रियाज हुसैन पुलिस बल के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील रहने का क्रम में पंचदेवरी चैराहा के समीप यूपी की तरफ से आने वाले वाहनों की जांच कर रहे थे।उसी दौरान एक मारुति सुजुकी कार तेजी से आती हुई दिखाई दी।जिसे बल के द्वारा रुकने का इशारा करने पर गाड़ी का चालक कुछ दूरी पर गाड़ी छोड़ पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।जब कार की तलाशी ली गई तो 29 पेटी में छुपा कर रखे 1305 बोतल कुल मात्रा 261 लीटर देशी शराब बरामद किया गया। पुलिस ने बरामद शराब एवं कार को जप्त कर थाने लाई एवं अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी।

### थावे में स्कॉर्पियो से 65 कार्टन शराब के साथ तस्कर धराया

गोपालगंज ।जिले के थावे थाने की पुलिस ने रात्रि गश्ती के दौरान स्कॉर्पियो पर लदी 65 कार्टन शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया।

# डीएम ने संभावित बाढ़ की तैयारी को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

पूर्णिया, प्रात : किरण संवाददाता



बैठक

● नदियों के जलस्तर में हो रही वृद्धि, अधिकारियों को अलर्ट रहने की है जरूरत: डीएम

पूर्णिया के डीएम ने कहा है कि जिले से होकर गुजरी नदियों का जलस्तर धीरे धीरे बढ़ रहा है। ऐसे में संभावित बाढ़ को लेकर अधिकारियों को अलर्ट रहने की जरूरत है। खास कर बायसी अनुमंडल के बायसी, बैसा, डगरुआ के आलावा रुपौली प्रखंड में अलर्ट रहने की जरूरत है। डीएम सुहर्ष भगत बाढ़ पूर्व तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक कर रहे थे। डीएम ने संभावित बाढ़ को लेकर 18 कोषांगों का गठन किया तथा सभी कोषांग के नोडल अधिकारियों को अपने-अपने कोषांगों को एक्टिवेट कर अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया।

डीएम ने कहा कि बाढ़ पूर्व तैयारी को लेकर समीक्षात्मक बैठक जो भी निर्णय लिया गया है उसकी जानकारी जनप्रतिनिधियों को भी दें। डीएम ने संभावित बाढ़ को लेकर देर से टेंडर निकाले जाने मामले को गंभीरता से लेते हुए बाढ़ नियंत्रण कार्यपालक पदाधिकारी को शो-काज पूछा है। कहा कि आपदा कार्य में किसी तरह की कोताही बर्दास्त नहीं की जाएगी। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, प्रभारी पदाधिकारी आपदा, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, डीईओ, डीपीओ आईसीडीएस, डीएसओ एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। समीक्षा बैठक के दौरान डीएम ने कहा कि अब प्रखंड स्तरीय नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी बढ़ गई है। कहा कि जिले में संपूर्ति पोर्टल पर 30,000 लोगों की इंट्री हो चुकी है। सभी अंचलाधिकारी एवं सीडीपीओ के माध्यम से डाटा एकत्र कर आपदा संपूर्ति पोर्टल पर डाटा अपडेट किया जाना है। बैठक में जानकारी दी गई कि अमौर, बायसी, बैसा, डगरूआ, रूपौली, जलालगढ़ एवं खाता हाट में कटाव निरोधक कार्य किया जा रहा है। अमौर में कार्य का सत्यापन का काम चल रहा है। रूपौली, डुमरी में भी कार्य चल रहा है। उन्होंने तटरक्षकों को भी प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान अधिकारियों ने जिले में उपलब्ध संसाधन की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में सरकारी नाव 85 एवं निजी नाव 32 है। बोट एम्बुलेंस का संचालन अंचलाधिकारी के माध्यम से किया जाना है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के पशुओं के 42 ऊंचे शरण स्थलों का चयन किया गया है। बाढ़ क्षेत्रों एवं बाढ़ पीड़ितों को स्वच्छ पेय जल की उपलब्धता करवाने की व्यवस्था की गई है। जिले में कुल 311 गोताखोरों को प्रशिक्षण दिया गया है जिसमें बायसी अनुमंडल में 36 हैं। राहत दलों की संख्या 102 है जिसमें 14 रूपौली एवं 25 अमौर में है। बैठक के दौरान कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण पूर्णिया प्रमंडल ने बताया की जिले में कुल 8 जगहों पर कटाव निरोधक कार्य चल रहा है। जिसमें जलालगढ़ प्रखंड के खाताहाट टटबंध, अमौर प्रखंड के दास नदी के किनारे गचगीरिया, चनकी, मजार टोला, शर्मा टोला, सिमलबाड़ी नगरा टोला में काम चल रहा है। वहीं रुपौली प्रखंड के कोसी नदी के बाएं तरफ टोपरा बिद टोला, बैसा प्रखंड के अर्जुन भिट्ठा, आसजा शर्मा टोला में भी काम चल रहा है। अमौर प्रखंड में परमान नदी के किनारे रमनी, गैरिया, कोचका के अलावा अमौर प्रखंड में ही पिपरा वार्ड एक और दो, सहनगांव और बैसा प्रखंड के पीपलतोड़, आसजा कब्रिस्तान, पोखरिया, महलना आदि इसमें शामिल हैं। राहत सामग्री कोषांग, कृषि कोषांग, विधि-व्यवस्था कोषांग, तटबंध सुरक्षा कोषांग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रणधोय जल एवं शौचालय प्रबंधन कोषांग, स्वास्थ्य सुविधा कोषांग, ग्रामीण सड़क एवं पथ निर्माण कोषांग, सूचना व रिपोर्टिंग कोषांग, गुणवत्ता जांच कोषांग, सामुदायिक रसोई संचालन कोषांग, पशु दवा, पशु चारा एवं मत्स्य कोषांग, नाव परिचालन एवं वाहन कोषांग, संचार एवं विद्युत आपूर्ति कोषांग, सैन्य बल समन्वय कोषांग, बचाव कोषांग, विद्यालय एवं आंगनबाड़ी कोषांग, जीआर राशि वितरण कोषांग, एनजीओ कोषांग का गठन किया गया है। साथ ही कोषांगों के संचालन के लिए वरीय पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी आदि को प्रतिनियुक्त करते हुए सभी कोषांग को एक्टिवेट कर अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। बताया कि संभावित बाढ़ आपदा के मद्देनजर जिला, अनुमंडल व प्रखंड स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है जो 24 घंटे कार्य करेगा।

# तीन साल से अधिक समय से पदस्थापित कर्मियों का करें शीघ्र स्थानांतरण: आयुक्त

पूर्णिया, प्रात : किरण संवाददाता



● प्रमंडलीय आयुक्त ने डीएम कार्यालय में जिलाधिकारी सुहर्ष भगत एवं एडीएम केडी प्रौज्जवल के साथ जिले के विकास पर भी चर्चा की

प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा है कि कार्यालयों में काफी संख्या में रिक्तियां हैं लेकिन उसे भरने के लिए कागजी खानापूरी नहीं की जा रही है। उन्होंने कार्यालय प्रभारी को रिक्तियों पर नये सिरे से नियुक्ति के लिए शीघ्र अधियाचना जारी करने का निर्देश दिया है। कमीश्नर गोरखनाथ समाहरणालय स्थित जिला स्थापना कार्यालय का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को कई निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने समय पर सेवांत लाभ नहीं दिए जाने के लिए दोषी संचालन अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई का भी निर्देश दिया। आयुक्त ने इस दौरान गृह प्रखंडों में तैनात कर्मियों एवं एक ही जगह तीन साल से अधिक समय से पदस्थापित कर्मियों के स्थांतरण का निर्देश भी दिया।

निरीक्षण बाद उन्होंने डीएम कार्यालय में जिलाधिकारी सुहर्ष भगत एवं एडीएम केडी प्रौज्जवल के साथ जिले के विकास पर भी चर्चा की इससे पहले जिला समाहरणालय के निरीक्षण के दौरान उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। प्रमंडलीय आयुक्त गोरखनाथ डीएम कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जिला स्थापना कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी कक्ष में बैठक कर एक संचिका की समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान सामन्य शाखा में पूर्व के अधिकारियों के द्वारा किये गए निरीक्षण संबंधी रक्षी संचिका की मांग की। जहां कर्मियों ने बताया कि जीर्णोद्धार के कारण से समान्य रक्षी शाखा स्थापना शाखा और नजारत शाखा के संचिकाओं को एनेक्सी भवन में रखा गया है। जिस कारण से अभी संचिका उपलब्ध नहीं है। मामले को लेकर उन्होंने स्थापना उप समाहर्ता को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। विदित हो कि जिले में कर्मियों की नियुक्ति, ट्रांसफर-पोस्टिंग, प्रोन्नति, अनुशासनिक कार्रवाई आदि का जिम्मा जिला स्थापना विभाग कार्यालय के अधीन है। डीएम कार्यालय का यह महत्वपूर्ण शाखा है जो जिले में प्रशासनिक व्यवस्था दुरूस्त रखने के लिए कार्य करती है। आयुक्त ने उक्त कार्यालय का बारिकी से निरीक्षण किया तथा व्यवस्था की जानकारी ली। कमीश्नर ने पाया कि जो पद कर्मियों के रिटायर होने या किसी अन्य कारणों से खाली हुए हैं, उसे भरने के लिए कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि ऐसे पदों के लिए रोस्टर बनाकर शीघ्र अधिसूचना जारी करें। उन्होंने कार्यालय प्रधान को अपने कार्यालय का निरीक्षण करने का भी निर्देश दिया। कहा कि वे देखें कि कौन कर्मी काम के प्रति संजीदा हैं तथा कौन लापरवाह। पत्रों का जवाब समय पर दिया जा रहा है या नहीं। लापरवाह कर्मियों की सूची बनाकर उन्हें दंडित करने का प्रस्ताव दें। प्रधान अधीनस्थ कार्यालयों का भी निरीक्षण करें ताकि कर्मी कार्यों के प्रति संवेदनशील बने रहें। आयुक्त ने लोक शिकायत निवारण मामले में भी शिथिलता बरते जाने पर भी चिंता जताई। कहा कि जिला एवं अनुमंडल स्तर पर कार्यरत लोक शिकायत निवारण कार्यालय संचालित हैं। मामलों का निष्पादन भी हो रहा है लेकिन उसके क्रियान्वयन में शिथिलता बरती जा रही है। उन्होंने कहा कह निर्देशों का अनुपालन नहीं होने से पीड़ितों को कानून का लाभ नहीं मिल पाता है। उन्होंने डीएम से कहा कि जिला स्तर पर लोक शिकायत के मामलों के क्रियान्वयन के लिए एक अलग सेल बनाने की जरूरत है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने जिला स्थापना कार्यालय को अपने दायित्वों का पालन गंभीरता से करने का निर्देश दिया।

## गोपालगंज में दिनदहाडे सीएसपी संचालक से लूट

**गोपालगंज ।** गोपालगंज में बदमाष लूट की घटनाओं को लगातार अंजाम दे रहे है। खासतौर पर बदमाषों के निषाने पर सीएसपी संचालक व ज्वैलरी षॉप की दुकाने है। ताजा मामला मांझा थाना क्षेत्र के धोबवलिया बाजार का है, जंहा आधा दर्जन हथियारबंद बदमाषों ने हथियार के दम पर दिनदहाडे सीएसपी संचालक से 48 हजार रुपए, लैपटॉप व मोबाइल लूट कर फरार हो गए। घटना की सूचना पाकर पंहुची पुलिस मामले की छानबीन करने में जुट गयी है। बताया जाता है कि धोबवलिया बाजार स्थित सीएसपी संचालक अपनी दुकान पर बैठे थे इसी दौरान हथियारबंद अपराधियों ने सीएसपी संचालक को हथियार का भय दिखाकर 48 हजार नगदी, लैपटॉप व मोबाइल लूटकर हथियार लहराते हुए फरार हो गए। जिले में आय दिन हो रही लूट की घटनाओं से पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर कई सवाल खडे हो रहे है।लोगो का कहना है कि अगर पुलिस सजग होती तो जिले में लूट की घटनाएं नही होती।

# कटेया थाना क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटना से लोगों में दहशत



औरंगाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

● सोती रही पुलिस जागते रहे चोर

जिले के कटेया थाना क्षेत्र के रामदास बगही गांव मे गुरुवार की रात्रि एक ही साथ दो घरो मे हुई चोरी घटना से पूरे इलाके चोरो को लेकर दहशत बना हुआ है।बताया जाता है कि गुरुवार की रात्रि रामदास बगही के बागेश ठाकुर और सारदा भर के घर मे चोरो ने लगभग सत्तर हजार रुपये नगदी और सोने चांदी के आभूषण सहित अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए। और पुलिस पुरी रात सोती रही। सुबह जब इसकी सूचना कटेया थाने के बगही पिकेट को प्राप्त हुई तो मौके पर पहुंच कर मामले की जांच मे जुट गई है।लगातार कटेया थाने मे बढ़ती चोरी की घटना से पूरे थाना क्षेत्र मे चोरो के प्रति भय का माहौल बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगो का कहना है कि अगर पुलिस रात्री गस्ती करती तो क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाया जा सकता था। लेकिन कटेया थाने की पुलिस मजे से सो रही है जबकि चोर पुरी रात जाग रहे है।

## अवैध खनन में संलिप्त वाहनों से वसूले गए 574000 रुपये

**गया।** अवैध खनन को रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी तथा खनन विभाग के तमाम पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश प्राप्त है कि अवैध खनन के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें। अवैध खनन की सूचना यदि कहीं से मिलती है तो संबंधित स्थान पर छापेमारी करने में कोताही ना बरतें। इसी कड़ी में आज जिले के विभिन्न स्थानों में अवैध खनन के विरुद्ध औचक छापेमारी की गई, जिसमे बड़ी संख्या में बालू एवं गिट्टी( पत्थर) लदे ट्रक एवं ट्रक्टर को जप्त किया गया है।जप्त किये गए वाहन है जो बेला थाना क्षेत्र अंतर्गत बालू लदे 02 ट्रक को जप्त किया गया है।गया के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बालू लदे 01 ट्रकटर को जप्त किया गया है। गया शहर के विष्णुपद थाना क्षेत्र अंतर्गत गिट्टी लदे 01 ट्रक को जप्त किया गया है। वही परैया थाना क्षेत्र के बगाहीटोला तथा मोरहर के समीप बालू लदा 03 ट्रकटर को जप्त किया गया है। शुक्रवार को जप्त सभी वाहनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है ।

# गोपालगंज: डीएम ने जनता दरबार लगाकर सुनी फरियादियों की पीड़ा

गोपालगंज, प्रात : किरण संवाददाता



● सौ से ज्यादा मामलों का किया त्वरित निपटारा

जिला पदाधिकारी डॉ नवल किशोर चैधरी के द्वारा के कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार मे जिले के विभिन्न प्रखंडों से विभिन्न समस्याओं को लेकर पहुँचे सभी फरियादियों से जिला पदाधिकारी द्वारा बारी-बारी से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुनकर संबंधित विभाग के पदाधिकारियो को शिकायतो की जांच कर त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।

इस दौरान बरौली प्रखण्ड के प्यारेपुर गाँव की प्रीति कुमारी द्वारा ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न को लेकर अपनी शिकायत दर्ज कराई गई। जिसको जिला पदाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक को मामले की जांच कर कारवाई करने का निर्देष दिया। वही कटेया प्रखण्ड के समोगर निवासी इमामुद्दीन आलम द्वारा पिता की हत्या के बाद अब तक न्याय ना मिलने पर गुहार लगायी। सका। जिसको लेकर उन्होंने महोदय से न्याय की गुहार लगाई। थावे प्रखंड के धतिगना निवासी मोहन सोनार, बैकुंठपुर के भगवानपुर बाजार निवासी भरदुल दास एवं कुचायकोट प्रखण्ड के बलवन रायमल निवासी रामदयाल महतो द्वारा उनके जमीन पर जबरन कब्जा कर लिए जाने को लेकर मदद की गुहार लगाई गई। जिला पदाधिकारी ने संबधित पदाधिकारियों को जांच कर उचित कारवाई का निर्देष दिया। भोरे प्रखंड के खलवा गाँव निवासी केशव मिश्रा द्वारा शिकायत की गई कि उनके द्वारा कार लोन के मामले में समझौता के उपरांत भी नीलाम पत्र शाखा द्वारा वारंट जारी होने की शिकायत की गई। लगभग सौ से ज्यादा शिकायतों को जिला पदाधिकारी द्वारा निपटारा किया गया। सुना गया।

# समारोहपूर्वक मना मातेश्वरी जगदंबा का 57वां स्मृति दिवस

फारबिसगंज, प्रात : किरण संवाददाता



फारबिसगंज में ओम शांति केंद्र के प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा में मातेश्वरी जगदंबा का 57वां स्मृति दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया और श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। ओम शांति केंद्र की संचालिका बीके रुकमा दीदी ने बताया कि 17 वर्ष की अल्प आयु में माता जगदंबा के द्वारा अपने परम आराध्य शिव बाबा के विश्व शांति की लौ को जलाए रखने का जो संकल्प लिया, उसे उन्होंने बखूबी पूरा कर न सिर्फ.हिंदुस्तान में वरन विश्व के 145 देशों तक लौ को पहुँचा दिया।

उनके द्वारा कुछ दर्जन भर लोगों के साथ शुरू की गई ओम मंडली देश विदेश में फैलकर वटवृक्ष का रूप धारण कर चुकी है।हजारों लाखों नहीं वरन करोड़ों करोड़ लोग इस संस्था के बताए संदेश से असंख्य लाभान्वित हो रहे है।45 वर्ष की अल्प आयु में 24 जून 1965 को इस नश्वर संसार से विदा लेने से पूर्व उनकी पालना आज भी लोगों को बरबस याद आती है।

वही, इस कार्यक्रम की शुरूआत केंद्र की संचलिका रुकमा दीदी. सह संचलिका सीता दीदी, संतोषी दीदी, रंजू दीदी, ललिता दीदी, शांति मैडम, मृदुला दीदी, डा. यू सी मंडल, अजातशत्रु अग्रवाल, विजय लखोटिया, अशोक डाबरिवाला, मदन भाई जी आदि के द्वारा दीप प्रज्वलन्न कर किया गया जबकि धन्यवाद ज्ञापन कविता पाठ के जरिए शांति मैडम के द्वारा किया गया।

# पशु चिकित्सालय का हाल बेहाल चिकित्सक व संसाधन का अभाव

पूर्णिया/बड़हरा, प्रात : किरण संवाददाता



प्रखंड स्थित पशु चिकित्सालय का हाल बेहाल है। चिकित्सक, कर्मी व संसाधन का अभाव होने के कारण मवेशीपालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह है कि बीमार पशुओं का इलाज कराने के लिए पशुपालकों को निजी चिकित्सक का सहारा लेना पड़ता है। क्योकि प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय खुद बीमार दिखता है। जो प्रायः बंद ही रहता है।

बुधवार को भी पशु का इलाज कराने अस्पताल पहुंचे लोगों को अस्पताल बन्द रहने के कारण वापस लौटना पड़ा। गौरतलब है कि प्रखंड क्षेत्र के किसान कृषि कार्य के साथ ही पशुपालन से भी जुड़े हैं। पशु चिकित्सालय में चिकित्सकों,कर्मियों, संसाधनों एवं दवाओं की कमी तथा प्रायः अस्पताल बन्द रहने से पशुओं का इलाज नहीं हो पा रहा है।प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय का हालत यह है कि यहां पदस्थापित चिकित्सक डॉ राकेश कुमार एक साथ तीन अस्पताल के चिकित्सक के प्रभार में हैं। इससे सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि भगवान भरोसे ही पशु चिकित्सालय का संचालन हो रहा है। दवा की भी पर्याप्त उपलब्धता पशु चिकित्सालय में नहीं है। चिकित्सक,पशुधन सहायक, डाटा इंट्री आपरेटर और फार्मासिस्ट का पद वर्षों से रिक्त पड़ा है। यहां चिकित्सक के अलावा सिर्फ एक कर्मी शिव शंकर पासवान कार्यरत है जो एक साथ चिकित्सक से लेकर फार्मासिस्ट और डाटा एंट्री ऑपरेटर की भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। अस्पताल के कर्मी शिवशंकर पासवान से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि अस्पताल में मार्च में ही दवाई आना था लेकिन अबतक दवाई नही मिला है।पूर्व के बचे दवाई से ही कार्य चल रहा है। अब सिर्फ कृमि की दवा ही बचा हुआ है। उन्होंने बताया यहां पदस्थापित चिकित्सक तीन अस्पताल के चार्ज में हैं इसलिए अस्पताल में नियमित समय नही दे सकते है। पशुपालक अवधेश झा,रामानंद यादव, छोटू कुमार, कैलाश ऋषिदेव, बिरेन मंडल, कार्तिक झा सहित अन्य ने बताया कि सरकारी पशु चिकित्सा सुविधा का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। बराबर अस्पताल बन्द रहने,चिकित्सक व दवा की कमी के कारण पशुओं के बीमार होने पर इलाज के लिए निजी चिकित्सकों के तलाश में भटकना पड़ता है। इस संबंध में विशेष जानकारी के लिए यहां पदस्थापित चिकित्सक डॉ राकेश कुमार के मोबाइल नंबर 88774 60769 पर कई बार सम्पर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नही हो सका।

# खुले में मांस-मछली बेचनें वालों पर होगी कार्रवाई



गोपालगंज, प्रात : किरण संवाददाता

● दुकानदारों को दिया गया अल्टीमेटम

शहर में खुले में मांस नियमों का उल्लंघन करने वालों और गंदगी फैलाने वाले मांस व मछली विक्रेताओं पर प्रशासन सख्ती से कार्रवाई करेगा। इसको लेकर जिला पदाधिकारी डॉ नवल किशोर चैधरी के निर्देश पर पशुपालन विभाग और नगर परिषद गोपालगंज द्वारा अभियान चलाकर दुकानदारों को अल्टीमेटम दिया गया। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संदीप कुमार व अन्य अधिकारियों व कर्मियों की टीम ने जादोपुर मोड़ और गंडक कॉलोनी के समीप संचालित मांस व मछली की दुकानों पर पहुंचकर विक्रेताओं को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि दुकानों पर पूरी साफ-सफाई रखने, खुले में मांस नहीं बेचने। सड़क की जमीन पर अतिक्रमण नहीं करने का निर्देष दिया। अगर किसी दुकानदार के द्वारा इस आदेष का पालन नही किया जाता है तो उस पर कडी कारवाई की जाएगी।

# गोपालगंज में जदयू निकालेगी आभार यात्रा

गोपालगंज, प्रात : किरण संवाददाता



जदयू जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष आदित्य शंकर शाही की अध्यक्षता में बिहार में जातीय गणना के ऐतिहासिक फैसले के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति धन्यवाद ज्ञापन हेतु आभार यात्रा जिला मुख्यालय में निकालने की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गयी। आभार यात्रा शनिवार की सुबह जिला कार्यालय से मोनिया चैक, पोस्ट ऑफिस चैक, आंबेडकर चैक, घोष मोड़, पुरानी चैक होते हुए मौनिया चैक पर पंहुचेगी। जंहा इसका समापन किया जाएगा। बैठक में जिला अध्यक्ष आदित्य शंकर शाही, मुख्या जिला प्रवक्ता प्रमोद कुमार पटेल, वरीय जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह, राधेश्याम साहनी, सतीश कुमार सिंह, चेतन श्रीवास्तव, शम्भू सिंह, बलिराम प्रसाद, अबरार आलम, अमरेंद्र बारी, दिग्विजय कुर्मी, बुलेट सिंह, अर्जुन, टुनटुन प्रसाद, उपेंद्र सिंह, पप्पू सिंह, बृजकिशोर सिंह, हरिहर साहनी, शुभाष चंद्र प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## खैरटिया बाजार में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट

**गोपालगंज।** जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र के खैरटिया बाजार में लड़कों के बीच मामूली विवाद से शुरू हुआ झगड़ा एक बड़े बवाल मे बदल गया। दो पक्षों के बीच शुरू हुआ मारपीट बाद में बडा रूप ले लिया और देखते-देखते बाजार में भगदड़ मच गई। बाद में बवाल इस कदर बढ़ा कि दो पक्षों के लोग आमने-सामने हो गए थे पर मौके पर पहुंची पुलिस की तत्परता से कोई बड़ा घटना होते होते बच गया। घटना में दोनों पक्षों से दर्जन भर से ज्यादा लोग घायल हो गए है जिन का इलाज विभिन्न अस्पतालों में कराया जा रहा है। घटना में घायल लोगों में एक पक्ष के सतीश राम, पिंटू राम, सरवन राम ,प्रदीप राम, बुलेट राम आदि शामिल है जिन का इलाज हथुआ अनुमंडलीय अस्पताल में कराया जा रहा है वहीं दूसरे पक्ष के इरशाद अंसारी, नदीम अंसारी सहित अन्य लोग घायल हो गए।

# भूमिहार ब्राह्मण समाजिक फ्रंट की राज्य कार्यकारिणी की बैठक 26 को

मुजफ्फरपुर, प्रात :किरण संवाददाता

भूमिहार ब्राह्मण समाजिक फ्रंट की कोर कमेटी की बैठक आज मुजफ्फरपुर स्थित कैंप कार्यालय में फ्रंट के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।बैठक में संगठन के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए फ्रंट के कार्यकारी अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया की आगामी 26 जून को पटना स्थित भूमि विकास बैंक के सभागार में फ्रंट की राज्य कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की जाएगी वहीं किसानों के प्राण स्वामी सहजानंद सरस्वती के पुण्यतिथि पर फ्रंट की ओर से उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने हेतु श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया की बैठक में राज्य के सभी महानगरों में जुलाई के प्रथम सप्ताह में फ्रंट की कमेटी गठित करने तथा एक जुलाई से राज्य के सभी जिलों में जिला सम्मेलन व प्रखंड सम्मेलन आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। कुमार ने बताया की बैठक में आगामी 25 दिसंबर को मुजफ्फरपुर में होने वाले फ्रंट के महाकुंभ की सफलता पर भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में श्री शर्मा के अलावा पूर्व मंत्री अजीत कुमार , कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर शर्मा, फ्रंट के कोषाध्यक्ष पीएन सिंह आजाद, महासचिव धर्मवीर शुक्ला, सचिव एल एन सिंह सहित कई अन्य प्रमुख सदस्य उपस्थित थे।

# श्रीदेवराहा बाबा के पुण्यतिथि पर निकाली गई श्रीविष्णु महायज्ञ की भव्य शोभायात्रा

आरा, प्रात : किरण संवाददाता



भारत के महाविभूति अंतरराष्ट्रीय महायोगी श्रीदेवराहा बाबा की पुण्यतिथि पर श्रीदेवराहा धाम सिअरुआ में त्रिकालदर्शी, परमसिद्ध संत श्रीदेवराहा शिवनाथजी महाराज के सानिध्य में आज श्रीविष्णु महायज्ञ की भव्य शोभायात्रा निकाली गई।श्रद्धालु भक्त जय श्रीराम, देवराहा बाबा की जय, संत श्रीदेवराहा शिवनाथ बाबा की जय, हर-हर महादेव आदि का जयकार लगा रहे थे।

वहीं भक्तगण श्रीराम जी की सेना चली, घर-घर भगवा छायेगा आदि भक्ति गीतों पर झूम रहे थे।वही इस महायज्ञ की भव्य शोभायात्रा शुक्रवार को प्रातः 8:00 बजे से श्रीदेवराहा धाम सिअरुआ से हाथी-घोड़े, गाड़ी, गाजा-बाजा, और भगवा ध्वज के साथ निकली।

यह भव्य शोभायात्रा सिअरुआ धाम से शुरू होकर सिअरुआ मोड़, जगदीशपुर ब्लॉक, झंझरीया पोखरा, सदर बाजार, हनुमान मंदिर, थाना रोड, नयका टोला, दुलौर नदी, दुलौर गांव, मोरचा पर, सिअरुआ मोड़, होते हुए पुनः यज्ञस्थल पर पहुंची।

जहां-जहां से गुजरा कारवाँ, लोग शोभायात्रा में शामिल होते गये।इस भव्य शोभायात्रा में दस हजार से भी अधिक की संख्या में माता-बहनों ने कलश लिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं की सेवा में स्टाल लगाये।वहीं जिस ओर से यह भव्य शोभायात्रा निकलती, वहाँ पर अपने-अपने छतों पर से लोग पूष्पवर्षा करते नजर आते। जिला प्रशासन जगदीशपुर के लोगों का भी इस शोभायात्रा में काफी सहयोग रहा। वहीं संध्या बेला में बिहार के पूर्व पुलिस महानिदेशक और भागवत कथाकार श्रीगुप्तेश्वर पांडेय के द्वारा भागवत कथा का वाचन किया गया।

## संक्षिप्त खबरें



### जेट एयरवेज ने परिचालन नियुक्तियां शुरू कीं, पूर्व कर्मियों को बुलाया

नई दिल्ली। विमानन कंपनी जेट एयरवेज ने शुक्रवार को परिचालन नियुक्तियां शुरू कीं और अपने केबिन क्रू के पूर्व सदस्यों को एयरलाइन में लौटने को कहा। विमानन क्षेत्र के नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने 20 मई को एयरलाइन को वाणिज्यिक हवाई परिचालन बहाल करने की इजाजत दी थी। एयरलाइन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संजीव कपूर ने ट्वीट किया, ह्यह्यहमारी परिचालन नियुक्तियां शुरू हो गई हैं जिसमें हमने जेट के पूर्व कर्मियों को वापस बुलाया है। आने वाले दिनों में पायलट और इंजीनियरों की नियुक्तियां शुरू करेंगे।ह्लह्ल एयरलाइन का वाणिज्यिक हवाई परिचालन जुलाई-सितंबर तिमाही में शुरू हो सकता है। फिलहाल एयरलाइन ने केवल महिला क्रू सदस्यों को ही वापस बुलाया है।

### सीबीआई ने बैंक धोखाधड़ी मामले में पांच स्थानों पर तलाशी ली

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली की एक पैकेजिंग कंपनी रेवा स्केन्स प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ धोखाधड़ी के एक मामले में शुक्रवार को दिल्ली में पांच स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि इस कंपनी के खिलाफ बैंकों के संघ से कथित तौर पर 69.33 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने इंडियन ओवरसीज बैंक की शिकायत पर यह कार्रवाई की है। इसमें बैंक ने आरोप लगाया कि कंपनी के वित्त में गंभीर अनियमितताएं हैं मसलन धन की हेराफेरी, बहीखातों में गड़बड़ी और जालसाजी तथा ऐसा करके कंपनी ने 2011 से 2016 के बीच बैंकों को करोड़ों रुपये का चूना लगाया है। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद सीबीआई ने कंपनी के पूर्व निदेशकों से जुड़े दिल्ली स्थित परिसरों पर छापेमारी की।

### कायमकुलम सौर परियोजना की अंतिम इकाई का वाणिज्यिक परिचालन शुरू

नई दिल्ली। सार्वजानिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने केरल के कायमकुलम में जल क्षेत्र में लगी 92 मेगावॉट की सौर परियोजना की अंतिम इकाई का वाणिज्यिक परिचालन शुरू कर दिया है। इस इकाई की बिजली उत्पादन क्षमता 35 मेगावॉट है। एनटीपीसी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को भेजी सूचना में कहा कि कायमकुलम जलाशय सौर पीवी परियोजना 23-24 जून मध्यरात्रि से वाणिज्यिक रूप से परिचालन में आ गयी। इस परियोजना की शुरूआत के साथ, एनटीपीसी की एकल आधार पर स्थापित और वाणिज्यिक उत्पादन क्षमता 54,749.20 मेगावॉट हो गई है, जबकि समूह के स्तर पर स्थापित और वाणिज्यिक क्षमता 69,114.20 मेगावॉट है।

# महिंद्रा लॉजिस्टिक्स का तीन वर्ष में 10,000 करोड़ के राजस्व का लक्ष्य

गुरुग्राम, एजेंसी



महिंद्रा समूह की लॉजिस्टिक्स सेवा कंपनी महिंद्रा लॉजिस्टिक्स लिमिटेड (एमएलएल) ने वित्त वर्ष 2025-26 तक राजस्व को 10,000 करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि इस समय कंपनी के देशभर में 10 जगहों पर वेयरहाउस (भंडार केंद्र) हैं जो कुल मिलाकर 34 लाख वर्ग फुट के क्षेत्र में फैले हैं और इसमें सात जगहों पर 28 लाख वर्ग फुट क्षेत्र के भंडार केंद्रों का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

एमएलएल के अधिकारियों ने हरियाणा के गुरुग्राम जिले के लुहारी में अपने विशाल वेयरहाउस पर संवाददाताओं से कहा, 'लुहारी की 14 लाख वर्ग फुट की भंडारण सुविधा शुरू होने से हमारी वेयरहाउसिंग क्षमता करीब 1.5 गुना हो गयी है। हम सात जगहों पर 28 लाख वर्ग फुट की नई सुविधाओं का निर्माण कर रहे हैं।' एमएलएल ने वर्ष 2022 की शुरूआत में इस सुविधा का परिचालन आरंभ किया था। एमएलएल ने मुख्य वित्त अधिकारी योगेश पटेल ने कहा, 'देश में राजमार्ग, रेल और अन्य ढांचागत सुविधाओं के विस्तार के मद्देनजर लॉजिस्टिक्स क्षेत्र का विस्तार तेज होगा।' उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी का लाभ 35 करोड़ रुपये रहा जिसमें परिचालन लाभ 210 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। इस वर्ष कंपनी को 4,083 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। श्री पटेल ने कहा, 'एमएलएल ने वित्त वर्ष 2025-26 तक वार्षिक 10,000 करोड़ रुपये के राजस्व का लक्ष्य रखा है।' एमएलएल की लुहारी वेयरहाउस सुविधा में तीन ग्रेड-ए के मालगोदाम हैं जो 14 लाख वर्ग फुट के क्षेत्र में फैले हुए हैं।

इसमें कंपनी बजाज, एमेजॉन और कुछ अन्य बड़ी कंपनियों को लॉजिस्टिक्स सुविधा प्रदान कर रही है। वहां 600 से अधिक कर्मचारी कार्य कर रहे हैं।

इन सुविधा को एमएलएल के स्वस्थ विकास के मानकों के अनुसार तरल कचरा प्रबंधन, अक्षय ऊर्जा, अपशिष्ट प्रबंधन आवश्यकताओं एवं उत्कृष्ट स्वचलित के अनुरूप बनाया गया है। कंपनी उत्पादकता में सुधार और दक्षता बढ़ाने के लिए नवीनतम एवं सर्वोत्तम उपकरणों और प्रौद्योगिकियों का उपयोग कर रही है।

श्री पटेल ने यूनीवार्ता को बताया कि लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा के बीच हमारी कंपनी सभी क्षेत्रों के माल के भंडारण और लाने ले जाने का कार्य करती है जिससे कुछ कंपनियां दूर हैं। उन्होंने कहा कि हमारा वित्त वर्ष 2022-23 के आंकड़ें मुख्य रूप से कोरोना की दूसरी लहर और तीसरी लहर से प्रभावित है। हमें पूरा विश्वास है कि हमारा वित्त वर्ष 2025-26 तक 10,000 करोड़ के राजस्व का लक्ष्य पूरा होगा। रूस-यूक्रेन युद्ध और चीन में लॉकडाउन से अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला पर घरेलू माल-ढुलाई क्षेत्र पर सीधे तौर पर प्रभाव नहीं पड़ा है।

## टाटा स्टील माइनिंग ने रोहित फेरो-टेक का अधिग्रहण किया

**नई दिल्ली।** टाटा स्टील की खनन इकाई टाटा स्टील माइनिंग लिमिटेड (टीएसएमएल) ने कर्ज में डूबी रोहित फेरो-टेक (आरएफटी) की शेष 10 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी का अधिग्रहण 20 करोड़ रुपये में पूरा कर लिया है। कंपनी ने एक बयान में इसकी जानकारी दी। टाटा स्टील ने 12 अप्रैल को कहा था कि उसकी अनुषंगी टीएसएमएल ने दिवाला और ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत स्वीकृत समाधान योजना के अनुसार आरएफटी में 90 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण पूरा कर लिया है।

कंपनी ने कहा था कि टीएसएमएल से आरएफटी में निवेश 10 करोड़ रुपये की इक्विटी और 607.12 करोड़ रुपये के अंतर-कॉरपोरेट ऋण के संयोजन के माध्यम से किया गया था।

टाटा स्टील ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजारों को दी एक सूचना में कहा था कि आरएफटी में वित्तीय लेनदारों (एफसी) की 10 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी का अधिग्रहण 22 जून, 2022 को लगभग 20.06 करोड़ रुपये में पूरा हुआ।

## माइक्रोसॉफ्ट ने एज में नए एक्सबॉक्स, पीसी गेमिंग प्रदर्शन फीचर्स जोड़े

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी




टेक दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट अपने एज ब्राउजर को थोड़ा और गेमर-फ्रेंडली बना रहा है क्योंकि यह वेब पेज पर नए एक्सबॉक्स और पीसी गेमिंग परफॉर्मेंस फीचर जोड़ रहा है। द वर्ज की रिपोर्ट के मुताबिक, नए गेमिंग-केंद्रित होमपेज और कैजुअल गेम्स इंटीग्रेशन के अलावा, वेब ब्राउजर को एक्सबॉक्स क्लाउड गेमिंग स्ट्रीम को बेहतर बनाने के लिए क्लेरिटी बूस्ट भी मिल रहा है। पीसी गेमर्स के लिए नया एफिसिएंशी मोड सबसे दिलचस्प जोड़ है। विंडोज 10 और विंडोज 11 दोनों यूजर एज में इस एफिसिएंशी मोड को सक्षम करने से लाभ उठा सकेंगे और यह ब्राउजर को गेम खोलने पर संसाधन लेने से रोक देगा।

माइक्रोसॉफ्ट के उपभोक्ता सेवाओं और सॉफ्टवेयर उत्पादों के कॉर्पोरेट उपाध्यक्ष लियाट बेन-जुर ने कहा, इस फीचर के साथ, आपको इसे चलाने के लिए ब्राउजर को बंद करने और इसे फिर से खोलने की आवश्यकता नहीं है। बेन-जूर ने कहा, जैसे ही आप गेम को बंद करते हैं, माइक्रोसॉफ्ट एज एफिसिएंशी मोड से बाहर निकल जाएगा और आपको वहीं वापस ले जाएगा जहां आपने छोड़ा था। माइक्रोसॉफ्ट एक्सबॉक्स क्लाउड गेमिंग के लिए क्लेरिटी बूस्ट फीचर भी जोड़ रहा है। यह एक स्थानिक अपसंस्कृति सुविधा है जिसे एक्सबॉक्स स्ट्रीम किए गए खेलों को अधिक स्पष्ट और तेज बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। टेक दिग्गज ने एज के लिए एक गेमिंग होमपेज भी बनाया है, जिसमें गेमिंग न्यूज, लाइव स्ट्रीम, एक्सबॉक्स कंटेंट और एक्सबॉक्स क्लाउड गेमिंग की त्वरित पहुंच शामिल है। माइक्रोसॉफ्ट की सभी नई गेमिंग सुविधाएँ अब एज के लेटेस्ट वर्जन, वर्जन 103 में उपलब्ध हैं।

## टोयोटा, सुजुकी उत्पादन के क्षेत्र में साझेदारी का करेंगे विस्तार



नई दिल्ली, एजेंसी

जापान की वाहन विनिमार्ता कंपनी टोयोटा और सुजुकी ने शुक्रवार को कहा कि वे भारत में विकास और उत्पादन के क्षेत्रों में सहयोग और बढ़ाऐंगे।

दोनों कंपनियों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि इस पहल के तहत दोनों कंपनियां सुजुकी द्वारा विकसित नई एसयूवी का उत्पादन इस वर्ष अगस्त माह से टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) में शुरू करेंगी।

सुजुकी की भारतीय इकाई मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड और टीकेएम भारत में इन नए मॉडलों को बाजार में क्रमशः सुजुकी और टोयोटा मॉडल की तरह उतारेंगी। बयान में कहा गया, इसके अलावा दोनों कंपनियां नए मॉडलों को भारत के बाहर के बाजारों में निर्यात करने की योजना बना रही है, जिनमें अफ्रीका के बाजार भी शामिल हैं।

टोयोटा के अध्यक्ष अकियो तोयोदा ने कहा, हम सुजुकी के साथ नई एसयूवी की घोषणा करते हैं। सुजुकी के अध्यक्ष तोशिहिरो सुजुकी ने कहा कि टीकेएम में नई एसयूसी विनिर्माण की परियोजना भारत की वृद्धि में योगदान देगी।

## गो फर्स्ट एयरलाइन ने शुरू की कोच्चि से अबूधाबी के बीच सीधी उड़ान

कोच्चि, एजेंसी




गो फर्स्ट (गोएयर) एयरलाइन ने केरल के कोच्चि से अबू धाबी के लिए 28 जून से सीधी उड़ाने संचालित करने की घोषणा की है। है। फिलहाल ये उड़ानें हफ्ते में सिर्फ तीन दिन ही संचालित होंगी। एयरलाइन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एयरलाइन के आज जारी बयान के अनुसार, पहली गो फर्स्ट उड़ान जी8 063 कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से स्थानीय समयानुसार शाम करीब आठ बजे प्रस्थान करेगी और रात 10:40 बजे अबू धाबी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचेगी और वापसी के दौरान, गो फर्स्ट फ्लाइट जी8 064 अबू धाबी से रात 11:40 बजे (स्थानीय समय) पर प्रस्थान करेगी और सुबह 5:10 बजे कोच्चि पहुंचेगी।

उन्होंने बताया कि यात्री प्रति सप्ताह तीन सीधी उड़ान सेवाओं का आनंद ले सकते हैं। उन्हें अब बुकिंग मात्र 15793 रुपये से आवागमन दोनों के लिए करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र मध्य पूर्व में गो फर्स्ट के अंतरराष्ट्रीय पदचिह्न को मजबूत करेगा और यात्रियों को सस्ती एवं सुलभ यात्रा कराने में कारगर साबित होगा। जो गर्मियों की छुट्टियों में कोच्चि से अबू धाबी के लिए या अबूधाबी से केरल में मस्ती करने की योजना बना रहे हैं। वह इस सुविधा का आसानी से लाभ ले सकते हैं। संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी दुनिया के सबसे आधुनिक और तेजी से विकसित हो रहे शहरों में से एक है।

एयरलाइन ने कहा कि दो देशों के बीच यात्रा करने वाले यात्री बुकिंग के लिए डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट फ्लाई गो फर्स्ट डॉट कॉमपर लॉग इन कर सकते हैं या मोबाइल एप का उपयोग कर सकते हैं। गो फर्स्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कौशिक खोना ने कहा, हमें मध्य पूर्व में अपनी कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए केरल को अबू धाबी से जोड़ने वाली नई नॉन-स्टॉप उड़ानों की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इस क्षेत्र में हमारे विस्तार से यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि इन शहरों में यात्रियों की पहली पसंद गो फर्स्ट है। ये नए मार्ग एक बार फिर हमारे अंतरराष्ट्रीय परिचालन के विस्तार के प्रति हमारी अडिग प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। फिलहाल, गो फर्स्ट एयरलाइन ने कोच्चि से कुवैत और कोच्चि से मस्कट के लिए दैनिक सीधी उड़ानें शुरू करने की भी घोषणा की है। उन्होंने बताया कि गो फर्स्ट अपने यात्रियों को अपने आप पहले आओ दर्शन के तहत सुलभ हवाई उड़ान का अनुभव प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं।

## सोना 70 रुपये टूटा, चांदी में 621 रुपये की गिरावट



नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली सरार्फा बाजार में शुक्रवार को सोना का भाव 70 रुपये घटकर 50,557 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 50,627 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसी तरह चांदी की कीमत भी 621 रुपये टूटकर 59,077 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी का भाव 59,698 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, न्यूयॉर्क स्थित जिंस एक्सचेंज, कॉमेक्स में कल रात की गिरावट के बाद दिल्ली सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमतों में 70 रुपये की कमी आई है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना तेजी के साथ 1,828 डॉलर प्रति औंस पर था, जबकि चांदी 20.97 डॉलर प्रति औंस पर लगभग स्थिर रही। कॉमेक्स में सोने की हाजिर कीमत में 0.33 प्रतिशत की तेजी थी।

## वियतजेट ने वियतनाम के लिए चार नए हवाई मार्ग खोले

मुंबई, एजेंसी




वियतजेट ने आधिकारिक तौर पर मुंबई-हो ची मिन्ह सिटी/हनोई मार्गों और नई दिल्ली/मुंबई-फू क्वोक सेवाओं सहित भारत और वियतनाम के शीर्ष गंतव्यों को जोड़ने वाली चार और हवाई सेवाएं शुरू की हैं। नए मार्गों का शुभारंभ समारोह मुंबई में हो ची मिन्ह सिटी के राजनेताओं की हालिया मुंबई यात्रा के दौरान आयोजित किया गया, जब भारत और वियतनाम के बीच राजनयिक संबंधों की 50वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस समारोह में हो ची मिन्ह सिटी की पीपल्स कमेटी की वाइस चेयरवूमैन फान थी थांग, वियतजेट के उच्चाधिकारियों और मुंबई में वियतनाम के महावाणिज्य दूतावास के प्रतिनिधियों ने शिरकत की। मुंबई-फू क्वोक मार्ग पर 9 सितंबर, 2022 से प्रत्येक सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को चार साप्ताहिक उड़ानें संचालित की जाएंगी। नई दिल्ली और फू क्वोक के बीच सेवाएं भी 9 सितंबर, 2022 से ही शुरू होंगी तथा प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार और रविवार को तीन साप्ताहिक उड़ानें संचालित की जाएंगी। हो ची मिन्ह सिटी/हनोई-मुंबई मार्गों पर जून, 2022 की शुरूआत से हवाई सेवाएं शुरू हो गई हैं। नई दिल्ली को हो ची मिन्ह सिटी/हनोई से जोड़ने वाली दोनों देशों की पहली सीधी हवाई सेवाओं का परिचालन गत अप्रैल में प्रत्येक मार्ग के लिए प्रति सप्ताह तीन से चार उड़ानों की आवृत्ति के साथ फिर से शुरू हुआ। यात्री अब इन मार्गों के हवाई टिकट बुक कर सकते हैं, जिनका एक तरफ का किराया बहुत ही कम महज 18 अमेरिकी डॉलर है। इस अवसर पर वियतजेट के वाइस प्रेजिडेंट गुयेन थान सोन ने कहा, वियतजेट के वियतनाम-भारत फ्लाइट नेटवर्क के विस्तार से दोनों देशों के बीच यात्रा संपर्क और व्यापार संबंधों को और अधिक बढ़ावा व मजबूती मिलेगी। हम वियतनाम की राजधानी हनोई और वहां के सबसे बड़े शहर हो ची मिन्ह तथा भारत की राजधानी नई दिल्ली के बीच सीधी हवाई सेवाओं का संचालन करने वाले पहले वाहक रहे हैं।

# रुपये में तेज उतार-चढ़ाव नहीं होने देगा केंद्रीय बैंक : आरबीआई डिप्टी गवर्नर

नई दिल्ली, एजेंसी




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर माइकल डी पात्रा ने शुक्रवार को कहा कि रुपये में तेज उतार-चढ़ाव नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि हाल के समय में अन्य मुद्राओं की तुलना में रुपये की विनिमय दर में गिरावट सबसे कम रही है। वैश्विक स्तर पर संकट का प्रभाव और भारतीय अर्थव्यवस्था विषय पर आयोजित संवाद सत्र में पात्रा ने कहा कि भारत के पास करीब 600 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार है जो काफी अधिक है और यही वजह है कि रुपये की विनिमय दर में बहुत अधिक गिरावट नहीं आई।

उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्री के कार्यक्रम में आरबीआई के डिप्टी गवर्नर ने कहा, हम इसकी (रुपये की) स्थिरता के लिए प्रयास करेंगे और यह प्रक्रिया लगातार चल रही है। हम अव्यवस्थित तरीके से उतार-चढ़ाव नहीं होने देंगे, निश्चित ही बहुत तेजी से उतार-चढ़ाव नहीं होने देंगे। पात्रा ने कहा कि यदि रुपये की विनिमय दर में कमी को देखेंगे तो पाएंगे कि यह उन मुद्राओं में शामिल है जिनमें दुनिया में मूल्य ह्रास सबसे कम हुआ है। इसका कारण इसके पीछे 600 अरब डॉलर के विदेशी मुद्रा भंडार की ताकत है। बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया अपने रिकॉर्ड निचले स्तर 78.32 पर बंद हुआ था। हालांकि शुक्रवार को शुरूआती कारोबार में यह डॉलर के मुकाबले 12 पैसे चढ़कर 78.20 पर खुला।

## जीएसटी परिषद मासिक जीएसटी भुगतान फॉर्म में परिवर्तन पर करेगी विचार

**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद अगले सप्ताह होने वाली अपनी बैठक में मासिक कर भुगतान फॉर्म जीएसटीआर-3बी में बदलाव करने संबंधी प्रस्ताव पर विचार कर सकती है। इसमें स्वतः बिक्री रिटर्न से संबंधित आपूर्ति आंकड़ें और कर भुगतान तालिका शामिल होगा जिसमें बदलाव नहीं किया जा सकेगा। इस कदम से जाली बिलों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। दरअसल विक्रेता जीएसटीआर-1 में अधिक बिक्री दिखाते हैं जिससे खरीदार इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का दावा कर सकें लेकिन जीएसटीआर-3बी में कम बिक्री दिखाते हैं ताकि जीएसटी देनदारी कम रहे। करदाताओं के लिए मौजूदा जीएसटीआर-3बी में इनपुट टैक्स क्रेडिट स्टेटमेंट स्वतः तैयार होते हैं जो बी2बी (कंपनियों के बीच) आपूर्तियों पर आधारित होते हैं। इसमें जीएसटीआर-ए और 3बी में विसंगति पाए जाने पर उसे रेखांकित भी किया जाता है। जीएसटी परिषद की विधि समिति ने जिन परिवर्तनों का प्रस्ताव दिया है उनके मुताबिक जीएसटीआर-1 से मूल्यों की स्वतः गणना जीएसटीआर-3बी में होगी और इस तरह करदाताओं और कर अधिकारियों के लिए यह और अधिक स्पष्ट हो जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि इन बदलावों से जीएसटीआर-3बी में उपयोगकर्ता की तरफ से जानकारी देने की आवश्यकता न्यूनतम रह जाएगी और जीएसटीआर-3बी फाइलिंग की प्रक्रिया भी आसान होगी।

# इजी चेक ब्रैस्ट स्तन-कैंसर को जल्द पहचानने की दिशा में एक बड़ी तकनीकी छलांग

मुंबई, एजेंसी

- **अपोलो कैंसर सेंटर ने स्तन कैंसर को जल्द पहचानने के लिए क्रांतिकारी रक्त परीक्षण की शुरूआत की**

भारत के सर्वश्रेष्ठ निजी कैंसर अस्पताल, अपोलो कैंसर सेंटर जो कैंसर देखभाल में सबसे उमदा तकनीकों में लगातार निवेश के लिए प्रतिबद्ध है, दातार कैंसर जेनेटिक्स के सहयोग से लाया है एक क्रांतिकारी रक्त परीक्षण जो अत्यंत सटीकता से बिना लक्षण वाले व्यक्तियों में भी प्रारंभिक अवस्था में ही स्तन कैंसर का पता लगा सकता है। जिससे समय पर निदान व उपचार द्वारा जिन्दगियाँ बचाई जा सकती हैं। स्तन कैंसर के लगातार बढ़ते मामलों और इसके विषय में होने वाली सामाजिक चर्चा ने ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में, तकनीकी विकास के इतिहास में होने वाले महत्वपूर्ण क्रम विकास में से एक को जन्म दिया है। कैंसर की चर्चा को सबके सामने लाने के इसी अनुरोध के साथ, अपोलो कैंसर सेंटर्स, इस लॉन्च के माध्यम से सभी महिलाओं से अपील करता है कि वे अपनी स्तन कैंसर के प्रति संवेदनशीलता के बारे में अधिक जानने के लिए रक्त नमूने के परीक्षण द्वारा सबसे आसान तरीके से जांच करवाएं। केवल एक छोटे से रक्त नमूने द्वारा, अब ईजीचेक स्तन कैंसर को पहले ही स्तर पर पहचानने में मदद करता सकता है।ईजीचेक पूरे भारत में 22 जून से सभी अपोलो कैंसर केंद्रों पर उपलब्ध है। इस मौके पर अपने विचार प्रकट करते हुए, अपोलो हॉस्पिटल्स के संस्थापक और अध्यक्ष, डॉ प्रताप रेड्डी ने कहा, समय पूर्व कैंसर का पता लगाने और विश्व स्तरीय कैंसर के इलाज के बारे में लोगों को जागरूक करने के हमारे मकसद के अनुसार, ईजीचेक ब्रेस्ट का लॉन्च इस दिशा में बड़ी सफलता है जो गुणवत्तापूर्ण तकनीकी विकास के साथ मृत्यु दर को कम करने के लिए समय पर निदान और उपचार सुनिश्चित करती है। दातार कैंसर जेनेटिक्स के साथ इस मेल ने एक बड़ी पथ प्रवर्तक उपलब्धि हासिल की है और अपोलो कैंसर सेंटर्स में, हमस्तन कैंसर का उपचार करने के लिए उत्तम, उन्नत और उपचार के सर्वश्रेष्ठ उपकरणों के साथ अच्छी तरह से सुसज्जित हैं। मैं, परिवार की देखभाल करने वाली, भारत की महिलाओं से, विनम्र निवेदन करता हूं कि वे अपने लिए घर से बाहर निकलें और वर्ष में कम से कम एक बार अपना परीक्षण करवाएं और यह सुनिश्चित करें कि वे स्तन कैंसर से सुरक्षित हैं। निदान से लेकर उपचार तक, अपोलो कैंसर सेंटर अपने रोगियों के साथ हर वक्त खड़े रहने और उनके ठीक होने की राह पर कोमल प्यार भरी देखभाल देने का वादा करता है। परीक्षण के बारे में बताते हुए, दातार कैंसर जेनेटिक्स के संस्थापक और अध्यक्ष राजन दातार ने कहा, दुर्भाग्य से, ज्यादातर कैंसर के मामलों में इसका पता उच्च स्तरों पर लगाया जाता है, जिसके लिए अधिक गहन और महंगे इलाज की जरूरत होती है, जिसमें कमजोर करने वाले दुष्प्रभावों और इलाज की विफलताओं का खतरा अधिक होता है। ईजीचेक- ब्रेस्ट सहयोगी अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान और नवप्रवर्तनों के वर्षों की परिणति है और इसको जनसंख्या-आकार के समूहों पर विकसित, परीक्षण कर वैध पाया गया है। एक सामान्य रक्त नमूना जो बिना लक्षण वाले व्यक्तियों में भी कैंसर का समय पूर्व पता लगाने का वादा करता है और इसके सफल इलाज और इससे बचने की संभावनायें पैदा करता है। इस मौके पर दिनेश माधवन जो ग्रुप ऑन्कोलॉजी एंड इंटरनेशनल, अपोलो हॉस्पिटल एंटरप्राइजेज लिमिटेड के प्रेसिडेंट हैं ने कहा, ईजीचेक-ब्रेस्ट के लॉन्च के साथ, अपोलो कैंसर सेंटर्स और दातार जेनेटिक्स यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हम अतिशीघ्र कैंसर की पहचान करें और यही कैंसर पर जीत की ओर पहला कदम है।

## पेट्रोल-डीजल के दाम 34 वें दिन स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों में उतार-चढाव के बीच शुक्रवार को घरेलू स्तर पर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया, जिससे लगातार 34 वें दिन ईंधन के दाम स्थिर रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार दिल्ली में आज पेट्रोल का दाम 96.72 रुपये और डीजल का दाम 89.62 रुपये प्रति लीटर है, जबकि मुंबई में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमशः 111.35 रुपये और 97.28 रुपये प्रति लीटर पर है। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर राज्यों में अलग-अलग हैं। केंद्र सरकार ने मई महीने के अंतिम सप्ताह में आम आदमी को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमशः आठ रुपये और छह रुपये प्रति लीटर की कटौती करने की घोषणा की थी। इससे पेट्रोल-डीजल के दाम कम से कम क्रमशः 9.5 रुपये और सात रुपये तक गिर गए थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 110.05 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.21 प्रतिशत चढ़कर 104.49 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

## उतार-चढ़ाव के बीच शेयर बाजार में मजबूती का रुख, सेंसेक्स 644 अंक तक उछला

नई दिल्ली, एजेंसी

मौजूदा सप्ताह के आखरी कारोबारी दिन शुक्रवार को शुरूआती कारोबार में भारतीय शेयर बाजार में जोरदार उठापटक का माहौल नजर आ रहा है। बाजार में कभी तेजड़िये हावी होते नजर आते हैं, तो कभी मंदड़ियों का जोर बन जाता है। हालांकि अभी तक के कारोबार में बाजार में लगातार मजबूती नजर आ रही है, लेकिन लगातार हो रही खरीद बिक्री की वजह से उतार चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है।

शुरूआती एक घंटे के कारोबार में दिग्गज शेयरों में से इंडसइंड बैंक, हीरो मोटोकॉर्प, आयशर मोटर्स, ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज और टाटा स्टील के शेयरों में तेजी का रुख बना हुआ है, वहीं एशियन पेंट्स, इंफोसिस, एनटीपीसी और टेक महिंद्रा के शेयर गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे हैं। शुरूआती कारोबार में रिलायंस इंडस्ट्रीज में अभी तक सबसे अधिक 435.58 करोड़ रुपये का सौदा हो चुका है, वहीं मारुति सुजुकी में भी अभी तक 339 करोड़ रुपये की खरीद बिक्री हो चुकी है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स आज 388.52 अंक की बढ़त के साथ 52,654.24 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बाजार में तेज खरीदारी का रुख बन गया, जिसके कारण सेंसेक्स पहले 5 मिनट के कारोबार में ही 644.15 अंक की छलांग लगाकर 52,909.87 अंक के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि इस तेजी के बाद बाजार में मुनाफावसूली के चक्कर में बिकवाली शुरू हो गई।

बिकवाली के दबाव की वजह से सेंसेक्स तेजी से नीचे गिरने लगा। अगले 20 मिनट के कारोबार में ही ये सूचकांक गिरकर 52,647.85 अंक के स्तर पर आ गया। इस गिरावट के बाद खरीदारों ने एक बार फिर जोर लगाया, जिससे अगले आधे घंटे के कारोबार में बाजार में तेजी का रुख बनता दिखा। लेकिन उसके बाद एक बार फिर बिकवाली शुरू हो गई और सेंसेक्स दोबारा नीचे गिरने लगा। लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे के कारोबार के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 423.93 अंक की मजबूती के साथ 52,689.65 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी ने भी 100.75 अंक की तेजी के साथ 15,657.40 अंक के स्तर से आज के कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही शुरूआती खरीदारी के सपोर्ट से निफ्टी 192.60 अंक की छलांग लगाकर 15,749.25 अंक के स्तर पर पहुंच गया। लेकिन इसके बाद बाजार में तेज बिकवाली शुरू हो गई, जिसके कारण ये सूचकांक गिरकर 15,680.25 अंक के स्तर पर आ गया। इस गिरावट के बाद एक बार फिर खरीदारों ने मोर्चा संभाला और तेज खरीदारी करके दोबारा निफ्टी को 15,724.05 अंक के स्तर पर पहुंचा दिया। इस स्तर पर एक बार फिर बाजार में बिकवाली शुरू होने से निफ्टी में दोबारा गिरावट का रुख बन गया। लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 132 अंक की मजबूती के साथ 15,688.65 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

## संक्षिप्त खबरें

### लाहिड़ी ने इवन पार 70 का कार्ड खेला, संयुक्त 69वें स्थान पर

क्रोमवेल। भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने यहां ट्रैवलर्स चैम्पियनशिप के पहले दौर में इवन पार 70 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त रूप से 69वें स्थान पर चल रहे हैं। लाहिड़ी को अगर कट हासिल करने की उम्मीद बनाये रखनी है तो उन्हें दूसरे दौर में कोई गलती नहीं करनी होगी। वहीं फॉर्म में चल रहे रोरी मैकलरॉय ने बोगी फ्री आठ अंडर 62 का कार्ड खेलकर जेटी पोस्टन के साथ संयुक्त बढ़त बनायी हुई है।

### शमी की गेंद पर जीरो पर आउट हो गए पुजारा

नई दिल्ली। भारत और लिसेस्टरशायर के बीच वॉर्म-अप मैच खेला जा रहा है। इस मुकाबले में भारत ने पहली पारी में 246 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। टीम इंडिया के लिए इस मैच में श्रीकर भरत ने शानदार बैटिंग की। जबकि लिसेस्टरशायर के खिलाड़ी पहली पारी खेल रहे हैं। इस दौरान मोहम्मद शमी ने चेतेश्वर पुजारा को जीरो पर आउट कर दिया। पुजारा और ऋषभ पंत समेत कुछ भारतीय खिलाड़ी लिसेस्टरशायर के लिए खेल रहे हैं। पुजारा के विकेट का वीडियो वायरल हो रहा है। लिसेस्टरशायर की पहली पारी में पुजारा तीसरे नंबर पर बैटिंग करने आए। इस दौरान उन्होंने 6 गेंदों का सामना किया, लेकिन एक भी रन नहीं बना पाए. वे शमी की गेंद का शिकार बन गए। उन्हें शमी ने बोल्ड कर दिया। इसके बाद शमी जश्न मनाने के लिए पुजारा के कंधे पर चढ़ गए। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। फैंस को शमी का यह अंदाज बहुत पसंद आया। अहम बात यह है कि तेज गेंदबाज शमी फॉर्म में हैं। यह टीम इंडिया के लिए फायदेमंद है।

### चेन्नई ओपन शतरंज : नितिन ने बढ़त कायम रखी

चेन्नई। भारतीय अंतरराष्ट्रीय मास्टर नितिन सेंथिलवेल की जीत की लय शुक्रवार को शीर्ष वरीय बोरिस सावचेंको के खिलाफ आठवें दौर में ड्रा के साथ टूट गयी लेकिन वह 7.5 लेकर 13वें चेन्नई ओपन अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूनार्मेंट 2022 की तालिका में शीर्ष पर बरकरार हैं। रूस के ग्रैंडमास्टर सावचेंको से 68 चाल में अंक बांटने वाले नितिन अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों से पूरे एक अंक आगे हैं। सावचेंको, एलेक्सेई फेडोरोव (बेलारूस), बाघदसार्यन वाहे (अर्मेनिया), अरोनयाक घोष, पी कोंगुवेल, हिमल गुसाईं, एस प्रसन्ना, दाकशिन अरूण और रविचंद्रन सिद्धार्थ (सभी भारतीय) 6.5 अंक लेकर दूसरे स्थान पर हैं। 26 जून को खत्म होने वाले 10 दौर के स्विस टूनार्मेंट के दो दौर बचे हैं।

### तीरंदाजी विश्व कप में भारत की कम्पाउंड मिश्रित जोड़ी फाइनल में

पेरिस। भारतीय तीरंदाज अभिषेक वर्मा और ज्योति सुरेखा वेन्नम की जोड़ी ने विश्व कप चरण तीन के फाइनल में पहुंचने के साथ ही शुक्रवार को यहां देश के लिए दूसरा पदक पक्का कर लिया। दीपिका कुमारी, अंकिता भगत और सिमरनजीत कौर की तिकड़ी ने गुरुवार को रिकर्व महिला टीम स्पर्धा के फाइनल में पहुंचकर पहला पदक पक्का किया था। वर्मा और ज्योति की कम्पाउंड मिश्रित जोड़ी ने एस्टोनिया की रॉबिन जाटमा और लिसेल जाटमा को सेमीफाइनल के एकतरफा मुकाबले में 156-151 से हराया। अंतिम-16 में बाई हासिल करने के बाद प्री-क्वार्टर फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने अपने अभियान की शुरुआत प्यूर्तो रिको को आठ अंकों के शानदार अंतर (158-150) से पछाड़कर किया।

# भारत को श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी20 में शीर्ष क्रम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम आज श्रृंखला अपने नाम करना चाहेगी

**दांबुला, एजेंसी**



भारतीय महिला क्रिकेट टीम शनिवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद लगाकर तीन मैचों की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी। भारत ने गुरुवार को पहले टी20 में 34 रन से जीत दर्ज करके दौरे की सकारात्मक शुरूआत की। भारतीय टीम शनिवार को अब न सिर्फ श्रृंखला अपने नाम करना चाहेगी बल्कि अपने कमजोर पक्षों पर गौर करके बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों से पहले जीत की लय जारी रखने का प्रयास भी करेगी।

बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन 28 जुलाई से आठ अगस्त के बीच होगा। इन खेलों में पहली बार महिला क्रिकेट को टी20 प्रारूप में शामिल किया गया है। भारत पहले मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 138 रन ही बना पाया था लेकिन बायें हाथ की स्पिनर राधा यादव की अगुवाई में गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से वह जीत दर्ज करने में सफल रहा। लेकिन भारतीय बल्लेबाजी में काफी सुधार की जरूरत है। शैफाली वर्मा (31 रन), कप्तान हरमनप्रीत कौर (22) और ऋचा घोष (11) सभी को अपनी अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में बदलना होगा। हरमनप्रीत पिछले मैच में नाकाम रहने के कारण सबसे छोटे प्रारूप में सर्वाधिक रन बनाने के मिताली राज के रिकॉर्ड को नहीं तोड़ पायी थी जिसके लिये उन्हें 24 रन की जरूरत है। हाल में संन्यास लेने वाली मिताली ने 89 मैचों में 2364 रन बनाये हैं। उपकप्तान स्मृति मंधाना और सभिनेनी मेघना पिछले मैच में नहीं चल पायी थी। भारत को अगर बड़ा स्कोर बनाना है तो इन दोनों को बड़ी पारी खेलनी होगी। भारत यदि सम्मानजनक स्कोर तक पहुंच पाया तो उसका श्रेय जेमिमा रोड्रिगेज (27 गेंदों पर नाबाद 36 रन) और दीप्ति शर्मा (आठ गेंदों में नाबाद 17 रन) को जाता है। भारत

**उम्मीद**

- श्रीलंका को भी अपने बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी

शीर्ष क्रम की बल्लेबाजों से भी इसी तरह का प्रदर्शन चाहेगा। दूसरी ओर भारतीय गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया। राधा (22 रन देकर दो), दीप्ति (नौ रन देकर एक) और कामचलाऊ स्पिनर शैफाली (10 रन देकर एक) की स्पिन तिकड़ी ने शानदार खेल दिखाया। तीनों टी20 मैच एक ही स्थल पर होने से दोनों टीमों के स्पिनर अहम भूमिका निभाएंगे।

श्रीलंका को भी अपने बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। पहले मैच में मध्यक्रम की बल्लेबाज कविशा दिलहारी (नाबाद 47) क्रीज पर डटी रही लेकिन उन्हें दूसरे छोर से कोई सहयोग नहीं मिला। कप्तान चमारी अटापट्टू, विशमी गुणरत्ने, हर्षिता मडावी और निलाक्षी डी सिल्वा को बल्लेबाजी में अधिक जिम्मेदारी लेनी होगी। गेंदबाजी में इनोका रणवीरा (30 रन देकर तीन) और ओशादी रणसिंघे (22 रन देकर दो) की स्पिन जोड़ी ने भारतीय बल्लेबाजों को बांधे रखा।

उन्हें अन्य गेंदबाजों से भी सहयोग की जरूरत पड़ेगी। टीम इस प्रकार हैं : भारतः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप कप्तान), सिमरन बहादुर, यास्तिका भाटिया, राजेश्वरी गायकवाड़, ऋचा घोष (विकेटकीपर), सभिनेनी मेघना, मेघना सिंह, पूनम यादव, रेणुका सिंह, जेमिमा रोड्रिगेज, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, पूजा वस्त्राकर, राधा यादव। श्रीलंकाः चमारी अटापट्टू (कप्तान), निलाक्षी डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, विशमी गुणरत्ने, अमा कंचना, हंसिमा करुणारत्ने, अचिनी कुलसुरिया, सुगंधिका कुमारी, हर्षिता मदवी, हसीनी परेरा, उदेशिका प्रबोधनी, ओशादी रणसिंघे, सत्य संदीपनी, अनुष्का रणवीरा, इनोका संजीवनी, मालशा शहानी, थारिका सेवंडी। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 2:00 बजे शुरू होगा।

# हॉकी विश्व कप में पोडियम स्थान हासिल कर सकता है भारत : सविता

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारतीय कप्तान सविता को लगता है कि राष्ट्रीय महिला हॉकी टीम में प्रेरणा और आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं है जिसकी निगाहें आगामी विश्व कप में ऐतिहासिक पोडियम स्थान हासिल करने पर लगी हैं। एफआईएच के इस शीर्ष टूनार्मेंट की मेजबानी नीदरलैंड और स्पेन संयुक्त रूप से कर रहे हैं जो एक से 17 जुलाई तक खेला जायेगा। भारतीय महिला हॉकी टीम पिछले साल ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रही थी और सविता ने कहा कि तोक्यो ओलंपिक के बाद टीम के अंदर ऐसा भरोसा आ गया है कि वे बड़े मंच पर किसी भी सर्वश्रेष्ठ टीम की बराबरी कर सकते हैं।

सविता ने कहा, तोक्यो में हमारे प्रदर्शन ने हमें भरोसा दिलाया कि हम वैश्विक प्रतियोगिता में पोडियम स्थान हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा, ओलंपिक के बाद हमने अपना ध्यान अपने प्रदर्शन को अगले स्तर तक ले जाने में लगाया। हमने अपनी ऊर्जा एफआईएच प्रो लीग में अच्छा करने पर लगायी और इस प्रतिष्ठित लीग में तीसरा स्थान हासिल किया जिससे विश्व कप से पहले मनोबल बढ़ेगा। भारत का विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन चौथा स्थान रहा है जो उसने 1974 के शुरूआती चरण में हासिल किया था। 2018 में भारत आठवें स्थान पर रहा था। तोक्यो में भारत के शानदार प्रदर्शन ने देश में महिला हॉकी का चेहरा ही बदल दिया। एफआईएच प्रो लीग में अपने पदार्पण में ही भारतीय महिला टीम ने नीदरलैंड और अर्जेंटीना जैसी बड़ी टीमों को कड़ी चुनौती देकर तीसरा स्थान हासिल किया।

सविता ने कहा, भारतीय महिला हॉकी टीम ने कभी भी विश्व कप में पदक नहीं जीता है और हमारा लक्ष्य इस बार इस सपने को साकार करने का है। इस शीर्ष गोलकीपर ने कहा कि एक इकाई के तौर पर खेलना विश्व कप में सफलता हासिल के लिये अहम होगा। उन्होंने कहा, हम विश्व कप में खेलने के लिये काफी उत्साहित हैं। हम बस एक इकाई के तौर पर खेलना चाहते हैं।

# केंद्र और राज्य टीम इंडिया की भावना से रणनीति बनाएंगे तो खेल आगे बढ़ेगा : अनुराग ठाकुर

**केवड़िया, एजेंसी**



केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि खेल और खिलाड़ी तभी प्रगति करेंगे, जब राज्य और केंद्र रणनीति और बुनियादी ढांचे का निर्माण करें और 'टीम इंडिया' की भावना के साथ कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं आयोजित करें।

वह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खेल मंत्रियों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन के लिए गुजरात के केवड़िया में थे। ठाकुर ने यहां मीडिया से कहा, अगर राज्य और केंद्र टीम इंडिया की भावना के साथ नीतियां, बुनियादी ढांचा, आयोजन, प्रतियोगिताएं, खेलकूद और खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका देंगे तभी खेल और खिलाड़ी दोनों प्रगति करेंगे। इसलिए क्षेत्रीय के बजाय राष्ट्रव्यापी सोच को अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, खेल संगठनों में जवाबदेही और पारदर्शिता लाने पर काम किया जाएगा। साथ ही, हम इस बात पर भी काम करेंगे कि भविष्य में अदालती मामलों को कैसे कम किया जा सकता है और खेलों के लिए अधिक समय और पैसा लगाया जा सकता है।

सम्मेलन में चर्चा किए जाने वाले मुद्दों के बारे में, ठाकुर ने कहा कि भविष्य में संभावित खेलो इंडिया कार्यक्रमों जैसे खेलो इंडिया यूथ गेम्स और खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स पर चर्चा की जाएगी।

उन्होंने कहा, खिलाड़ियों को भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। प्रतिभाओं की खोज होगी और खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का भी मौका मिलेगा।

# भारत के खिलाफ सफेद गेंद की सीरीज नहीं खेलेंगे राशिद

**लंदन, एजेंसी**



आदिल राशिद भारत के खिलाफ इंग्लैंड की सफेद गेंद की श्रृंखला और यॉर्कशायर की तरफ से टी 20 ब्लास्ट के कुछ मैच नहीं खेलेंगे। उस दौरान वह हज यात्रा पर जाएंगे। राशिद मुस्लिम समुदाय से हैं और उन्होंने इस साल की शुरूआत में फैसला किया था कि वह तीर्थ यात्रा पर जाएंगे। इसके लिए उन्होंने छुट्टी मांगी थी, जिसे ईसीबी और यॉर्कशायर ने मान लिया है। वह शनिवार को मध्य पूर्व के लिए उड़ान भरेंगे। उम्मीद है कि राशिद अपने तीर्थ यात्रा से जुलाई के मध्य तक लौट आएंगे। सभी वयस्क मुसलमानों से अपने जीवनकाल में कम से कम एक बार तीर्थ यात्रा करने की अपेक्षा की जाती है। अगर वे शारीरिक रूप से सक्षम हैं और उनके पास वित्तीय साधन हैं तो वह इस तीर्थ यात्रा पर कम से कम एक बार जा सकते हैं। राशिद ने कहा, मैं पिछले कुछ समय से तीर्थ यात्रा पर जाना चाह रहा था लेकिन व्यस्त रहने के कारण इसके लिए समय निकालना मुश्किल हो रहा था। नीदरलैंड के खिलाफ 3-0 वनडे श्रृंखला में मिली जीत के बाद राशिद ने कहा, मैंने इसके बारे में ईसीबी और यॉर्कशायर से बात की और उन्होंने मेरे आग्रह को स्वीकार कर लिया। उन्होंने कहा कि आप जो भी करना चाहते हैं करें और जब यह पूरा हो जाए तो वापस आ जाएं। श्यह एक बड़ा क्षण हैः प्रत्येक धर्म के अपने अलग-अलग नियम होते हैं लेकिन इस्लाम के लिए और एक मुसलमान होने के नाते, यह सबसे बड़ी चीजों में से एक है। यह मेरे विश्वास और मेरे लिए एक बड़ी बात है।

# राहुल के बाहर होने से भारत के लिए बल्लेबाजी क्रम में होगी बड़ी चुनौतीः मांजरेकर

**मुंबई, एजेंसी**

मेहमान टीम के कुछ सदस्यों के कोविड पॉजिटिव होने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट को इस साल जुलाई के लिए पुनर्निर्धारित किया गया था, जिसमें भारत 2021 में इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में 2-1 की बढ़त बनाई थी, जिसमें सलामी बल्लेबाज केएल राहुल और रोहित शर्मा ने ओपनिंग की थी। शर्मा चार मैचों में 368 रन बनाकर भारत के शीर्ष रन बनाने वाले खिलाड़ी थे, जिसमें लॉर्डस और हेडिंग्ले में अर्धशतक के अलावा द ओवल में चौथे टेस्ट की दूसरी पारी में 127 रन भी शामिल थे। दूसरी ओर, राहुल ने लॉर्डस में पहली पारी में शानदार 129 रन बनाकर 315 रन बनाए थे। लेकिन इस बार रोहित अपने कंधों पर कप्तानी की जिम्मेदारी लेकर इंग्लैंड पहुंचे हैं। वहीं, राहुल चोट के कारण एजबेस्टन टेस्ट के लिए अनुपलब्ध हैं, जिसका मतलब है कि युवा शुभमन गिल 1 से 5 जुलाई से बल्लेबाजी की शुरूआत करने के लिए तैयार हैं। भारत 2007 के बाद पहली बार इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीत की मांग कर रहा है। भारत के पूर्व क्रिकेटर से कमेंटेटर बने संजय मांजरेकर का मानना है कि एजबेस्टन में मेहमानों के लिए बल्लेबाजी एक बड़ी चुनौती होगी और लेकिन राहुल के ना होने से भारत के लिए बड़ा झटका है। उन्होंने कहा, यह केएल राहुल और रोहित शर्मा के शीर्ष पर शानदार प्रयास था, जिसने भारत को 2-1 से बढ़त लेने के लिए अहम भूमिका निभाई थी। इस बार केएल राहुल के ना होने से यह भारत के लिए एक बड़ा झटका है। लेकिन श्रेयस अय्यर के चयन में उम्मीद है। वहीं हनुमा विहारी और चेतेश्वर पुजारा भी वापसी कर सकते हैं। सोनी स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित एक आभासी बातचीत में मांजरेकर ने कहा, भारत राहुल की कमी को पूरा कर सकता है।

# दो साल बाद टीएनपीएल से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में होगी मुरली विजय की वापसी

**चेन्नई, एजेंसी**



भारतीय टेस्ट क्रिकेटर मुरली विजय ने आखिरी बार किसी तरह का कोई प्रतिस्पर्धी मैच 2020 में खेला था, जब वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स की टीम से खेल रहे थे और मैच चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ था। उसके बाद से उन्होंने कोई भी आईपीएल, तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) या घरेलू स्तर का कोई मैच नहीं खेला है।

अब विजय टीएनपीएल से वापसी करते नजर आ सकते हैं, टीएनपीएल 2022 की शुरूआत से पहले दाएं हाथ के इस सलामी बल्लेबाज ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से क्रिकेट से ब्रेक लिया था और अब वह जो भी क्रिकेट खेलेंगे उसका पूरा आनंद लेना चाहते हैं। इस सप्ताह की शुरूआत में चेन्नई में टीएनपीएल के एक कार्यक्रम में विजय ने कहा, मैं यथासंभव लंबे समय तक खेलना चाहता हूं। बस मैंने एक व्यक्तिगत कारण से ब्रेक लिया था। मेरा एक युवा परिवार है और मैं उनकी देखभाल करना चाहता था। मैं अब अपने क्रिकेट का आनंद ले रहा हूं और मैं फि ट महसूस कर रहा हूं। उम्मीद है कि मैं अपनी टीम और टीएनपीएल के लिए अपना काम कर सकता हूं। क्रिकेट से से दूर रहना मेरे लिए आसान फैसला नहीं था। मैं क्रिकेट खेलना चाहता था लेकिन मेरा शरीर उसके लिए फि ट नहीं था। मुझे कई चोट भी लगी थी। मेरा निजी जीवन भी तीव्र गति से आगे बढ़ रहा था। मैं चीजों को थोड़ा सा ठीक कर लेना चाहता था। इसी कारण से मैंने ब्रेक लिया था। टीएनसीए का शुक्रिया कि उन्होंने मुझे यह मौका दिया। विजय इस टीएनपीएल में राहिल शाह के नेतृत्व में रूबी त्रिची वारियर्स के लिए खेलेंगे। पिछले सीजन में युवाओं के एक समूह ने टीम को फाइनल तक पहुंचाया था, जहां वे चेपॉक सुपर गिल्लीज से हार गए थे। विजय ने कहा, बस मैदान पर जाओ और प्रदर्शन करो। मैं इसी मानसिकता के साथ खेलूंगा। मैं इस अवसर का पूरा उपयोग करना चाहता हूं। मैं युवाओं की

**जानकारी**

- मैं यथासंभव लंबे समय तक खेलना चाहता हूं, बस मैंने एक व्यक्तिगत कारण से ब्रेक लिया था

मदद भी कर सकता हूं और उनके साथ रह सकता हूं ताकि वह आगे जाकर बढ़िया प्रदर्शन कर सकें। टीएनपीएल का दूसरा हाफ खेल सकते हैं अश्विन और कार्तिकः रविचंद्रन अश्विन वर्तमान में भारतीय टेस्ट टीम के साथ इंग्लैंड में हैं। वहां से वापस आने के बाद वह लीग का हिस्सा बन सकते हैं।

दिनेश कार्तिक लीग की शुरूआत के लिए उपलब्ध नहीं होंगे, लेकिन संभावित रूप से यूके में भारतीय टीम की प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के बाद टूनार्मेंट के दूसरे भाग में शामिल हो सकते हैं। शाहरुख खान और आर साई किशोर, जो हाल ही में रिजर्व सदस्य के रूप में भारत की सफेद गेंद वाली टीम का हिस्सा थे, वह लीग के शुरूआती मैच खेलने के लिए उपलब्ध हैं।

# पीसीबी ने टेस्ट और सीमित ओवरों के लिये अलग-अलग अनुबंध की घोषणा की

**कराची, एजेंसी**



पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को अपने खिलाड़ियों के लिये टेस्ट और सीमित ओवरों के अलग-अलग केंद्रीय अनुबंधों की घोषणा की जिसमें धनराशि बढ़ाई गयी है, लेकिन वह अपने शीर्ष खिलाड़ियों को विदेशी लीग में खेलने से रोकने की कोशिश करेगा जिसके लिये वह अतिरिक्त भुगतान करने को भी तैयार है। पीसीबी ने कहा कि बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 15 अरब रुपये के वार्षिक बजट को मंजूरी दी गई है, जिसमें 78 प्रतिशत क्रिकेट गतिविधियों के लिये आवंटित किया गया है।

पीसीबी ने बयान में कहा, अपने शीर्ष क्रिकेटरों को प्रोत्साहित करने और अन्य देशों के खिलाड़ियों की तुलना में वेतन में अंतर को कम करने की अपनी रणनीति के तहत बोर्ड ऑफ गवर्नर्स ने पुरुषों के केंद्रीय अनुबंध ढांचे में बदलाव को मंजूरी दी है। नई नीति के तहत एक जुलाई से लाल गेंद (टेस्ट) और सफेद गेंद (वनडे और टी20) के अलग अलग अनुबंध दिये जाएंगे जिसमें अनुबंध राशि में बढ़ोतरी होगी। यही नहीं केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की संख्या 20 से बढ़ाकर 33 कर दी गई है।

इसके अलावा पीसीबी ने सभी प्रारूपों में मैच फीस में 10 प्रतिशत और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों की मैच फीस में 50 से 70 प्रतिशत तक की वृद्धि की घोषणा की। कप्तान की अतिरिक्त जिम्मेदारियों को देखते हुए कप्तानी भत्ता भी शुरू किया गया है। पीसीबी अध्यक्ष रमीज राजा ने लाहौर में संवाददाता सम्मेलन में यह भी घोषणा की कि बोर्ड ने उन मौजूदा खिलाड़ियों के लिये विशेष कोष भी स्थापित किया है, जिन्हें विदेशी लीग में खेलने के प्रस्ताव मिलते हैं। राजा ने कहा, हम अपने शीर्ष खिलाड़ियों को सत्र से इतर अतिरिक्त प्रतियोगिताओं में खेलने को लेकर हतोत्साहित करना चाहते हैं। हमें लगता है कि खिलाड़ियों के लिये यही बेहतर होगा कि वे इन लीग में नहीं खेलें। हम जरूरत पड़ने पर उन्हें अनुबंध की राशि का 50 से 60 प्रतिशत भुगतान करने के लिये तैयार हैं।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज से सैफुद्दीन और यासिर अली बाहर

**ढाका, एजेंसी**

गेंदबाजी ऑलराउंडर मोहम्मद सैफुद्दीन, बांग्लादेश के वेस्टइंडीज दौरे से बाहर हो गए हैं। पीठ की चोट से उबरने के बाद सैफुद्दीन को गेंदबाजी करने के लिए पर्याप्त रूप से फि ट नहीं माना गया।

वहीं यासिर अली भी अपना रिहैब शुरू नहीं कर पाए हैं, जिसके कारण वह इस सीरीज से बाहर हैं। चयनकर्ता तमीम इकबाल, नजमुल हुसैन, मेहदी हसन मिराज और इबादत हुसैन में से किन्हीं दो खिलाड़ियों को टी20 टीम का हिस्सा बनने के लिए बोल सकते हैं। फि लहाल ये खिलाड़ी वनडे टीम में पहले से ही चयनित हैं। इस दौरे में बांग्लादेश के लिए चोटिल खिलाड़ियों की संख्या तीन तक पहुंच गई है, क्योंकि तेज गेंदबाज शोहिदुल इस्लाम पहले ही टेस्ट और टी20 से बाहर हैं। उन्हें प्रशिक्षण के दौरान एक साइड स्ट्रेन का सामना करना पड़ा था। सैफुद्दीन ने पिछले कुछ हफ़्तों के दौरान ढाका में सफेद गेंद के विशेषज्ञों के साथ प्रशिक्षण लिया। हालांकि उनकी गेंदबाजी फि टनेस को अपर्याप्त माना गया था। इस बीच यासिर को भी पीठ की चोट के कारण स्वदेश लौटना पड़ा। बीसीबी के मुख्य खेल चिकित्सक देबाशीष चौधरी ने कहा, ह्लसैफुद्दीन प्रशिक्षण ले रहे हैं लेकिन हमें लगता है कि फि लहाल वह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट की तीव्रता से निपटने के लिए आवश्यक गेंदबाजी फि टनेस स्तर तक नहीं पहुंचे हैं। वह वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली जाने वाली सीरीज में टीम का हिस्सा नहीं रहेंगे।

# घरेलू दर्शकों के बीच एक और जीत दर्ज कराना चाहेगी श्रीलंकाई टीम

**कोलंबो, एजेंसी**



श्रीलंकाई क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया को पांचवें और आखिरी एकदिवसीय में हराकर घरेलू प्रशंसकों के सामने एक और जीत दर्ज करना चाहेगी। वहीं, दूसरी तरफ खिलाड़ियों के लगातार चोटिल होना ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए एक बड़ी चिंता बनती जा रही है।

चौथे एकदिवसीय मैच में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज श्रीलंकाई स्पिनरों का सामना नहीं कर सके, जिससे स्पिन के खिलाफ उनकी कमजोरी एक बार फिर सामने आ गई। हालांकि शायद श्रृंखला की बड़ी कहानी श्रीलंका की युवा फसल का निरंतर उभरना है जो अपने देश के क्रिकेट को फिर से सुर्खियों में और अपने देशवासियों के चेहरों पर अपने खेल से मुस्कान लाना चाहते हैं। श्रीलंका बल्लेबाज 24 वर्षीय चरित असलांका न केवल अपनी बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि एकदिवसीय रैंकिंग में भी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। वहीं, बाएं हाथ के 24 वर्षीय बल्लेबाज पथुम निसानका भी शानदार फॉर्म में हैं और उनका औसत 50 से अधिक है। दोनों श्रृंखला में शतक लगा चुके हैं। गेंदबाजी की बात करें तो अंडर-19 विश्व कप के स्टार गेंदबाज डुनिथ वेलालेज ने वानिंदु हसरंगा के साथ मिलकर गेंद के साथ बल्ले से भी बेहतर योगदान दिया है। दोनों ने मिलकर श्रृंखला में 11 विकेट लिए हैं। इन दोनों के अलावा जेफरी वेंडरसे, धनंजया डी सिल्वा और चमिका करुणारत्ने ने भी गेंद से बेहतरीन योगदान दिया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम को महेश थीक्षाना ने भी चुनौती दी है, जिन्होंने अपनी परेशानी भरी मिस्ट्री स्पिन के साथ 4.77 की आर्थिक दर से दो विकेट लिए हैं। दूसरी तरफ ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहले एकदिनी को जीतकर श्रृंखला में अच्छी शुरूआत की थी, लेकिन अगले तीन मैच में लगातार तीन जीत हासिल करके मेजबानों ने सीरीज पर कब्जा कर लिया। यही नहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम खिलाड़ियों के चोटिल होने से भी परेशान है। ऑस्ट्रेलिया के तीन प्रमुख खिलाड़ी ट्रेविस हेड, स्टीव स्मिथ और मिचेल स्टार्क चोटिल हो गए हैं । ये तीनों खिलाड़ी पांचवें एकदिनी में नहीं खेलेंगे। दोनों टीमों के बीच पांचवां और अंतिम एकदिनी मैच आज कुछ देर बाद खेला जाएगा। दोनों टीमें इस प्रकार हैं- श्रीलंका- दासुन शनाका (कप्तान), निरोशन डिकवेला, कुसल मेंडिस, चरिथ असलंका, पैथुम निसांका, धनंजय डी सिल्वा, वानिन्दु हसरंगा, जेफ्री वेंडरसे, चमिका करुणारत्ने, महीश तीक्षणा, दुनिथ वेल्लालागे। ऑस्ट्रेलिया- आरोन फिंच (कप्तान), एलेक्स कैरी, डेविड वॉर्नर, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, स्टीव स्मिथ, मार्नस लैबुशेन, कैमरन ग्रीन, झाई रिचर्डसन, मैथ्यू कुहनेमन, पैट कमिंस।

# रूट की तरह बैट बैलेंसिंग नहीं कर सकते कोहलीः माइकल वॉन

**लंदन, एजेंसी**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन को लगता है कि भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली, बैट बैलेंसिंग के मामले में जो रूट की बराबरी नहीं कर सकते हैं। लीसेस्टर के ग्रेस रोड मैदान में लीसेस्टरशायर के खिलाफ अभ्यास मैच में बल्लेबाजी करते हुए कोहली का बिना सहारे के अपने बल्ले को सीधा खड़ा करने की कोशिश करने का एक वीडियो वायरल हो गया है। कुछ दिनों पहले, इंग्लैंड के बल्लेबाज और पूर्व कप्तान रूट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था, जिसमें जादूगर की तरह लॉर्डस में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरूआती टेस्ट के दौरान उन्होंने अपने बल्ले को बिना किसी सहारे के खड़ा कर दिया था। इंग्लैंड के पूर्व फुटबॉलर और वर्तमान स्पोर्ट्स ब्रॉडकास्टर गैरी लाइनकर और जाने-माने पत्रकार-लेखक पियर्स मॉर्गन यह सोचकर हैरान रह गए कि एक बल्ला बिना किसी सहायता के कैसे सीधा खड़ा हो सकता है, पूर्व खिलाड़ी में संकेत दिया गया था कि रूट क्रीज पर रहते हुए जादू कर सकते हैं। उस मैच में रूट ने नाबाद शतक बनाया, जब इंग्लैंड ने विश्व टेस्ट चैंपियन न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली थी।

मैच के दौरान एक टीवी फुटेज में दिखाया गया कि रूट का बल्ला कई सेकेंड तक अपने आप सीधा खड़ा रहा। जल्द ही यह क्लिप वायरल हो गई, जिससे क्रिकेट प्रशंसक हैरान रह गए।

## संक्षिप्त खबरें

### क्रोएशिया में मंकीपॉक्स का पहला मामला

बेलग्रेड। यूरोपीय देश क्रोएशिया ने मंकीपॉक्स के पहले मामले की पुष्टि की है। क्रोएशिया की नेशनल टेलीविजन की रिपोर्ट के मुताबिक स्पेन और इटली का दौरा कर यहां लौटे एक व्यक्ति में मंकीपास्क की पुष्टि हुई है, हालांकि यह बीमारी का मामूली रूप है और वह अभी घर पर ही आइसोलेशन में है। मंकीपॉक्स एक दुर्लभ वायरल बीमारी है जो आमतौर पर जंगली जानवरों से लोगों में फैलती है। इस बीमारी में आमतौर पर बुखार, दाने और सूजन हो जाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 13 मई से 23 जून तक 48 देशों में मंकीपास्क के 3,200 से अधिक मामलों की पुष्टि हुई।

### दक्षिण कोरिया में कोरोना संक्रमण के 7227 नए मामलों की पुष्टि

सोल। दक्षिण कोरिया में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण के 7227 नए मामले आने से संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 1,83,12,993 हो गयी है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि कोरोना के नए मामलों में से 111 मामले विदेशों से लौटे हुए संक्रमित यात्री हैं। संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 34325 हो गयी है। गंभीर रूप से संक्रमित लोगों की संख्या पिछले दिन की तुलना में छह घटकर 52 रह गयी है। इसी अवधि में इस महामारी के संक्रमण से 10 और मरीजों की जान जाने से मृतकों का कुल आंकड़ा बढ़कर 24498 पहुंच गया है। देश में कोरोना मृत्यु दर 0.13 फीसदी है।

### रूस में विमान दुर्घटनाग्रस्त, चार लोगों की मौत

यारोस्लाव। रूस में रियाजान शहर के समीप एक सैन्य विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से चारर लोगों की मौत हो गयी जबकि पांच अन्य घायल हुए हैं। क्षेत्रीय अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। क्षेत्रीय अधिकारियों ने शूक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार रियाजान के मिखाइलोवस्कॉय रोडवे के पास विमान दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गयी है और पांच लोग घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहा उनकी हालत स्थिर बतायी गयी है।

### यूक्रेन, रूस से अनाज के एक साथ निर्यात के पक्ष में गुटेरेस

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने यूक्रेन और रूस से एक साथ अनाज का निर्यात किये जाने की वकालत की है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा है कि श्री गुटेरेस ने यूक्रेन और रूस से एक साथ अनाज के निर्यात के सौदे को लेकर बात की है। इससे पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सुझाव दिया था कि अनाज निर्यात का सबसे आसान और कम खचीर्ला मार्ग बेलारूस के माध्यम से है, हालांकि संयुक्त राष्ट्र ने हाल के दिनों में बेलारूस मार्ग के बारे में कोई बात नहीं की है। वहीं रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा है कि श्री गुटेरेस के दृष्टिकोण से खाद्य संकट गहराता जा रहा है और विशेष रूप से विकासशील देशों के लिए समस्याएं पैदा कर रहा है। उन्होंने बताया कि वह (श्री गुटेरेस) शुरू में अनाज के निर्यात को पहले यूक्रेन और फिर रूस से बाहर करना चाहते थे।

### अमेरिका में पांच महिलाओं के मंकीपास्क पुष्टि

वाशिंगटन। अमेरिका में पांच महिलाओं के मंकीपास्क से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। अमेरिका के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) ने मंकीपॉक्स की स्थिति पर सलाहकार समिति की बैठक में यह जानकारी दी। सीडीसी के आंकड़ों के मुताबिक 155 लोगों की जांच एवं परीक्षण में पांच महिलाओं में इस बीमारी की पुष्टि हुई। बैठक में बताया गया कि कैलिफोर्निया और न्यूयॉर्क प्रांतों में अब तक मंकीपास्क के संक्रमण की रिपोर्ट सबसे अधिक है।

# स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन में इजराइल का अनुभव भारत के लिए मददगार हो सकता है : विशेषज्ञ

**यरुशलम, एजेंसी**



अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली के एक प्रमुख विशेषज्ञ ने कहा है कि भारत डिजिटल स्वास्थ्य सेवा क्रांति के शिखर पर है, विशेष रूप से संकट के समय में अपनी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन में नयी सोच और प्रौद्योगिकी के साथ इजराइल का अनुभव आज की चुनौतियों का सामना कर रही स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों के कुशल और सफल प्रबंधन में बहुत मददगार साबित हो सकता है।

इजराइल के हाइफा में माशाव कार्मल प्रशिक्षण केंद्र द्वारा संकट के समय में स्वास्थ्य सेवाओं का प्रबंधन विषय पर आयोजित कार्यक्रम के तहत दो सप्ताह के अंतरराष्ट्रीय पाठ्यक्रम में हिस्सा लेने आए एम्स दिल्ली में स्वास्थ्य प्रबंधन के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. ए. राजन सिंह ने बताया, यह देश इतने संकट के दौर से गुजरा है और इसने आपातकालीन सेवाओं पर न केवल ध्यान केंद्रित किया, बल्कि बहुत अच्छी तरह से इसे व्यवस्थित भी किया है।

डॉ सिंह ने कहा, वे इन चुनौतियों का इस प्रकार से मुकाबला करते हैं कि ऐसा लगता है कि यह सब उनके लिए स्वाभाविक है और सभी संभावित आपदाओं के लिए उनकी तैयारी से दूसरों का लाभ होता है। एम्स विशेषज्ञ और दिल्ली नगर निगम के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश नाथ प्रसाद भी माशाव द्वारा आयोजित पाठ्यक्रम में भाग लेने वाले 12 देशों के डॉक्टरों के समूह में शामिल थे। एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट कोऑपरेशन- माशाव इजराइल के विदेश मंत्रालय का हिस्सा है। डॉ सिंह ने कहा, इजराइल ने डिजिटलीकरण को अपनाकर अपनी आबादी के स्वास्थ्य रिकॉर्ड को इलेक्ट्रॉनिक तरीके से सहजता से प्रबंधित किया है। हम भारत में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता- आभा के माध्यम से एक डिजिटल स्वास्थ्य क्रांति के शिखर पर हैं, जो आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत सरकार द्वारा शुरू की गई एक पहल है। उन्होंने स्वास्थ्य प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं को कैसे एकीकृत किया, इस बारे में हम निश्चित रूप से कई चीजें सीख सकते हैं और अपना सकते हैं। उन्होंने जोर दिया, इजराइल की पीएचसी (प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल) प्रणाली में मां और बच्चे की जरूरतों पर बेहद सावधानी से ध्यान दिया गया है, इसमें बेहतर तरह से संगठित एम्बुलेंस सेवाओं के साथ आपातकालीन देखभाल, आपदा प्रबंधन प्रणाली, स्वास्थ्य देखभाल के विभिन्न पहलुओं का डिजिटलीकरण, स्वास्थ्य देखभाल निधि का उपयोग एक तरह से नवाचार को भी बढ़ावा देता है और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन के सभी संबंधित पहलुओं का सहज एकीकरण करता है। भारत में हम अपनी प्रणाली विकसित करने पर काम कर रहे हैं ऐसे में इजराइल की प्रणाली से हम काफी महत्वपूर्ण सीख ले सकते हैं। दोनों देशों के बीच जनसंख्या के बेमेल घनत्व के बारे में पूछे जाने पर, एम्स विशेषज्ञ ने कहा कि आबादी के मामले में तुलना कर सकते हैं, खासकर संकट के समय में और इजराइल की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली अपने विशिष्ट अनुभव को देखते हुए बेहतर तरीके से तैयार है।

द गोल्डा मीर माशाव कार्मल इंटरनेशनल प्रशिक्षण केंद्र की कार्यक्रम निदेशक अन्ना एंड्राचनिक ने कहा, पाठ्यक्रम में दो भारतीय प्रतिभागियों के शामिल होने से हमें बहुत गर्व हुआ। सामान्य तौर पर माशाव और विशेष रूप से एमसीटीसी के भारत के साथ मजबूत संबंध हैं और हम हमेशा इस खूबसूरत देश के साथ अनुभव साझा करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, दोनों भारतीय विशेषज्ञों ने अंतरराष्ट्रीय समूह के साथ अपने अनुभव साझा किए और अपने ज्ञान से हमारे कार्यक्रम को समृद्ध किया। इजराइल को स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में चुनौतियों से निपटने में अपनी सफलता के लिए दुनिया भर में मान्यता प्राप्त है जो नीतियों और वित्त पोषण सहित नवीन सोच, प्रौद्योगिकी और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता के संयोजन के साथ-साथ अत्यधिक पेशेवर और अच्छी तरह से प्रशिक्षित मानव संसाधनों पर निर्भर है।

संबंधित देशों के साथ-साथ इजराइल में अध्ययन कार्यक्रम के लिए जारी एक विवरणिका में कहा गया है, पाठ्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को इजराइल के स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के मॉडल से अवगत कराना, जागरूकता फैलाना और अस्पतालों सहित स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों में प्रमुख प्रबंधन कार्यों के लिए उपकरण और कौशल प्रदान करना, प्रतिभागियों में कार्यक्रमों और कार्यप्रणाली पर अनुभवों और विचारों का आदान-प्रदान करना था। 13 से 24 जून तक आयोजित व्यापक अध्ययन कार्यक्रम में इजराइल में स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली, स्वास्थ्य देखभाल रणनीतिक प्रबंधन - नीति और राजनीति, वित्तीय प्रबंधन और स्वास्थ्य देखभाल, सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के राजनीतिक और आर्थिक पहलुओं, वैश्विक स्वास्थ्य में शासन चुनौतियों, स्वास्थ्य संकट के समय में देखभाल और डिजिटल स्वास्थ्य प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को शामिल किया गया।

# बॉम्बे में कार्यरत दीपशिखा एवं अंकित की शादी समारोह का आयोजन



**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

बॉम्बे में कार्यरत दीपशिखा एवं अंकित की शादी समारोह का आयोजन झारखंड के रांची रोड स्थित फार्म हाउस स्टाइल के जिम खाना क्लब में भव्य समारोह में आयोजित किया गया। 23 जून को शादी समारोह में बड़ी संख्या में राजनीतिक गलियारे से, झारखंड पुलिस, सामाजिक, व्यपारिक हस्तियाँ ने हिस्सा लिया। सैल्यूट तिरंगा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश झा, झारखंड की पूरी टीम के साथ उपस्थित हुए। कॉंग्रेस के नेता एके झा, महेश सिंह, राजू झा, ने भी शादी का आनंद लिया।

जबकि दीपशिखा के पिता परख झा जो रूंगटा कंपनी में वरिष्ठ अधिकारी है ने शादी का बेहतरीन आयोजन कर सभी को मान सम्मान से स्वागत किया एवं नए दंपति को सभी से मिलवा कर आशीर्वाद प्राप्त किए। देश भर से आए अतिथि में मुख्य रूप से डॉक्टर दिलीप, पूर्व बैंक प्रबंधक हरीश, महिंद्रा कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट संजय, बजाज के श्री धीरज एवं पत्नी नीतू, बॉम्बे से श्री नीरज एवं श्वेता, धनबाद से सुजीत एवं ममता, देवधर से श्री दिलीप, श्री संजय शामिल हुए।

समारोह में संगीत एवं मनोरंजन के साथ व्यंजन की उच्च कोटि स्वादिष्ट भोजन का सभी ने खूब आनंद लिया। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य हस्तियाँ ऐसे है , पायल झा , चन्दा, संगीता, रानू, कल्पना, ऋषि , कीर्ति, जयंत एवं स्मृति, ख्याति एवं अभिषेक, मोना एवं चुन , जतिन ,अमृत एवं अमित ,पूनम एवं नीतू। गौरव, अभिषेक, प्रेरणा, बिट्टू। सम्यक, अदिति, गरिमा, अन्या। सोनी झा धनबाद, राहुल दिल्ली, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित हुए। शादी समारोह में उपस्थित सभी को लड़की के पिता परख एवं माता रीना झा ने सभी का आभार प्रकट किया एवं धन्यवाद दिया।

# देश में कोरोना संक्रमण के 17336 नये मामले दर्ज

**नई दिल्ली, एजेंसी**



देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 17,336 नये मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 43362294 हो गई है। जबकि अभी तक इस महामारी से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 5,24,954 हो गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि सुबह सात बजे तक 196.77 करोड़ कोविड टीके दिये जा चुके हैं। पिछले 24 घंटे में 13,71,107 टीके लगाए गए हैं। देश में कोरोना सक्रिय रोगियों की संख्या 88,284 है और सक्रिय मामलों की दर 0.20 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 3.94 प्रतिशत दर्ज की गयी।

मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटे में इस महामारी से 13 और लोगों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 5,24,954 पर पहुंच गया है। देश में कोरोना मृत्यु दर 1.21 प्रतिशत है। इसी अवधि में 13029 मरीज कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल 4,27,49,056 लोग कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 98.59 प्रतिशत है। देश में पिछले 24 घंटे में 4,01,659 कोविड परीक्षण किये गये हैं। इसके साथ ही अभी तक कुल 85.98 करोड़ कोविड परीक्षण किए गए हैं। महाराष्ट्र में सक्रिय मामलों की संख्या 228 बढकर 24,24,867 हो गई है और 4,989 और लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वाले लोगों का आंकड़ा 77,77,480 तक पहुंच गया है, जबकि मृतकों का आंकड़ा 147893 हो गया है।

केरल में पिछले 24 घंटे में सक्रिय मामले 711 बढ़ने से इनकी संख्या 2,5911 तक पहुंच गयी है। वहीं, 3172 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वाले लोगों की संख्या 65,16,772 हो गई है, जबकि मृतकों का आंकड़ा 69,924 हो गया है। दिल्ली में सक्रिय मामले 701 से बढ़कर 5,755 हो गए हैं। राज्य में इस जानलेवा वायरस को 1,233 और लोगों ने मात दी, जिसके बाद कोरोना से मुक्त होने वालों की कुल संख्या बढ़कर 18,95,397 हो गई है। अभी तक इस महामारी से 26,242 लोगों की मौत हो चुकी है।

कर्नाटक में सक्रिय मामले 175 बढ़कर 5067 हो गये हैं। इस दौरान 682 मरीजों के ठीक होने से इस महामारी से निजात पाने वालों की कुल संख्या 39,18,452 हो गई है। राज्य में इस महामारी से एक और मरीज की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढकर 40114 हो गया है।

### हसीना, मोदी से सितम्बर में दिल्ली में मुलाकात करेंगी

**ढाका।** बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना छह सितंबर को भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नयी दिल्ली में मुलाकात करेंगी। दिल्ली में दोनों शीर्ष नेताओं की बैठकों की तैयारियां हो चुकी हैं। राजनयिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री शेख हसीना चार या पांच सितंबर को दिल्ली के लिए रवाना होंगी और छह सितंबर को श्री मोदी के साथ बैठक करेंगी जिसकी तैयारियां हो चुकी हैं। उसी दिन दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक होने की उम्मीद है। गौरतलब है कि पिछले साल 25 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी ने बंगलादेश के आजादी के पचास वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राजधानी ढाका पहुंचे थे। तभी श्री मोदी ने प्रधानमंत्री हसीना को भारत आने के लिए आमंत्रित किया था। उल्लेखनीय हे कि पिछले वर्ष 16 दिसंबर को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने विजय दिवस समारोह में शामिल होने के लिए ढाका आए थे। एक साल के अंदर भारत के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने ढाका की यात्रा पर आए थे। प्रधानमंत्री हसीना भी इस वर्ष छह सितंबर को दिल्ली की यात्रा पर जाएंगी करेंगी।

# सामाजिक परिवर्तन की संवाहक होंगी द्रौपदी मुर्मू: शिवराज

**भोपाल, एजेंसी**

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद के लिये प्रत्याशी घोषित कर न केवल समाज के हर वर्ग के प्रति सम्मान को सिद्द किया है, बल्कि अपितु कांग्रेस शासन के अंधे युग के अंत की भी घोषणा की, जिसमें सम्मान और पद अपने लोगों को पहचान से बांटे जाते थे।

श्री चौहान ने अपने ब्लॉग में लिखा कि भारतीय लोकतंत्र में पहली बार होगा जब कोई आदिवासी महिला सर्वोच्च पद को सुशोभित करेगी। भाजपा की सोच समरस समाज की स्था पना रही है। भाजपा को अपने शासन काल में तीन अवसर प्राप्त हुए और तीनों अवसरों पर उसने समाज के तीन अलग-अलग समुदायों से राष्ट्रपति का चयन किया। सर्वप्रथम अल्पसंख्यक वर्ग से महान वैज्ञानिक कर्मयोगी डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम, फिर दलित समुदाय के श्री रामनाथ कोविंद और अब जनजातीय समुदाय से श्रीमती मुर्मू। उन्होंने कहा कि अभी सम्पकन्नर राज्यतसभा चुनाव में मध्याप्रदेश से दो महिलाओं को निर्विरोध निर्वाचित किया है, जिसमें वाल्मी कि समाज की सुमित्रा वाल्मीदकि भी हैं। श्री चौहान ने स्मरण किया कि श्रीमती मुर्मू को उड़ीसा विधानसभा में सर्वश्रेष्ठ विधायक के सम्मान से सम्मानित किया, इस सम्मान का नाम था, नीलकंठ सम्मान। श्रीमती मुर्मू समाज में सेवा का अमृत बांटती रही हैं। उन्होंने अपने जीवन में कठोरतम परीक्षायें दी हैं। उन्हों ने विपरीत आर्थिक परिस्थितियों में संघर्ष का मार्ग चुना और अपनी एक मात्र पुत्री के पालन पोषण के लिये शिक्षक और लिपिक जैसी नौकरियां कीं। कड़ी मेहनत से पुत्री को योग्य बनाया। रायरंगपुर नगर पंचायत में पार्षद का चुनाव जीत कर सक्रिय राजनीति की शुरूआत की। उड़ीसा में बीजू जनता दल एवं भाजपा की सरकार में मंत्री रहीं और 2015 में झारखण्ड की पहली महिला राज्यपाल बनीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे आदिवासी हितों की रक्षा के लिये इतनी प्रतिबद्ध रहीं कि तत्कालीन रघुवरदास सरकार के आदिवासियों की भूमि से संबंधित अध्यादेश पर इसलिये हस्ताक्षर नहीं किये क्यों कि उन्हेंआ संदेह था कि इससे आदिवासियों का अहित हो सकता है। किसी प्रकार के दबाव के आगे नहीं झुकीं। यही कारण है कि उड़ीसा में लोग उन्हेंं आत्मोबल, संघर्ष, न्यांय तथा मूल्यों के प्रति समर्पित ऐसी सशक्ति महिला के रूप में देखते हैं जिनसे समाज के लोग प्रेरणा लेते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा प्राचीन भारत में महिलाओं, दलितों और आदिवासियों को जो गौरव और सम्मासन प्राप्त था उसे पुनर्स्थाकपित करना चाहती है। विदेशी आक्रान्ता ओं और स्व ातंत्रता के पश्चाऔत स्वामर्थी राजनीतिक दलों ने इन वर्गों को सेवक या वोट बैंक बना दिया था, भाजपा उन्हें पुनः सामाजिक सम्माशन और आत्मागौरव प्रदान करना चाहती है। पार्टी चाहती है कि भारत में फिर अपाला, घोषा, लोपामुद्रा, गार्गी, मैत्रेयी जैसी महिलाओं के ऋषित्वन की पूजा हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सत्ता में केवल शासन करने के लिये नहीं है। पार्टी का उद्देश्यय है कि भ्रमित हो चुकी सामाजिक सोच को सही दिशा दी जाये। उन्होंने कहा कि अब वह समय चला गया जब चापलूसी करने वालों को सम्मानों और पुरस्कारों से अलंकृत किया जाता था। भाजपा ने न केवल दलित, आदिवासी और महिलाओं को शीर्ष पद पर पहुंचा कर इन वर्गों का सम्मान किया है, अपितु राष्ट्र के सर्वोच्च पद्म सम्मानों को भी ऐसे लोगो के बीच पहुंचाया जो उनके सच्चे हकदार थे।

# चंद्रमा से लाई गई धूल व तिलचट्टे हमारे हैं: नासा

**बोस्टन, एजेंसी**



नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) ने चंद्रमा से लाई धूल और तिलचट्टों पर अपना दावा करते हुए कहा है कि किसी अन्य को इनकी नीलामी करने का कोई अधिकार नहीं है। अंतरिक्ष एजेंसी ने बोस्टन स्थित आरआर ऑक्शन से 1969 अपोलो 11 अभियान के दौरान एकत्र की गई चंद्रमा की उस धूल की बिक्री पर रोक लगाने को कहा है, जो यह पता करने के लिए कुछ तिलचट्टों को खिलाई गई थी कि क्या चंद्रमा की चट्टानों में स्थलीय जीवन के लिए खतरा बनने वाला किसी प्रकार का पैथोजन होता है या नहीं। नासा के एक वकील ने नीलामीकर्ता को लिखे एक पत्र में कहा है कि इस धूल और तिलचट्टों पर अब भी संघीय सरकार का अधिकार है। आरआर ने कहा कि चंद्रमा की करीब 40 मिलीग्राम धूल और तिलचट्टों के तीन कंकाल समेत प्रयोग में इस्तेमाल की गई सामग्री कम से कम चार लाख डॉलर में बिकने की संभावना थी, लेकिन उसे नीलाम की जाने वाली वस्तुओं की सूची से हटा दिया गया है। अपोलो 11 अभियान के दौरान चंद्रमा से 21.3 किलोग्राम से अधिक चंद्र चट्टान को पृथ्वी पर लाया गया था और इसे यह पता लगाने के लिए कीड़ों, मछलियों एवं कुछ अन्य जीवों को खिलाया गया था कि इससे उनकी मौत तो नहीं होती। जिन तिलचट्टों को चंद्रमा की धूल खिलाई गई थी, उन्हें मिनेसोटा विश्वविद्यालय लाया गया था, जहां कीट वैज्ञानिक मैरियन ब्रूक्स ने उनका अध्ययन करने के बाद कहा था, मुझे संक्रामक एजेंट मौजूद होने का कोई सबूत नहीं मिला।

### हम हार नहीं मानेंगे : संजय राउत

**मुंबई।** शिव सेना के वरिष्ठ नेता एवं राज्य सभा सदस्य संजय राउत ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के मुखिया शरद पवार के साथ शुक्रवार को बैठक के बाद कहा कि वह हार नहीं मानेंगे और जीतेंगे। श्री राउत ने संवाददाताओं को बताया कि श्री शरद पवार लगातार मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के संपर्क में हैं और महा विकास अघाड़ी सरकार मजबूत है और वह बागी विधायकों को चुनौती देते हैं कि आइये और सामना कीजिए। वह सदन से लेकर सड़क तक लड़ने को तैयार हैं और जीत उनकी ही होगी। दूसरी तरफ बागी विधायकों का नेतृत्व कर रहे एकनाथ शिंदे ने कहा कि उनके पास शिव सेना के 40 और 12 निर्दलीय विधायक हैं। उन्होंने कहा, हमारी स्थिति मजबूत है। हम लोगों का हस्ताक्षर फर्जी नहीं है। शिव सेना द्वारा 12 विधायकों को अयोग्य घोषित करने की मांग पर श्री शिंदे ने कहा कि उनकी यह मांग असंवैधानिक है, क्योंकि उनके पास संख्या कम है। उन्होंने कहा कि आज हमारी बैठक होगी और बैठक में आगे की रणनीति तय होगी।

# अमेरिकी सीनेट ने बंदूक हिंसा पर रोक लगाने संबंधी विधेयक को मंजूरी दी

**वाशिंगटन, एजेंसी**



अमेरिका में पिछले कुछ समय में हुई सामूहिक गोलीबारी की कई घटनाओं के मद्देनजर संसद ने बंदूक हिंसा पर रोक लगाने से उद्देश्य से पेश किए गए उस विधेयक को बृहस्पतिवार को आसानी से मंजूरी दी, जिसे पारित करना करीब एक महीने पहले अकल्पनीय प्रतीत हो रहा था। अब यह विधेयक प्रतिनिधि सभा में मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। देश में बंदूक हिंसा के खिलाफ उठाया गया सांसदों का पिछले कुछ दशकों में यह सबसे बड़ा कदम है। रिपब्लिकन पार्टी हथियारों की बिक्री पर रोक लगाने के डेमोक्रेटिक प्रयासों को वर्षों से बाधित कर रही थी, लेकिन न्यूयॉर्क और टेक्सास में हुई गोलीबारी की घटनाओं के मद्देनजर डेमोक्रेटिक पार्टी के अलावा कुछ रिपब्लकिन सांसदों ने इस बार फैसला किया कि इस संबंध में संसद की निष्क्रियता अब स्वीकार्य नहीं है। दो सप्ताह तक चली वार्ता के बाद दोनों दलों के सांसदों के एक समूह ने यह विधेयक पेश करने संबंधी समझौता किया, ताकि इस प्रकार का रक्तपात देश में दोबारा नहीं हो। 13 अरब डॉलर के इस विधेयक के तहत कम उम्र के बंदूक खरीदारों की पृष्ठभूमि की जांच कड़ी की जाएगी और राज्यों को खतरनाक समझे जाने वाले लोगों से हथियार वापस लेने का अधिकार दिया जाएगा। इसके अलावा विद्यालयों की सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य एवं हिंसा की रोकथाम के स्थानीय कार्यक्रमों को निधि मुहैया कराई जाएगी। सीनेट में बहुमत के नेता चक शूमर ने कहा, बंदूक हिंसा हमारे देश को जिन तरीकों से प्रभावित करती है, यह विधेयक उन सबका समाधान नहीं है, लेकिन यह सही दिशा में उठाया गया बहुप्रतीक्षित कदम है। बंदूक से सुरक्षा संबंधी यह विधेयक पारित करना वास्वत में अहम है और इससे लोगों की जान बचेगी। इस विधेयक को सीनेट में 33 के मुकाबले 65 मतों से पारित किया गया। विधेयक पारित करने के लिए 60 मतों की आवश्यकता थी। इसके समर्थन में डेमोक्रेटिक पार्टी के सभी 50 सदस्यों एवं निर्दलयीय समर्थकों के अलावा रिपब्लिकन पार्टी के 15 सदस्यों ने मतदान किया। प्रतिनिधि सभा में इस पर शुक्रवार को मतदान होने की संभावना है और वहां इस विधेयक का पारित होना तय माना जा रहा है।




राजनीति

**जाफरी ने एसआईटी द्वारा प्रधानमंत्री मोदी सहित 64 लोगों को मामले में दी गई क्लीन चिट को चुनौती दी थी।**

# गुजरात दंगे : प्रधानमंत्री मोदी को क्लीन चिट देने का फैसला उच्चतम न्यायालय ने बरकरार रखा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



उच्चतम न्यायालय ने 2002 के गुजरात दंगा मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी और 63 अन्य लोगों को विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा क्लीन चिट दिए जाने को चुनौती देने वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। यह याचिका गुजरात दंगों में मारे गए कांग्रेस सांसद एहसान जाफरी की पत्नी जकिया जाफरी ने दायर की थी। न्यायमूर्ति ए.एम. खानविलकर, न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति सी.टी. रविकुमार की एक पीठ ने मामले को दोबारा शुरू करने के सभी रास्ते बंद करते हुए कहा कि जांच के दौरान एकत्रित की गई समाग्री से मुसलमानों के खिलाफ सामूहिक हिंसा भड़काने के लिए सर्वोच्च स्तर पर आपराधिक षड्यंत्र रचने संबंधी कोई संदेह उत्पन्न नहीं होता है। पीठ ने कहा कि जकिया की याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। अदालत ने किसी गुप्त उद्देश्य के लिए मामले को जारी रखने की गलत मंशा का जिक्र करते हुए कहा कि जो प्रक्रिया का इस तरह से गलत इस्तेमाल करते हैं, उन्हें कटघरे में खड़ा करके उनके खिलाफ कानून के दायरे में कार्रवाई की जानी चाहिए।

जकिया जाफरी ने एसआईटी द्वारा प्रधानमंत्री मोदी सहित 64 लोगों को मामले में दी गई क्लीन चिट को चुनौती दी थी। शीर्ष अदालत ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में विशेष जांच दल (एसआईटी) के अथक प्रयासों के लिए उसकी सराहना की और कहा कि उसने बेहतरीन काम किया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि एसआईटी की जांच में कोई दोष नहीं पाया जा सकता और मामले को बंद करने से संबंधित उसकी आठ फरवरी 2012 की रिपोर्ट पूरी तरह से तथ्यों पर आधारित है। पीठ ने मामले को बंद करने संबंधी 2012 में सौंपी गई एसआईटी की रिपोर्ट को स्वीकार करने और उसके खिलाफ दाखिल जाकिया की याचिका को खारिज करने के विशेष मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट के आदेश को बरकरार रखा। जकिया ने उच्च न्यायालय के पांच अक्टूबर, 2017 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें अदालत ने एसआईटी की रिपोर्ट के खिलाफ उनकी याचिका को खारिज कर दिया था। पीठ ने 452 पृष्ठ के अपने आदेश में कहा, हम मामले की जांच के सिलसिले में कानून के उल्लंघन और अंतिम रिपोर्ट को लेकर मजिस्ट्रेट तथा उच्च न्यायालय के रुख के खिलाफ अपीलकर्ता के प्रतिवेदन से सहमत नहीं हैं।

### एकनाथ ने 41 विधायकों का समर्थन का किया दावा

**गुवाहाटी।** महाराष्ट्र में शिवसेना, कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के गठबंधन वाली महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार का राजनीतिक संकट उस समय और गहरा गया जब राज्य के मंत्री एकनाथ शिंदे ने 41 विधायकों के समर्थन का दावा करते हुए फोटो और वीडियो जारी किया। वीडियो और तस्वीरों में श्री शिंदे अपने समर्थक विधायकों के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। श्री शिंदे ने यह दावा 12 विधायकों को अयोग्य ठहराये जाने की मांग को लेकर विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखे जाने के बाद किया है। असम के गुवाहाटी में डेरा डाले हुए पार्टी के विधायकों के साथ श्री शिंदे ने ट्विटर पर लिखा, आप अयोग्यता के लिए 12 विधायकों के नाम देकर हमें डरा नहीं सकते, क्योंकि हम शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे के अनुयायी हैं।




मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555